हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, शनिवार 05 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 100, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe

Koylanchal sambad news

# कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

### खुलेंगे मनी लॉन्ड्रिंग के कई राज ?

रांची : प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के करीबियों के कई ठिकानों पर शुक्रवार से छापेमारी की। यह कार्रवाई कोल ट्रांसपोर्टिंग, इन्फ्रा और पावर सेक्टर से जुड़ी एक चर्चित कंपनी की मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में की जा रही है।

### आठ ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

सूचना के अनुसार, ईडी की टीमों ने रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में कुल आठ जगहों पर एक साथ दबिश दी है। अंबा प्रसाद के करीबी संजीत के रांची के किशोरगंज इलाके में स्थित आवास, उनके निजी सहायक संजीव साव, मनोज दांगी और पंचम कुमार के बड़कागांव स्थित ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। जिन स्थानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती की गई है।

इसके पहले 12-14 मार्च, 2024 को ईडी ने अंबा प्रसाद, उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, भाई अंकित राज सहित कई रिश्तेदारों और करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी कर कई दस्तावेज बरामद किए थे। इस छापेमारी में 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों के नकली टिकट, हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए थे। माना जा रहा है कि इस बार की छापेमारी उन्हीं दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर की जा रही है, जो पहले की जांच में सामने आए थे।

### रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियां जांच के दायरे में

ईडी की टीमें वित्तीय लेन-देन, जमीन और खनन से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं। अंबा प्रसाद और उनके रिश्तेदारों के नाम पर बनी 10 कंपनियां ईडी की जांच के दायरे में हैं। पूर्व में ईडी ने अंबा प्रसाद, उनके पिता योगेंद्र साव और भाई अंकित राज से रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ भी की थी। अंबा प्रसाद हजारीबाग जिले के बड़कागांव क्षेत्र से वर्ष 2019 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक चुनी गई थीं। इसी विधानसभा क्षेत्र से उनकी मां निर्मला देवी और उनके पिता योगेंद्र साव भी पूर्व में विधायक रह चुके हैं।






# तेलंगाना में कांग्रेस सम्मेलन आज, 40000 हजार से अधिक पार्टी नेताओं को संबोधित करेंगे खरगे

हैदराबाद : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज तेलंगाना में गांव स्तर के 40,000 से ज्यादा पार्टी नेताओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

खरगे बृहस्पतिवार शाम को हैदराबाद पहुंचे, जहां आरजीआई हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, तेलंगाना में पार्टी मामलों की एआईसीसी प्रभारी मीनाक्षी नटराजन, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया।



### सामाजिक न्याय समयभरी सम्मेलन को संबोधित करेंगे खरगे

गौड़ ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि खरगे राज्य कांग्रेस इकाई की राजनीतिक मामलों की समिति और उपाध्यक्षों व महासचिवों समेत इसके पदाधिकारियों की बैठकों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष 'सामाजिक न्याय समयभरी' नामक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में गांव, ब्लॉक और जिले की कांग्रेस समितियों के अध्यक्ष, विधायक, सांसद, एमएलसी और राज्य मंत्री मौजूद रहेंगे।

### पार्टी ने सफलतापूर्वक चलाया जय बापू, जय भीम, जय संविधान नामक अभियान

गौड़ ने बताया कि कांग्रेस ने राज्य में पिछले छह महीनों से 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' नाम का अभियान सफलतापूर्वक चलाया है। इसका मकसद महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा की रक्षा करना और संविधान पर कथित भाजपा हमलों के खिलाफ आवाज उठाना है।

### गांव स्तर के कांग्रेस अध्यक्षों और नेताओं को संदेश देंगे खरगे

गौड़ ने बताया कि खरगे सम्मेलन के दौरान गांव स्तर के कांग्रेस अध्यक्षों और अन्य नेताओं को अपना संदेश देंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कुछ ग्राम समिति अध्यक्ष भी बोलेंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार ने पार्टी के 'सामाजिक न्याय' के एजेंडे के तहत पिछले साल जाति सर्वेक्षण कराया था।

### अब सेविंग्स अकाउंट में मिनिमम बैलेंस की टेंशन खत्म

# इंडियन बैंक का मिनिमम बैलेंस पर लगने वाली पेनल्टी को घटाने का ऐलान

इंडियन बैंक के ग्राहकों के लिए दो बड़ी अपडेट सामने आई है। सेविंग्स अकाउंट से जुड़े नियम बदले गए हैं। सरकारी बैंक ने लोन के ब्याज दरों में भी संशोधन किया है। जिसका असर लाखों ग्राहकों पर पड़ेगा। न्यूनतम एवरेज बैलेंस न होने पर भी चिंता की कोई जरूरत नहीं है। एमसीएलआर दरों में कटौती के कारण ईएमआई का बोझ कम होगा। इंडियन बैंक ने सभी प्रकार के अकाउंट के लिए मिनिमम बैलेंस न होने पर लगने वाली पेनल्टी को घटाने का ऐलान कर दिया है। नए नियम 7 जुलाई से लागू होंगे। जिससे स्टूडेंट्स से लेकर वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होगा। बैंकिंग सुलभ और आसान होगी। इससे पहले बैंक अलग-अलग अकाउंट के प्रकार और लोकेशन के हिसाब से न्यूनतम बैलेंस न होने पर शुल्क लगाता था। बैंक ने सोशल मीडिया पर कहा, "आपका पैसा, आपका नियम। नो मिनिमम बैलेंस, नो पेनल्टी।" बता दें कि 1 जुलाई को पंजाब नेशनल बैंक ने भी यह सुविधा देने का ऐलान किया है। वहीं केनरा बैंक यह नियम मई 2025 में ही लागू कर चुका है। पब्लिक सेक्टर के इस बैंक ने लेंडिंग रेट्स में भी बदलाव किया है। एक साल के टेन्योर के लिए एमसीएलआर दरों में 5 बीपीएस तक कटौती हुई है।

3 जुलाई 2025 से नई दरें घटकर 9% हो चुकी है। बेस रेट 9.70% सलाना है। बेंचमार्क प्राइम रेट 13.95% है। बैंक ने एफडी के इन्टरेस्ट रेट में कोई संशोधन नहीं किया है। नए रेट 9 जून 2025 को लागू हुई थी। 7 दिन से लेकर 5 साल से अधिक के टेन्योर पर 2.80% से लेकर 7.15% ब्याज मिल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को 0.50% एक्स्ट्रा रिटर्न सभी मैच्योरिटी स्लैब पर मिल रहा है।

# गया से दरभंगा जा रही एसएसबी जवानों की बस में बड़ा हादसा टला

गुरुवार को गया से दरभंगा की ओर जा रही एसएसबी जवानों से भरी एक बस में बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह घटना सेवनन के पास हुई जब बस अचानक ओवरहीट होकर तेज़ रफ्तार में अनियंत्रित हो गई। बस में सवार जवानों के अनुसार, अचानक इंजन से धुंआ निकलने लगा और बस तेज़ गति से झटके देने लगी। ड्राइवर ने जब पाया कि वाहन से उसका नियंत्रण हट रहा है, तो उसने घबराने के बजाय सूझबूझ और तत्परता दिखाई। उसने मुख्य पाइप और वायरिंग काटकर बस को रोकने की कोशिश की, जो सफल रही। इस साहसिक और तेज़ निर्णय की वजह से बस में सवार लगभग 40 एसएसबी जवान सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि बस आगे 2 किलोमीटर भी और बढ़ती, तो वह सड़क से नीचे गड्ढे में गिर सकती थी, जिससे हादसा हो सकता था। स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। जवानों को वैकल्पिक वाहन से गंतव्य तक भेजने की व्यवस्था की जा रही है।




प्रशंसा की बात यह है कि ड्राइवर ने कठिन परिस्थिति में भी संयम नहीं खोया और सही समय पर निर्णय लेकर एक भीषण दुर्घटना को टाल दिया।

# रांची में कांग्रेस नेता के छोटे भाई हेमंत साहू पर चलीं गोलियां

### पारस अस्पताल में जोरदार हंगामा

रांची : राजधानी रांची में अपराधियों के हौसले एक बार फिर बुलंद नजर आ रहे हैं। इसी बीच राजधानी में गोली चलने की सूचना है। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रोशन के छोटे भाई हेमंत साहू को अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी। उन्हें गंभीर हालत में पारस अस्पताल, धुर्वा लाया गया, जहां उन्हें चार गोलियां लगने की पुष्टि हुई है। घायल हेमंत की हालत नाजुक बनी हुई है, लेकिन परिजनों और स्थानीय लोगों का आरोप है कि अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के कारण अभी तक इलाज शुरू नहीं हो पाया है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा सिटी स्कैन खराब होने का हवाला देकर इलाज शरु नहीं किया गया है। अभी तक एक भी गोली नहीं निकाली गई है जिससे मरीज की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इसको लेकर अस्पताल परिसर में भारी हंगामा हुआ। परिजनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए तत्काल इलाज की मांग की। मौके पर धुर्वा थाना पुलिस भी पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है।



# चुनाव आयोग का दावा- बिहार में 1.5 करोड़ घरों में पहुंचे बीएलओ, 87 फीसदी मतदाताओं को मिले नामांकन फॉर्म

नई दिल्ली : बिहार में 1.5 करोड़ घरों में बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) की पहली यात्रा आज पूरी हो गई है और राज्य में चल रहे विशेष तीव्र पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 7,89,69,844 यानी लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं में से 87 प्रतिशत से अधिक नामांकन फॉर्म (यानी 6,86,17,932 फॉर्म) वितरित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने यह जानकारी दी है। आयोग ने बताया कि बाकी घर या तो बंद थे या उनमें मृत मतदाता रहते थे या वे प्रवासी हो सकते हैं या यात्रा पर गए होंगे। चूंकि, बीएलओ तीन बार घरों पर जाएंगे, इसलिए यह आंकड़ा आगे और बढ़ सकता है। चुनाव आयोग ने बताया कि आंशिक रूप से भरे हुए फॉर्म चुनाव आयोग की वेबसाइट और ईसीआईनेट ऐप पर डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध हैं और मतदाता स्वयं ईसीआईनेट ऐप के जरिए भरे हुए फॉर्म अपलोड कर सकते हैं।




### एसआईआर प्रक्रिया में सहयोग कर रहे बीएलए

इसके अलावा, विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से नियुक्त किए गए 1,54,977 बूथ स्तर एजेंट (बीएलए) भी एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। दो जुलाई तक भाजपा ने 52,689 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके बाद राजद ने 47,504; जेडीयू ने 34,669; कांग्रेस ने 16,500; राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने 1913, भाकपा माले (लिबरेशन) ने 1271, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 1153, माकपा ने 578, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी ने 270 बीएलए नियुक्त किए हैं। इसके अलावा, बसपा (74), एनपीपी (3) और आम आदमी पार्टी (1) ने भी अपने एजेंट तैनात किए हैं। हर बीएलए एक दिन में अधिकतम 50 प्रमाणित फॉर्म जमा कर सकता है।

### 'बीएलओ प्राप्त कर चुके 38 लाख भरे हुए फॉर्म'

चुनाव आयोग ने बताया, अब तक करीब पांच फीसदी भरे और हस्ताक्षरित फॉर्म यानी करीब 38 लाख फॉर्म बीएलओ प्राप्त कर जा चुके हैं, जो पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उनका एकमात्र उद्देश्य 'पहले समावेश' (Inclusion First) है, जिसे आयोग बार-बार दोहराता रहा है। एसआईआर के अनुसार, किसी भी मतदाता का नाम 1 अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवश्यक शर्त यह है कि प्री-प्रिंटेड नामांकन फॉर्म को 25 जुलाई 2025 से पहले हस्ताक्षर करके जमा किया जाए। साथ ही, अपलोड किए गए फॉर्म का सत्यापन भी शुरू कर दिया गया है। कुछ जगहों से संदेह जताए जाने के बावजूद आयोग का मानना है कि एसआईआर के जरिए सभी पात्र लोगों का नाम शामिल किया जाएगा।

### 30 सितंबर को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची

आयोग के उप निदेशक पी. पवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, प्रत्येक प्राप्त फॉर्म के साथ लगे या न लगे दस्तावेजों के आधार पर पात्रता की जांच की जाएगी। प्रारंभिक मतदाता सूची के 1 अगस्त को प्रकाशित होने के बाद 2 अगस्त 2025 से सत्यापन का काम जोरशोर से शुरू किया जाएगा। उसी दिन से कोई भी राजनीतिक दल या आम नागरिक प्रारंभिक सूची में दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकता है। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी (डीएम) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के समक्ष भी अपीलें दाखिल की जा सकेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार

खूंटी। प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई के फरार सदस्य महीनों बाद जरियागढ़ इलाके में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बनाने पहुंचे थे लेकिन वारदात को अंजाम देने से पहले ही तीन नक्सलियों को तीन थाने की पुलिस ने संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सलियों में गेन्द्र बारला उर्फ लादेन, असीम तोपनो और अजित तोपनो शामिल है। इसके पास से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, 2 कारतूस, एक मोबाइल और संगठन का 13 पर्चा बरामद किया है।खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि एक सूचना मिली थी कि जरियागढ़ इलाके के बकसपुर स्थित झंडा टोंगरी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे है। क्षेत्र में बालू माफियाओं एवं व्यापारियों के लेवी एवं अन्य वारदात को अंजाम बनाने में जुटे है। सूचना पर डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई जिसमें रनिया, कर्रा और जरियागढ़ थाने की पुलिस को शामिल किया गया। गठित टीम ने तकनीकी एवं मानवीय तरीके से जंगल एवं आसपास के इलाके की घेराबंदी करते हुए तीनो को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सलियों ने पुलिस को कई जानकारियां दी है।

### झारखंड के मंत्री को जान से मारने की मिली धमकी, कहा 24 घंटे के अंदर मार डालूंगा

रांची(ईएमएस)।झारखंड के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी को गुरुवार को देर रात जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में इरफान अंसारी ने बताया कि मोबाइल पर फोन करने वाले शख्स ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को दे दी है। पुलिस को इसकी जानकारी मिलने के बाद वो जांच करने में जुट गई है।डॉ. इरफान अंसारी के अनुसार, धमकी देनेवाले ने उन्हें कॉल करके अपशब्द भी कहे। कॉल करने वाले ने मंत्री को कहा कि वह उन्हें 24 घंटे के भीतर मार डालेगा। जिस फोन नंबर से धमकी दी गई, वह नंबर इरफान अंसारी ने वरीय अधिकारियों को दे दी है। जानकारी के अनुसार डॉ. इरफान अंसारी अभी नई दिल्ली में हैं। वे अपने सहयोगी मंत्री हफीजुल हसन की तबीयत खराब होने की जानकारी मिलने पर उनके स्वास्थ्य का हाल लेने दिल्ली गए हुए हैं। इस दौरान उन्हें किसी ने धमकी देते हुए कॉल की और अपशब्दों का इस्तेमाल भी किया है।इस घटना की जानकारी देते हुए डॉ. अंसारी ने बताया कि गुरुवार को उनका फोन बजा। जब उन्होंने रिसीव किया तो उधर से एक शख्स धमकी देते हुए मुझे अल्टीमेटम दिया। अल्टीमेटम देते हुए शख्स ने मुझे 24 घंटे के अंदर जान से मारने की धमकी दिया और अपशब्द भी कहे। उन्होंने बताया कि पुलिस को इस मामले की जानकारी और कॉल करने वाले का नंबर दे दिया गया है। अब पुलिस इस मामले की जांच करने के बाद आरोपी पर कार्रवाई करेगी।इरफान अंसारी झारखंड की जामताड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। साल 2014 से लेकर वो लगातार इस सीट पर जीत दर्ज करते आ रहे हैं। साल 2024 में हुए विधानसभा चुनावों में भी इरफान अंसारी ने जीत दर्ज की। यहां से जीत दर्ज करने के बाद जब झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी तो इरफान को कांग्रेस कोटे से स्वास्थ्य मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के सहारे शराब की बिक्री होगी

रांची : 566 दुकानों से फिलहाल शराब की खुदरा बिक्री बंद है. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक इन दुकानों से शराब की बिक्री झारखंड बिवरेजेज कॉरपोरेशन के माध्यम से की जायेगी. हालांकि इसमें मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों को शामिल नहीं किया जायेगा. नयी उत्पाद नीति लागू होने तक कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब की बिक्री से संबंधित दिशा निर्देश अगले सप्ताह जारी कर दिया जायेगा. राज्य सरकार ने नयी उत्पाद नीति लागू करने के उद्देश्य से एक जुलाई से मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानों को वापस लेना शुरू किया. दुकानों के हस्तांतरण की इस प्रक्रिया को पांच जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. तीन जुलाई तक 566 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है. इसमें से एक जुलाई को 270, दो जुलाई को 171 और तीन जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गयी. चार जुलाई को 125 दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू की गयी है. जिन दुकानों के हस्तांतरण की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है, उन दुकानों से शराब की खुदरा बिक्री जारी है.

### जेपीएससी : उत्तर पुस्तिकाओं की जांच राज्य सरकार से कराने की अनुशंसा

रांची। राजभवन ने जेपीएससी की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में अनियमितता के आरोपों पर राज्य सरकार से जांच कराने की अनुशंसा की है. इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलकर जेपीएससी की मुख्य परीक्षा में अनियमितताओं के आरोप लगाये थे. राजभवन से पत्र मिलने के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग जेपीएससी से स्पष्टीकरण मांगेगा. आरोपों पर बिंदुवार जवाब मांगा जाएगा. वहीं जेपीएससी के अभ्यर्थियों ने भी आरोप लगाया है कि जेपीएससी ने परीक्षा संचालन नियमावली का उल्लंघन किया है. उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में गड़बड़ी हुई है.

### आसाराम की जमानत बढ़ाई गई

अहमदाबाद(ईएमएस)। गुजरात हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में 86 साल के आसाराम की जमानत एक और महीने के लिए बढ़ा दी है। वे दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा जोधपुर जेल में काट रहे हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 31 मार्च तक मेडिकल आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। निर्देश दिया था कि आगे की राहत के लिए गुजरात हाईकोर्ट में याचिका लगा सकता है। इसके बाद से उनकी जमानत दो बार बढ़ चुकी है। तब से वे बाहर हैं। उनकी जमानत 7 जुलाई को खत्म हो रही थी। इसके पहले वे गुजरात हाईकोर्ट पहुंच गए, जहां उनकी जमानत फिर से 7 अगस्त तक बढ़ा दी है।

### ईडी केस पर कोर्ट में सोनिया गांधी की ओर से बोले अभिषेक मनु सिंघवी

#### एजीएल को कर्जमुक्त करने के लिए उठाया गया कदम

नई दिल्ली(ईएमएस)। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शुक्रवार को अदालत में दलील दी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का यह मामला वास्तव में बेहद अजीब और अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा, यह मामला सिर्फ अजीब नहीं, बल्कि बहुत ही अनोखा है। यह कथित मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है, लेकिन इसमें न कोई संपत्ति है, न संपत्ति का उपयोग या प्रदर्शन। मामले की सुनवाई के दौरान सिंघवी ने कहा, हर कंपनी को कानून के तहत अपनी देनदारी हटाने की अनुमति होती है।

हमने भी वही किया। हमने एजीएल का कर्ज यंग इंडियन को ट्रांसफर किया ताकि एजीएल कर्जमुक्त हो जाए। उन्होंने बताया कि यंग इंडियन एक गैर-लाभकारी कंपनी है। इसका मतलब यह है कि कंपनी लाभ, बोनस, वेतन या लाभांश नहीं बांट सकती। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ईडी ने वर्षों तक इस मामले में कुछ नहीं किया और अचानक एक निजी शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा, ये लोग कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। अगर नेशनल हेराल्ड किसी गैर-कांग्रेसी संस्था के पास चला जाए तो यह ऐसा होगा जैसे हैमलेट नाटक हो लेकिन उसमें डेनमार्क का राजकुमार न हो।

# सुप्रीम कोर्ट का ओबीसी आरक्षण पर सरकार से सवाल

# 13 प्रतिशत होल्ड पदों पर नियुक्तियों में क्या दिक्कत है

दिल्ली/भोपाल(ईएमएस)। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई, लेकिन मामले में कोई राहत नहीं मिली। कोर्ट ने मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव से एफिडेफिट मांगा है कि जो 13 फीसदी पद होल्ड हैं उन पर नियुक्तियों में क्या दिक्कत है। सरकार ने साल 2019 में ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण देने के लिए एक्ट पास किया गया था, लेकिन अमल में नहीं आ पाया। कोर्ट नंबर 12 में जस्टिस पीएस नरसिम्हा एवं जस्टिस आर महादेवन की बेंच में सुनवाई की। यह केस सीरियल नंबर-35 पर लगा था। कोर्ट में एक बार फिर से मप्र में ओबीसी की आबादी 51 फीसदी होने की दलील दी गईं, लेकिन 27 फीसदी आरक्षण लागू करने का आदेश देने पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई राहत नहीं दी। यह सामने आया कि मामले में मप्र हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर करीब 70 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में पहुंची हैं, उन्हीं पर आगे सुनवाई होगी। तत्काल आरक्षण देने संबंधी इस याचिका में अभी कोई राहत नहीं मिली है।



### पुराने आदेश का हवाला देकर बच रही सरकार

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने एक बार फिर कहा कि एक्ट पास होने के बाद भी उम्मीदवारों को पांच साल से 27 फीसदी आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा रहा है। सरकार 19 मार्च 2019 के हाईकोर्ट के एक पुराने अंतरिम आदेश का हवाला देकर आरक्षण से बच रही है। जबकि एक्ट पर कोई रोक नहीं है। इसे लागू किया जाए। इसके पहले 25 जून की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट जस्टिस ने अधिवक्ता से ही पूछा था कि इंदिरा साहनी केस क्या है? इसमें आरक्षण की सीमा 50 फीसदी तय की हुई है। इस पर अधिवक्ता ने कहा था कि मप्र में ओबीसी की आबादी 51 फीसदी है, लेकिन नौकरियों में केवल 13.66 फीसदी आरक्षण है। इसलिए सरकार ने 27 फीसदी का एक्ट पास किया और इस पर कोई स्टे नहीं है। केवल विधिक सलाह के बाद एक नोटिफिकेशन से इस आरक्षण को देने से रोक दिया गया। सरकार ने 87-13 फीसदी का फार्मूला लगा दिया। चार-पांच साल से यह 13 फीसदी आरक्षण रुका हुआ है।

### 27 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग

ओबीसी महासभा के कोर कमेटी मेंबर एडवोकेट धर्मेंद्र कुशवाह ने बताया कि कोर्ट ने नोटिस जारी कर सरकार से जवाब मांगा है कि 27 फीसदी आरक्षण क्यों नहीं दे रहे हो। सुनवाई करीब 10 मिनट तक चली है। सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल अपीयर हुए थे। उन्होंने 27 फीसदी आरक्षण को जारी करने का विरोध किया है। हमारी तरफ से यह मांग की गई थी कि अंतिम सुनवाई तक अंतरिम रूप से 27 फीसदी लागू कर दिया जाए, जिससे 13 फीसदी अनहोल्ड को खत्म किया जा सके। उस पर भी सॉलिसिटर जनरल ने विरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप सवारी गाड़ी डिवाइडर से टकराई तीन मजदूरों की मौत 29 से जख्मी

पलामू(ईएमएस)।पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के कउवल में नेशनल हाईवे 98 पर शुक्रवार को मजदूरों से भरी एक पिकअप सवारी गाड़ी डिवाइर से टकरा गई। इस घटना में तीन मजदूरों की मौत हो गयी, वहीं 29 से मजदूर जख्मी हो गए। अधिकतर मजदूरों को इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। इनमें से कई मजदूरों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। सभी मजदूर बिहार के सासाराम में धानरोपनी के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के रंका अनुमंडल क्षेत्र से 40 मजदूर सासाराम रोहतास स्थित खरहरी गांव में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। इसी बीच छतरपुर के कउवंल ओवरब्रिज के पास पिकअप दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें दो मजदूरों ने अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर आने के क्रम में दम तोड़ दिया, वहीं एक की मौत एमएमसीएच मेदिनीनगर में हुई। 29 महिला, पुरुष, बच्चे जख्मी हैं। सभी को बारी बारी से ट्रीटमेंट कर मेदिनीनगर एमएमसीएच एम्बुलेंस से भेजा गया है। मनोज भुइयां 60वर्ष, मुनारिक भुइयां 55 वर्ष, कलावती कोरवा 43वर्ष, रूबी कुमारी 25 वर्ष, रामानुज कोरवा 30 वर्ष, क्लेश देवी 35 वर्ष, सुजन्ति देवी 28 वर्ष, हरेंद्र सिंह, विनोद सिंह 43 वर्ष, संध्या कुमारी 20 वर्ष, शिला देवी 30 वर्ष, राजदेव कुमार 35 वर्ष, ममता देवी 30 वर्ष, मालती देवी 28 वर्ष को रेफर कर दिया गया है।

### 4.60 करोड़ रुपये की लागत से जुमार नदी पर बनेगा पुल, शिलान्यास किया गया

रांची। लंबे इंतजार के बाद कांके प्रखंड के बुद्धू बगीचा के समीप जुमार नदी पर पुल निर्माण का सपना साकार होने जा रहा है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अनुशंसा और दो वर्षों की अथक मेहनत के बाद इस महत्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास शुक्रवार को किया गया।लगभग 4 करोड़ 60 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पुल से क्षेत्र के कई गांव आपस में सीधे जुड़ जायेंगे।बरसात के दिनों में जहां आवाजाही ठप हो जाती थी, वहां अब यह पुल ग्रामीणों के लिए राहत साबित होगा।क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और सामाजिक औऱ आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा।शिलान्यास समारोह में कांके विधायक सुरेश बैठा, प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अजय बैठा, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, मुखिया राम लखन मुंडा और मंडल भाजपाध्यक्ष प्रभात भूषण समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस पुल के निर्माण के लिए मंत्री संजय सेठ के प्रति आभार जताया।कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भीड़ मौजूद रही।

### चाईबासा में आईईडी विस्फोट में घायल हाथी किया गया रेस्क्यू, इलाज शुरू

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।सारंडा के घने जंगल में आईईडी विस्फोट में घायल हाथी को वन विभाग ने ट्रेस कर निकाल लिया है।यह जानकारी सारंडा वन प्रमंडल के डीएफओ अभिरूप सिन्हा ने शुक्रवार को मनोहरपुर वन विश्रामागार में प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि घायल हाथी सारंडा के एक नाला के समीप मिला है।वहां चाईबासा के अलावा राउरकेला व क्योंझर की वेटनरी टीम मौजूद है। घायल हाथी को फिलहाल प्राथमिक उपचार कर दवा खिलाई गई है।विधिवत इलाज शनिवार से शुरू किया जाएगा।गुजरात के वनतारा से आ रही विश्व की सबसे बड़ी रेस्क्यू टीम का इंतजार किया जा रहा है।डीएफओ ने हाथी के घायल होने के कारणों के बारे में बताया कि मेडिकल जांच के बाद ही इसका खुलासा होगा। हालांकि उन्होंने आईईडी विस्फोट की संभावना से भी इंकार नहीं किया।ट्रेंकुलाइज के संबंध में उन्होंने कहा कि नियम के तहत हाथी को एक ही बार ट्रेंकुलाइज किया जाता है।हाथी अभी नाला के किनारे है और उसकी हालत गंभीर है। हाथी अभी भी उग्र है। अतः वहां उसे ट्रेंकुलाइज करना थोड़ा कठिन है। वनतारा की टीम के आने पर ट्रेंकुलाइज करने के बाद उसका विधिवत इलाज किया जाएगा।

### 23 किलो अफीम के साथ एक गिरफ्तार

चतरा(ईएमएस)।अफीम और नशीले पदार्थों की खरीद बिक्री के विरुद्ध चतरा जिला पुलिस की छापेमारी जारी है। शुक्रवार को जिला पुलिस ने गिद्धौर थाना क्षेत्र के राजा टांड़ से अफीम की खेप के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अफीम की बिक्री करने का रहे इस व्यक्ति के पास से पुलिस ने 23 किलो 340ग्राम अफीम बरामद किया है।चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमीत अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान गिरफ्तारी के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि अफीम की यह खेप चंडीगढ़ में बेचे जानी थी जिसे यह आदमी लेकर जा रहा था। एसपी अमित अग्रवाल ने बताया कि यह अफीम रांची के तुपुदाना क्षेत्र से किसी अफीम तस्कर के पास से लाया गया था।गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा चतरा और रांची के तुपुदाना के दोनों ही तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की

प्रयागराज/मथुरा (ईएमएस)। मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने की मांग वाली याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हिंदू पक्ष की याचिका पर 23 मई को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। दरअसल, 5 मार्च को हिंदू पक्ष के वकील महेंद्र प्रताप सिंह ने विवादित ढांचा घोषित करने को लेकर याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने कहा था कि मस्जिद के पास जमीन के कागज नहीं हैं, इन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए। इसके खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दाखिल की थी। कहा था कि हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। इस मामले में जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच में अब तक चार बार सुनवाई हो चुकी है। इस याचिका के अलावा, हिंदू पक्ष की 18 अन्य याचिकाओं पर भी हाईकोर्ट में सुनवाई अलग से चल रही है। हिंदू पक्ष का कहना है कि शाही ईदगाह की जगह पहले मंदिर था। वहां पर मस्जिद होने का कोई भी साक्ष्य आज तक मुस्लिम पक्ष कोर्ट में पेश नहीं कर सका। जिसे मस्जिद कहा जा रहा है, उस की दीवारों पर हिंदू देवी देवताओं के प्रतीक चिह्न मौजूद हैं। किसी की जमीन पर अतिक्रमण करके बैठ जाने से, वह जमीन उसकी नहीं हो जाती है। न ही जमीन से जुड़ी खसरा-खतौनी में मस्जिद का नाम है। न नगर निगम में कोई रिकॉर्ड है और न ही टैक्स दिया जा रहा है। यहां तक की बिजली चोरी की रिपोर्ट भी शाही ईदगाह प्रबंध कमेटी के खिलाफ हो चुकी है। फिर इसे मस्जिद क्यों कहा जाए? जो प्रकरण अयोध्या में राम मंदिर और बाबरी मस्जिद का था। ठीक वही मामला मथुरा में भगवान श्री कृष्ण की जन्मभूमि का है। कोर्ट ने अयोध्या मामले में अपना निर्णय देने से पहले बाबरी मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किया था, इसलिए मस्जिद को भी विवादित ढांचा घोषित किया जाए।



### मुस्लिम पक्ष ने कहा था- 400 सालों से यह शाही ईदगाह

मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति में कहा था- हिंदू पक्ष की मांग सरासर गलत है। 400 सालों से यह शाही ईदगाह है, इसलिए इसे विवादित ढांचा घोषित करने की मांग कठोर दंड के साथ खारिज किया जाना चाहिए।

## नागपुर में इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का हुआ भंडाफोड़

नागपुर, (ईएमएस)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में एक इंटरनेशनल सेक्स रैकेट का पर्दाफाश हुआ है जो शहर के मशहूर पैराडाइस होटल में चल रहा था। यह रैकेट दिल्ली से ऑपरेट किया जा रहा था और इसमें विदेशी युवतियों को टूरिस्ट वीजा पर भारत बुलाकर वेश्यावृत्ति में धकेला जा रहा था। नागपुर पुलिस की सामाजिक सुरक्षा शाखा को गुप्त सूचना मिली थी कि होटल पैराडाइस में विदेशी लड़कियों से जुड़ी अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने नकली ग्राहक बनाकर होटल में दबिश दी। जानकारी अनुसार नकली ग्राहक ने पहले 2,000 एडवांस दिए और फिर 5,500 विदेशी लड़की को ट्रांसफर किए। होटल का किराया अलग से चुकाया गया। इसके बाद उज्बेकिस्तान की 23 वर्षीय युवती को कमरे में भेजा गया। लड़की के पहुंचते ही पुलिस ने छापा मारा। मौके से रैकेट संचालिका रश्मि आनंद खत्री को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि इस सेक्स रैकेट का मुख्य सरगना दिल्ली निवासी कृष्ण कुमार उर्फ राधे देशराज है। वह भारत के विभिन्न राज्यों में रूसी, उज्बेकी और अन्य विदेशी लड़कियों को बुलाकर यह गोरखधंधा करवाता था। फिलहाल वह फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस को जानकारी मिली कि जिस होटल में यह गोरखधंधा चल रहा था, उसे करीब 2.5 लाख प्रति माह किराए पर लिया गया था। यहां आने वाले ग्राहकों को विशेष रूप से विदेशी महिलाओं की सेवा का ऑफर दिया जाता था। होटल के कुछ कमरों को सीक्रेट रूप से सेक्स वर्क के लिए तैयार किया गया था। कहा जाता है कि रैकेट में शामिल विदेशी महिलाएं आर्थिक तंगी या धोखे का शिकार होकर इस दलदल में फंसती थीं।

डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक बॉर्डर पर तीन दुश्मनों से लड़े

नई दिल्ली(ईएमएस)। डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बॉर्डर एक थी और दुश्मन तीन। पाकिस्तान मोर्चे पर था। उसके पास 81 प्रतिशत सैन्य हार्डवेयर चीनी हैं। चीन पाकिस्तान की हरसंभव मदद कर रहा था। उसने हमें हथियारों की लैब टेस्टिंग के तरह इस्तेमाल किया। तुर्किये ने भी बैरेक्टर समेत दूसरे ड्रोन दिए। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें कई महत्वपूर्ण सबक सिखाए। यह एक ऐसा संघर्ष था, जिसने मॉडर्न वॉरफेयर की कठिनाइयों को उजागर किया। डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने कहा कि डीजीएमओ लेवल पर बातचीत के दौरान पाकिस्तान को हमारे महत्वपूर्ण वेक्टरों के लाइव अपडेट मिल रहे थे। इसलिए अब हमें और मजबूत एयर डिफेंस चाहिए। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह नई दिल्ली में फिक्की के न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीस इवेंट में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने मिलिट्री ऑपरेशन्स के दौरान एयर डिफेंस और टेक्नोलॉजी एडवांसमेंट के बारे में बताया। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की भी तारीफ की। साथ ही टारगेट चुनने, प्लानिंग के अलावा रणनीतिक संदेश, टेक्नोलॉजी और ह्यूमन इंटेलीजेंस के इस्तेमाल के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से कुछ सबक मिले हैं। लीडरशिप का संदेश साफ था। जिस तरह से हमने कुछ साल पहले बर्दाश्त किया, उस तरह से दर्द को सहने की कोई गुंजाइश नहीं थी। टारगेट की प्लानिंग और सिलेक्शन बहुत सारे डेटा पर बेस्ड था। इसलिए कुल 21 टारगेट पहचाने। लास्ट मोमेंट पर 9 को निशाना बनाने का फैसला लिया गया।डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बोले कि पूरे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस और उसका ऑपरेशन कैसे हुआ, यह बेहद अहम था। इस बार, हमारे पॉपुलेशन सेंटर पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन अगली बार, हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। और इसके लिए ज्यादा से ज्यादा एयर डिफेंस सिस्टम, काउंटर-रॉकेट आर्टिलरी ड्रोन जैसे सिस्टम तैयार करने होंगे। हमें बहुत तेजी से आगे बढ़ना होगा। हम इजराइल को देख रहे हैं। उनके पास आयरन डोम हैं। दूसरे एयर डिफेंस सिस्टम हैं। हमारे पास वैसी सुविधाएं नहीं है क्योंकि हमारा देश विशाल है। और ऐसी चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है। इसलिए हमें फिर से अपनी तैयारी और सुरक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने भारत को पांचवीं पीढ़ी के युद्ध के लिए तैयार रहने की जरूरत बताई। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में होने वाले युद्धों में एक कंप्यूटर एक्सपर्ट शामिल हो सकता है, जो शायद देश के एक हिस्से में बैठकर पूरी चीजों को कंट्रोल कर सकता है। राहुल आर सिंह बोले कि भारतीय सेना में ड्रोन की बहुत ज्यादा जरूरत है। सेना ड्रोन फ्रेमवर्क सितंबर-अक्टूबर तक जारी करेगी। ऐसे बहुत से एलिमेंट हैं जिन्हें अभी भी बाहर से मंगवाना पड़ता है। सीक्रेट तकनीक, इंजन, इनसे हम जूझ रहे हैं। इन चीजों में इनवेस्ट करना होगा। आखिरी घंटे में तय किया कि 21 में से किन नौ ठिकानों को निशाना बनाना है फिक्की द्वारा आयोजित न्यू एज मिलिट्री टेक्नोलॉजीज कार्यक्रम में बोलते हुए लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ऑपरेशन सिंदूर के परिणामों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि इसे हमें कुछ सबक मिले हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क में टारगेट की योजना और उनका चयन बहुत सारे डेटा पर आधारित था।


**कार्यालय :– जिला उद्यान पदाधिकारी, धनबाद।**
**Email Id – dho.dhn@gmail.com**

**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2025–26**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश संख्या 17 दिनांक 28.05.2025 से उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना "प्रोमोशन ऑफ अरर्बन फार्मिंग" के तहत् विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0.सं0. | कार्यअवयव का नाम | मात्रा/सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकरी, धनबाद से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 16.07.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, धनबाद में व्यक्तिगत रूप/डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद द्विलिफाफा को दिनांक 16.07.2025 के अपराह्न 02:00 बजे जिला उद्यान पदाधिकारी, धनबाद के कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।
4. क्रय किए जाने वाली सामग्रियों का नाम निविदा प्रकाशित की तिथि से दिनांक 15.07.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्य अवधि में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकरी,
धनबाद।

PR 356549 (Agriculture) 25-26 (D)



**कार्यालय, जिला अभियंता जिला परिषद गिरिडीह**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0–निविदा संख्या– DE/ZP/GIRIDIH/04/2025-26**
**ई– निविदा सूचना संख्या – DE/ZP/GIRIDIH/04/2025-26**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः– आय श्रोत मद।

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Makatpur Dak Bangla's Staff Quarter with Toiled, Garrage Room, DPM Office, Drain and Boundry Wall with Concentina wire under BlockGiridih District Giridih. | 1329100.00 | 27000.00 | 2500.00 | 01 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.07.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक 04.07.2025 से दिनांक 10.07.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– जिला अभियंता, जिला परिषद का कार्यालय, गिरिडीह।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 12.07.2025 अपराह्न 3:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या – 9431323435 (संबंधित जिला अभियंता, गिरिडीह का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संवेदक की होगी।
11. जिला परिशद, गिरिडीह के समुचित श्रेणी निबंधित संवेदक ही भाग ले सकते हैं।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, गिरिडीह।

PR.NO.356555 Rural Development (25-26):D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य विकास)**
**कार्यालय, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गिरिडीह**

**आम सूचना**

जिला गिरिडीह के इच्छुक कृषक/दुग्ध उत्पादक जो स्वयं सहायता समूह अथवा दूध समितियों के सदस्य हों या सदस्य बनने की इच्छा रखते हों, से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक ऋण सह सरकारी अनुदान पर दुधारु मवेशी वितरण की योजना का लाभ लेने हेतु राज्य स्तर पर राज्य के अन्दर प्रशिक्षण हेतु निम्न कार्यक्रम प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार इच्छुक कृषक/दुग्ध उत्पादक प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु अपना बायोडाटा अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस पर कार्य अवधि में जमा कर अपना स्थान सुरक्षित करा सकते है, प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। विशेष जानकारी हेतु जिला गव्य विकास कार्यालय, गिरिडीह, ग्राम– अजीडीह, पोस्ट– बुढियाडीह से सम्पर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत हैः–

वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रशिक्षण, प्रसार संस्थान, दुमका में आयोजित 07 दिवसीय आवासीय दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण प्रशिक्षण कार्यक्रम

| दिनांक | अनु0 जाति | अन्य सभी जाति | कुल |
|---|---|---|---|
| 07/07/2025 से 13/07/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 21/07/2025 से 27/07/2026 | 4 | 19 | 23 |
| 04/08/2025 से 10/08/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 18/08/2025 से 24/08/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 08/09/2025 से 14/07/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 22/09/2025 से 28/09/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 13/17/2025 से 19/07/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 04/11/2025 से 10/11/2025 | 4 | 19 | 23 |
| 17/11/2025 से 23/11/2025 | 8 | 18 | 26 |
| कुल | 40 | 170 | 210 |

प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षाणार्थी की योग्यताः–
1. प्रशिक्षाणार्थी साक्षर एवं झारखण्ड वासी हो।
2. प्रशिक्षाणार्थी की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 55 वर्ष के अन्दर हो एवं स्वस्थ हो।
3. महिलाओं को अपने साथ बच्चा ले जाने की अनुमति नहीं होगी।
4. विभागीय योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुको को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।
5. प्रशिक्षण अवधि 07 दिवसीय निर्धारित है।
6. प्रशिक्षणार्थियो को अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं अप–टू–डेट सक्रिय बैंक पासबुक की मूल प्रति लाना अनिवार्य है।
7. वितीय वर्ष–20–21 से 24–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से लाभान्वित/चयनित लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर प्रशिक्षण में भेजा जाय।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 356574 (Animal Husbandry)25-26*D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**DRINKING WATER &SANITATION DIVISION NO-2, DHANBAD**

**Very Short Term e-procurement Notice, (3rd Call)**

**Tender reference No.- DWSD/Dhanbad-2/01/2025-26** **DATED: 04.07.2025**

The under signed, on behalf of the Government of Jharkhand, invites Percentage rate bids for the work mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved Contractors, registered with Drinking Water &Sanitation Department, Government of Jharkhand. The work of Outsourcing for supplying vehicles (Tracker or any other suitable vehicle) and Labours , tools & plants etc. for repair and maintenance of departmental drilled tube wells as detailed is BOQ. The rate to be paid for the work as said above will be decided as per the lowest rate quoted in e-procurement. The relevant articles of PWD Code will be applicable. The rates will be applicable for years 2025-26. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtenders.gov.in. The bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl no | Name of the work | Name of Block / TW No. | Name of Group | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Cost of Tender Paper (in Rs.) | Completion time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Outsourcing for supplying vehicles (Tracker or any other suitable vehicle) and Labours, tools & plants etc. for repair and maintenance of departmental drilled tube wells in **Different Block** under D.W.&S Division No-2, Dhanbad for the year 2025-26. (DMFT Fund) | Topchanchi- (780 Nos.) | RM/DT /05 | 519305.00 | 10500.00 | 1250.00 | 12 ekg |
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on Website. | 05.07.2025 up to 04:004 PM | | | | | |
| 3 | Last Date & Time for Receipt of Bid. (Online) | 12.07.2025 up to 04:004 PM | | | | | |
| 4 | Cost of tender Paper and Earnest Money Deposit on submission of bids (if applicable) as per mentioned in Annexure- 1 vide letter No- 120 dt 03.10.2023 by Secretary, Department of Information Technology and e-Governance Government of Jharkhand. | 12.07.2025 up to 04:004PM | | | | | |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | 14.07.2025 up to 04:004 PM | | | | | |
| 6 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division No-2,Dhanbad | | | | | |
| 7 | Contact No. of Procurement Office | 7292898986 | | | | | |
| 8 | Helpline No. of e-procurement cell | 0651-248045 | | | | | |

Note:-• No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
• Further details can be seen on website Http://jharkhandtenders.gov.in
• Estimated Cost may be increase or decrease.

Executive Engineer,
Drinking Water & Sanitation No-2, Dhanbad

PR 356545 Drinking Water and Sanitation(25-26)#D

## संक्षिप्त ख़बरें

### बी एस एल के जलापूर्ति विभाग तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो : आज 04 जुलाई को बी एस एल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की अगुवाई में बोकारो शहर के अंदर हरियाली और जैव-विविधता बढ़ाने तथा पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता लाने के लिए जलापूर्ति विभाग तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक(सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास के साथ वरीय अधिशासी, कर्मचारी तथा डी ए वी इस्पात विद्यालय सेक्टर 02 के प्रधानाचार्य के साथ शिक्षक तथा बच्चे उपस्थित थे.

### जनता दरबार में कुल 41 आवेदन प्राप्त

दुमकाःउपायुक्त के निदेशानुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी, रानीश्वर राजेश कुमार सिन्हा एवं अंचल अधिकारी, रानीश्वर शादां नुसरत की उपस्थिति में रानीश्वर प्रखण्ड सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें प्रखण्ड से संबंधित मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना सहित कुल 24 आवेदन, राशनकार्ड के 5 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 26 आवेदन को तत्काल निष्पादित करते हुए लाभुकों को जानकारी दिया गया। अंचल कार्यालय से संबंधित जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र, विविध सहित कुल 05 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 04 आवेदन को तत्काल निष्पादित करते हुए लाभुकों को जानकारी दिया गया। शेष आवेदन पत्रों को नियमानुसार निष्पादन हेतु आवश्यक कारवाई की जा रही है।

### इमाम हुसैन की याद में 15 मुस्लिम युवाओं ने किया रक्तदान

दुमका। मुस्लिम यूथ कमिटी दुमका के द्वारा इमाम हुसैन की याद में जुम्मा के नमाज़ के बाद ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें मुस्लिम युवओं द्वारा 15 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। रक्तदान करनेवालों में अंजुमन इस्लामिया के सदर परवेज अली, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य एकरामुल हसन आलम, सीनियर अधिवक्ता राजा खान, शारीक आलम, जिला क्रीड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष फरीद खान, डॉ नुरुल हुदा एवं अन्य मुस्लिम युवाओं ने ब्लड डोनेशन करके लोगों की भलाई के लिए अपना योगदान दिया। मौके पर अफ़रीद खान, जैकी अंसारी, असलम खान, दानिश खान, कामरान मुशर्रफ, जीशान मुशर्रफ, इमरान हैदर, इरशाद खान, तस्लीम खान, आदिल खुर्शीद ने ब्लड डोनेशन करने वाले लोगों की सराहना की और इस तरह के नेक काम लगातार करने की अपील की।

### स्वामी विवेकानंद के आदमकद प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

दुमकाःयुवा सम्राट परम पूज्य श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर सिविल सोसायटी दुमका ने श्रद्धासुमन अर्पण किया।दुमका में स्थापित श्रद्धेय स्वामी विवेकानंद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सिविल सोसायटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेम केशरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह,रामाकांत साह, मनोज कुमार भालोटीया,सदनलाल वर्मा शामिल हैं।

# पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने की निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा

हाजीपुर : पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने आज 04.07.2025 को हाजीपुर मुख्यालय में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में पूर्व मध्य रेल की निर्माण परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (उत्तर) राम जन्म, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण (दक्षिण) रामाश्रय पाण्डेय एवं आरवीएनल, इरकॉन एवं राइट्स के अधिकारीगण उपस्थित थे । बैठक के दौरान महाप्रबंधक ने पिछले वर्ष निर्माण संगठन द्वारा पूरी की गयी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा भविष्य में पूरी की जाने वाली निर्माण परियोजनाओं के मद्देनजर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।समीक्षा बैठक में पावर प्वायंट प्रजेंटेशन के माध्यम से निर्माण विभाग की



उपलब्धियों एवं भविष्य के लिए निर्धारित लक्ष्यों से महाप्रबंधक महोदय को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने मुजफ्फरपुर-सगौली एवं सगौली-बाल्मिकीनगर दोहरीकरण, समस्तीपुर-दरभंगा दोहरीकरण परियोजना, हाजीपुर-सगौली, अररिया-सुपौल एवं खगड़िया-कुश्शेवरस्थान नई लाईन, कोडरमा-तिलैया नई लाइन, नेउरा-दनियावां एवं बरबीघा-शेखपुरा नई लाइन एवं अन्य परियोजनओं का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने पर बल दिया । महाप्रबंधक ने मोकामा में राजेन्द्रपुल के समानांतर निर्माणाधीन नए पुल के निर्माण कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने पूर्व मध्य रेल में चल रही निर्माण परियोजनाओं की नियमित एवं गहन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया ताकि इसे समय पर पूरा किया जा सके । इसी क्रम में सोननगर-अंडाल तीसरी एवं चौथी लाईन तथा पतरातु-सोननगर तीसरी लाइन की कार्य प्रगति की भी महाप्रबंधक ने समीक्षा की । उन्होंने आरओबी/आरयूबी/ बाईपास के निर्माण पर जोर दिया ताकि बिना अवरोध के रेल एवं सड़क यातायात जारी रह सके ।बैठक को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि हमें रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में नई तकनीक का ज्यादा-से-ज्यादा प्रयोग करना होगा ताकि लोगों की अपेक्षा पर खरे उतरते हुए उन्हें बेहतर परिणाम दे सकें । उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माणाधीन रेल परियोजनाओं को निर्धारित लक्ष्य पर पूरा करने पर बल दिया।पूर्व मध्य रेल द्वारा संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 2024-25 में परिचालन दक्षता में वृद्धि हेतु दरभंगा बाईपास एवं ललितग्राम बाईपास का कार्य पूरा किया । वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में कुल 07 आरओबी एवं 19 आरयूबी का निर्माण कार्य पूरा किया गया तथा 27 समपार फाटकों को बंद किया गया । सकरी-निर्मली, झंझारपुर-लौकहाबाजार तथा सहरसा-फारबिसगंज का आमान परिवर्तन कार्य पूरा किया गया । इसके साथ ही 30 स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की कमीशनिंग की गई । वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान 161 किमी नई लाइन तथा 190 किमी दोहरीकरण परियोजना से जुड़े कुल लगभग 350 किलोमीटर का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है ।

### मुहर्रम पर्व एवं घूरती रथ यात्रा के मद्देनज़र नगर भवन में आयोजित हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

गुमला(ईएमएस)।आगामी 6 जुलाई को मुहर्रम पर्व एवं घूरती रथ यात्रा के मद्देनज़र शुक्रवार को नगर भवन में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक के पश्चात उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां द्वारा जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सयुंक्त बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ विधि व्यवस्था संधारण के निमित विशेष बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ उपस्थित रहें तथा रविवार, 6 जुलाई को अपने ड्यूटी स्थलों पर अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शांति और सौहार्द से त्योहार संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन ज़मां ने हाई कोर्ट द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं शासन स्तर से प्राप्त गाइडलाइनों का अक्षरशः पालन करने पर बल दिया।

## बहुरा यात्रा के साथ आज अपने घर लौट जाएंगे जगत के नाथ 'प्रभू जगन्नाथ'

**कल दोपहर डेढ़ बजे राम मंदिर से आरंभ होगी बहुरा यात्रा**

**शाम साढ़े चार बजे जगन्नाथ मंदिर पहुंचेगी**

**8 जुलाई तक मंदिर के बाहर रखकर ही भक्तों को दर्शन देंगे भगवान**

बोकारो । जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ पिछले आठ दिनों से शहर के प्रमुख मंदिर श्री राम मंदिर में अवस्थित अपने मौसीबाड़ी में अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ अपने असंख्य भक्तों को अपने दर्शन लाभ से कृतार्थ करने के बाद कल 5 जुलाई को अपराह्न 1:30 बजे बहुरा यात्रा के साथ अपने मंदिर को प्रस्थान कर जाएंगे । इसे लेकर जहां एक ओर भगवान के मौसीबाड़ी में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर भगवान जहां बिराजते है, वहां भी भगवान के आगमन को लेकर तैयारियों जोरों पर चल रही हैं । हालांकि शहर के सेक्टर चार स्थित जगन्नाथ मंदिर में जहां कल भगवान को ले जाया जाएगा वहां भगवान का सीधा प्रवेश मंदिर में नहीं होगा । बल्कि भगवान मंदिर के बाहर ही आठ जुलाई तक रथ पर आरूढ़ होकर ही भक्तों को दर्शन देंगे ।इधर मौसीबाड़ी में उनके आगमन के बाद गुलजार हुआ राम मंदिर परिसर रोजाना सैकड़ों लोगों की भीड़ का गवाह बन रहा है । जहां पहुंचने वाले लोग भगवान को तरह तरह के भोग चढ़ा कर उन्हें रिझाने में लगे है । भगवान की यहां सुबह शाम आरती के साथ भजन कीर्तन से लोग भाव विभोर हो रहे है । भगवान को इसके साथ ही कई तरह के लजीज व्यंजन भी परोसे जा रहे हैं । हर कोई कृष्ण कन्हैया को अपनी ओर आकर्षित करने का कोई मौका छोड़ने को तैयार नहीं है । मगर तय समय के अनुसार कल बहुरा यात्रा के साथ भगवान की वापसी भी है । मंदिर प्रबंधन आज से ही कल आयोजित होने वाले बहुरा यात्रा की तैयारियों में जुट गया है । लोगों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी कल की तैयारियों में आज से ही जुट गये हैं ।बताते चलें कि उत्कल समाज द्वारा यहां पिछले 25 वर्षो से जबसे शहर के सेक्टर चार में जगन्नाथ मंदिर का निर्माण हुआ तबसे हर साल ऐतिहासिक रथ यात्रा निकालते आए है । जिसमें बड़ी संख्या में उड़ीया समाज के लोगों के साथ अन्य लोग भी लाखों की संख्या में शिरकत करते है । इस साल भी पिछले 27 जून को जिस दिन रथ यात्रा आयोजित हुई थी उस दिन भी जगन्नाथ मंदिर सेक्टर चार से राम मंदिर सेक्टर एक तक लाखों लोगों की भारी भीड़ देखी गयी । कल भी बहुरा यात्रा के दौरान लोगों की भारी भीड़ होने की संभावना है । जिसे लेकर जिले का पुलिस महकमा और स्वयं सेवी संस्थाओं के लोग अभी से ही तैयारियों में जुट गये हैं ।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन

**ताजिया की लंबाई 4 मीटर से अधिक ना हो : उपायुक्त**

दुमकाःआगामी मुहर्रम पर्व के मद्देनजर उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शांति समिति के सभी सदस्यों से आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की।मौके पर उपायुक्त ने सभी लाइसेंस धारी अखाड़ों को निर्धारित रूट से ही जुलूस आयोजित करने एवं किसी भी परिस्थिति में रूट ना बदलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्व के दौरान अगर किसी भी प्रकार की कोई अफवाह सामने आती है, तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से नजदीकी थाना अथवा जिला प्रशासन को दी जाए। उन्होंने शांति व्यवस्था बिगड़ने की घटना होने पर अविलम्ब इसकी सूचना नजदीकी थाना अथवा जिला कण्ट्रोल रूम को देने की बात कही । उपायुक्त के द्वारा सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्ती करने एवं हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। किसी भी तरह की विधि व्यवस्था के समस्या की सूचना मिलने पर उसके निवारण के लिए त्वरित कारवाई करने का निर्देश दिया ।मौके पर उपायुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में दिए जा रहे दिशा-निर्देशों को अपने-अपने क्षेत्रों में सभी अखाड़ों और अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की। साथ ही जुलूस के दौरान लोगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ताजिया की लंबाई 4 मीटर से अधिक ना हो। बिजली विभाग के द्वारा यथा संभव बिजली नहीं काटी जाएगी। मुहर्रम के दौरान अप्रिय घटना के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन के द्वारा ड्रोन से दुमका शहरी क्षेत्र की निगरानी की जायेगी ।इस दौरान उपायुक्त ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर आकस्मिक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल एवं अग्निशमन अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने एवं आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्य करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक पितांबर सिंह खेरवार ने अखाड़ा समिति के सदस्यों से अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत वैसे शरारती तत्व जो पर्व के दौरान सौहार्द पूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का प्रयास करते हैं उन्हें चिन्हित कर पुलिस को सूचित करने की अपील किया। उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर साइबर सेल के द्वारा सतत निगरानी रखी जायेगी । सोशल मीडिया में भ्रामक अफवाह फैलाने की कोशिश करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी ।बैठक में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक/पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी, शांति समिति के सदस्य, अखाड़ों के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

दुमका : सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार के स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। उन्होंने इस कार्यशाला को एनईपी के सुचारू क्रियान्वयन की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का लक्ष्य शिक्षा को समावेशी, बहु-विषयी और कौशल उन्मुख बनाना है, जिसे कॉलेज स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाना आवश्यक है। डॉ. जयेन्द्र यादव, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, ने यूजी नामांकन प्रक्रिया से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। उन्होंने नामांकन में पारदर्शिता बनाए रखने, छात्रों के साथ समुचित व्यवहार करने, दस्तावेज सत्यापन के दौरान सतर्कता बरतने एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका कॉलेज स्तर पर विशेष ध्यान रखा जाए।कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूरी गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनईपी केवल पाठ्यक्रम बदलाव नहीं है, बल्कि यह शिक्षण और अधिगम की एक व्यापक संस्कृति परिवर्तन है। उन्होंने सभी कॉलेजों के नोडल अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने महाविद्यालयों में भी इसी प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन करें ताकि शिक्षकों और छात्रों को नई प्रणाली की समुचित जानकारी मिल सके।कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के एनईपी नोडल अधिकारी दीपक कुमार दास ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संशोधित रूपरेखा की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। उन्होंने बताया कि हाल ही में उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा एनईपी नियमावली में कुछ महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं, जिन्हें शैक्षणिक सत्र 2025–29 से प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेजर कोर्स के एक पेपर में अब "भारतीय ज्ञान परंपरा" को समाहित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्रों को भारत की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और मूल विचारधाराओं से परिचित कराना है। इसके अतिरिक्त, जिन विषयों में प्रयोगात्मक कार्य होता है, उन सभी मेजर कोर्स में अब 25 अंकों का प्रायोगिक मूल्यांकन अनिवार्य रूप से जोड़ा गया है, जिससे छात्रों की व्यावहारिक दक्षता में वृद्धि हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व प्रचलित 'माइनर विषय' की अवधारणा को हटाकर अब 'एसोसिएटेड कोर' और 'इलेक्टिव' विषयों की नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जो छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार विषय चयन की अधिक स्वतंत्रता प्रदान करती है। साथ ही, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स के अंतर्गत अब कंप्यूटर आधारित विषयों को शामिल किया गया है, जिससे छात्र तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें और आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। अंत में उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह संशोधित नियमावली केवल उन्हीं छात्रों पर लागू होगी जो सत्र 2025–29 में नामांकित होंगे, जबकि इससे पूर्व नामांकित विद्यार्थियों की पढ़ाई पूर्ववर्ती पाठ्यक्रम एवं संरचना के अनुरूप ही संचालित की जाएगी।कार्यशाला के अंतिम सत्र में विभिन्न महाविद्यालयों से आए नोडल अधिकारियों के साथ खुला प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जहाँ उन्होंने कार्यान्वयन से संबंधित शंकाएं और सुझाव प्रस्तुत किए। इन सभी प्रश्नों का संतोषजनक समाधान विश्वविद्यालय की टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय की सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. पूनम हेम्ब्रम के औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके सक्रिय सहयोग और सकारात्मक सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की सफलता में एनईपी टास्क फोर्स के सदस्य डॉ. इन्द्रजीत कुमार, सहायक मजोज, पंकज तथा अन्य सहयोगियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित कीं।

## आदिवासी छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ की घटना के विरुद्ध अभाविप का विरोध प्रदर्शन

**कुलपति को ज्ञापन देकर मामले की उच्च स्तरीय जांच एवं दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई की मांग**



दुमकाःअखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका इकाई की ओर से सोमवार को ए.एन. कॉलेज और सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया। अभाविप ने कॉलेज परिसर में एक आदिवासी छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा कथित छेड़छाड़ की घटना को लेकर गहरी नाराजगी जताई और तत्काल प्रभाव से दोषी शिक्षक को पद से हटाने की मांग की।एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता ने कहा कि कॉलेज परिसर में शिक्षक नीरज प्रसाद द्वारा ऐसी घिनौनी हरकत किया जाना बेहद शर्मनाक है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। परिषद ने कुलपति से मांग की कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।इसके साथ ही एबीवीपी ने कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी उठाई। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है, तो एबीवीपी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगी।एबीवीपी दुमका के नगर सह-मंत्री विशाल गुप्ता ने कहा कि "महिलाओं और विशेषकर आदिवासी छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। दोषी चाहे जो भी हो, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। अवसर पर मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री हिमांशु दुबे, जिला संयोजक अभिषेक गुप्ता, नगर सहमंत्री अमन साहब ,विवेक धर ,विशाल गुप्ता नगर खेल प्रमुख आदित्य जोशी, नगर सोशल मीडिया प्रमुख, राज केसरी ,शिवम कुमार, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनूप दत्त, पीयूष शर्मा, मनीष मंडल आनंद कुमार आदि मौजूद थे।

### एल ए जे कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी समीर पंडित झारखंड के तेज गेंदबाजों के कैंप के लिए चयनित

दुमकाःदुमका के एल ए के कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी समीर पंडित झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तेज गेंदबाजों के कैंप के लिए चयनित हुए हैं । 7 से 11 जुलाई तक जेएससीए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 2007 वर्ल्ड कप के चैंपियन खिलाड़ी रुद्र प्रताप सिंह के द्वारा झारखंड के तेज गेंदबाजों को प्रशिक्षित किया जाएगा । इसमें झारखंड के कई रणजी खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे । झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा 34 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की गई है जिसमें दुमका के एल ए के कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी समीर पंडित भी हैं । उनके चयन से अकादमी के खिलाड़ियों में काफी खुशी का माहौल देखा गया । अकादमी के मुख्य कोच अमित रंगराजन ने बताया की समीर पंडित काफी होनहार और मेहनती खिलाड़ी हैं विगत वर्षों में दुमका जिला से खेलते हुए उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है । उनके परिश्रम का उपहार इस कैंप में चयन के रूप में उन्हें मिला है । जहां वह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से और झारखंड के पूर्व खिलाड़ियों से काफी कुछ सीखने को मिलेगा ।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुद्र प्रताप सिंह पहले भी दुमका ग्रीन माउंट अकैडमी के सचिव करुण कुमार राय और अमित रंगराजन के आमंत्रण पर ग्रीन माउंट अकैडमी के जामा शाखा में 2020 में आ चुके हैं ।

### दीदियों के लिए तीन दिवसीय लीडरशिप एवं गवर्नेंस प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

दुमकाःझारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में नोनीहाट एम सी एल एफ के ओ बी एवं ई सी सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय लीडरशिप एवं गवर्नेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 02 से 04 जुलाई 2025 तक चला, जिसका संचालन राज्य स्तरीय संसाधन व्यक्ति अंजना प्रियदर्शनी द्वारा किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य एम सी एल एफ की दीदियों को नेतृत्व और सुशासन से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित कर उनकी नेतृत्व क्षमता को सशक्त बनाना था।

# सेल ने अपनी वैश्विक मौजूदगी को मजबूत करने के लिए दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का किया उद्घाटन





बोकारो : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), जो भारत के सबसे बड़े इस्पात उत्पादकों में से एक है और जिसकी वार्षिक कच्चा इस्पात उत्पादन क्षमता 20 मिलियन टन से अधिक है, ने दुबई में अपने प्रतिनिधि कार्यालय का 2 जुलाई, 2025 को उद्घाटन किया है. सेल का यह मिडिल ईस्ट में पहला अंतरराष्ट्रीय कार्यालय है, जो कंपनी की वैश्विक विस्तार रणनीति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.सेल के इस महत्वपूर्ण कार्यालय का उद्घाटन माननीय केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री, श्री एच.डी. कुमारस्वामी ने दुबई में किया. इस अवसर पर भारत के महावाणिज्यदूत सतीश कुमार सिवन, सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमरेंदु प्रकाश, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अमिताव मुखर्जी, इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री वी.के. त्रिपाठी, और सेल, इस्पात मंत्रालय, एनएमडीसी तथा मेकॉन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.दुबई में स्थापित यह रणनीतिक केंद्र, सेल को इस्पात निर्यात को बढ़ावा देने, प्रमुख उद्योग संबंधों को गहरा करने और भारत-यूएई व्यापार संबंधों को मजबूत करने में मदद करेगा. मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (मेना) क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में दुबई की भूमिका और इसका निवेशक-अनुकूल वातावरण, सेल के लिए उभरते बाजारों में विस्तार के लिए एक अनुकूल आधार प्रदान करता है.यह कदम भारत सरकार के अपने इस्पात उद्योग की वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने और 2030 तक 300 मिलियन टन के राष्ट्रीय इस्पात उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है. यह सेल के एक विश्व-प्रतिस्पर्धी इस्पात निर्माता के रूप में विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो अंतरराष्ट्रीय इस्पात क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई साख को दर्शाता है.

# मोबाइल दुकान को जेसीबी से तोड़कर लूट की घटना को अपराधियों ने दिया अंजाम

## विरोध में स्थानीय लोग व दुकानदारों ने किया सड़क जाम

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी नगर थाना क्षेत्र के शंकर चौक से आगे बड़ा बाजार में बीते गुरुवार की रात लगभग एक बजे चार-पांच बाइक सवार असामाजिक तत्वों ने अपने साथ जेसीबी लाकर दुकान में तोड़फोड़ करते हुए दुकान में रखे मोबाइल फोन एवं एक लाख रुपया लूट कर चले गए। रात में जब दुकान के मलिक मोहम्मद शकील को इस घटना की जानकारी मिली तो वह दुकान पर पहुंचा। तब तक असामाजिक तत्व भाग चुके थे। मौके पर रात में ही नगर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों ने घटना के विरोध में सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम से मधुबनी रोड की मुख्य सड़क रोड अस्त-व्यस्त हो गया। मौके पर नगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे उन्होंने सड़क जाम कर कर रहे लोगों को समझा बूझाकर शांत कराया, और आक्रोशित लोगों को आश्वस्त किया कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र होगी।



### पूर्व में असामाजिक तत्वों ने दिया था दुकान खाली करने की धमकी

इस संबंध में पीड़ित दुकान संचालक मोहम्मद शकील ने नगर थाना में आवेदन देकर कहा है कि उसके पिताजी एवं वे स्वयं दोनों मिलकर पिछले 30 40 वर्षों से ए वन मोबाइल दुकान का संचालन करते आ रहे हैं। 2023 में दुकान के मकान मालिक रेहान फिरदौस, अरशद फिरदौस एवं उनकी बहन जरताज से जमीन व दुकान को खरीदने के लिए एग्रीमेंट किया था। जिसमें कुछ रकम बकाया रहने के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाया है। पिछले 1 जुलाई को दुकान पर लहेरियागंज निवासी मोहम्मद इकबाल एवं रहिका थाना क्षेत्र के मोहम्मद उजाले एवं चार-पांच अन्य अपराधी पहुंचकर गाली-गलौज किया एवं 5 लाख रुपया के रंगदारी की मांग की। उनलोगों ने धमकी दिया की रंगदारी नहीं देने पर जान से हाथ धोना पड़ेगा। बीते गुरुवार की रात अपराधियों ने दुकान में जेसीबी लगाकर सरकार शटर एवं गेट को तोड़कर मोबाइल एवं गल्ला में रखे लगभग एक लाख रुपया लूटकर चला गया। नगर थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि घटना की जांच कराई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से जेसीबी का नंबर बीआर 32 जीबी 6927 से घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। जेसीबी के मालिक के बारे में भी जानकारी प्राप्त हो गया है। जेसीबी पर नगर निगम लिखा पाया गया है।

# नकली दवा मामले में दोषी करार नीतीश के मंत्री जीवेश मिश्रा, विपक्ष ने की इस्तीफे की मांग

पटना (ईएमएस)। बिहार की नीतीश सरकार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कोटे से मंत्री जिवेश कुमार उर्फ जीवेश मिश्रा नकली दवा मामले में दोषी करार दिए गए है। अब विपक्ष ने उनके खिलाफ मोर्चा खोलकर मिश्रा का इस्तीफा मांगा है। राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने उन्हें 15 साल पुराने मामले में बीते महीने दोषी करार दिया था। हालांकि, बाद में 7000 रुपये का जुर्माना भरवाकर सदाचार बनाए रखने की शर्त पर छोड़ दिया गया।बिहार के नगर विकास मंत्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग कर कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि भाजपा को भी इन्हें तुरंत पार्टी से बाहर करना चाहिए। इनके नकली दवाओं के नेटवर्क और कनेक्शन की जांच होनी चाहिए। पूर्णिया से सासंद पप्पू यादव ने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग की।सासंद पप्पू ने आरोप लगाया कि मंत्री नकली दवा माफिया हैं। वे नकली दवाएं बेचकर आम लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। बिहार के साथ कितना कुकर्म कर रहे थे। उन्होंने दरभंगा जिले के जाले की जनता से आगामी चुनाव में मिश्रा को सबक सिखाने की अपील की। मिश्रा



जाले से विधायक हैं।वहीं राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने भी नीतीश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह लाचार, अचेत और समझौता परस्त मुख्यमंत्री की सुशासन सरकार है। जहां नकली दवा का कारोबारी भी मंत्री की कुर्सी पर विराजमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए सरकार में अनैतिक कामों में लिप्त लोगों का जमावड़ा है। नीतीश को कुर्सी से चिपके रहने की आदत है, इसलिए वे दोषी सिद्ध हो चुके मंत्री को कैबिनेट से बाहर करने की हिम्मत नहीं दिखा पा रहे है।रिपोर्ट्स के अनुसार यह मामला सितंबर 2010 का है। राजस्थान के देवगढ़ (राजसमंद) में स्थित कंसारा ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूटर्स कंपनी में निरीक्षण के दौरान दवाओं के सैंपल लिए थे। इन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया, तब सिप्रोलिन-500 टेबलेट के मिलावटी और अमानक श्रेणी का पाया गया। जांच में सामने आया कि कंसारा ड्रग्स डिस्ट्रीब्यूटर्स को इन दवाओं की सप्लाई ऑल्टो हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी सहित दो अन्य फर्मों ने की थी। मिश्रा इस कंपनी के निदेशक हैं।इस मामले में राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को मिश्रा सहित 9 आरोपियों को दोषी करार दिया था। 1 जुलाई को सजा पर फैसला सुनाया गया। इस दिन मिश्रा भी अदालत में पेश हुए। कोर्ट ने उन्हें राहत देकर अर्थदंड लगाकर और अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के तहत सदाचार बनाए रखने की शर्त पर छोड़ दिया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का हमला चुनाव आयोग आरएसएस का दफ्तर

#### बीजेपी का पलटवार, बूथ लूट कर विधायक बने

पटना (ईएमएस)। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव आयोग आरएसएस का दफ्तर है, उस रोकना चाहिए। संवैधानिक दायित्व के ऊपर भी खतरा बढ़ रहा है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के बिहार में चुनाव लड़ने पर पप्पू यादव ने कहा कि अच्छी बात है आकर बिहार में चुनाव लड़े, लेकिन रस्सी जल गया ऐठन नहीं गया। अब बिहार में हार के बाद ये ऐठन चली जाएगी।इस बीच भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने पप्पू यादव पर तंज कसा। उन्होंने कहा, सांसद पप्पू यादव हमेशा बूथ लूट कर विधायक बने हैं। इस बार उन्हें तेजस्वी यादव का आशीर्वाद प्राप्त था। तेजस्वी ने जान-बूझकर एक साजिश के तहत अति पिछड़ा समाज की बेटी को चुनाव लड़ाया ताकि वोट बंट जाएं।उन्होंने वोटर पुनरीक्षण पर कहा, 5 करोड़ लोगों को पुनरीक्षण की कोई आवश्यकता नहीं है। केवल 70-80 लाख लोगों को दस्तावेज दिखाने है। जो लोग पढ़ते नहीं हैं, कुछ जानते नहीं हैं और जो लोग मान चुके हैं कि वे बिहार विधानसभा चुनाव 2025 हार गए हैं, वही लोग इस पुनरीक्षण को लेकर विधवा-विलाप कर रहे हैं। लालू यादव जैसे बड़े घोटालेबाज के सत्ता में रहते हुए भी यदि कोई घोटाला पुनरीक्षण में नहीं हुआ, तब अब क्यों कोई गड़बड़ होगी?"

### महागठबंधन में शामिल होने को आतूर औवेसी की पार्टी, लालू को पत्र लिखकर किया अनुरोध

पटना (ईएमएस)। बिहार में एआईएमआईएम इस साल के अंत में होने वाले बिहार चुनाव में एकजुट मोर्चा बनाने और अल्पसंख्यक वोटों को एकजुट करने के लिए महागठबंधन में शामिल होने को आतूर है। सूत्रों ने बताया कि बिहार के एआईएमआईएम प्रमुख और विधायक अख्तरुल ईमान ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव को पत्र लिखा है, जिसमें एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने का अनुरोध किया गया है।पत्र में औवेसी के विधायक इमाम ने कहा कि एक साथ चुनाव लड़ने से यह सुनिश्चित होगा कि धर्मनिरपेक्ष वोट बांटेगें नहीं और अगली सरकार बनाने के लिए महागठबंधन के पास बेहतर मौका होगा। हालांकि, इमाम ने कहा कि एआईएमआईएम को महागठबंधन में शामिल करने पर जल्दी निर्णय नहीं लेना राजद के लिए एक खोया हुआ मौका माना जाएगा। इमाम ने कहा कि हमारी पार्टी ने आरजेडी, कांग्रेस और महागठबंधन के अन्य दलों से उनके साथ जुड़ने के लिए बात की है। एक प्रस्ताव भेजा गया है।असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के नेता ने कहा कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तब उन्हें यह नहीं कहना चाहिए कि वे चाहते हैं कि हम चुनाव के बाद उनके साथ रहें। सीमांचल में अल्पसंख्यक वोटों के लिए कड़ी टक्कर होगी। किशनगंज में 67 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता हैं, कटिहार में 38 प्रतिशत, अररिया में 32 प्रतिशत और पूर्णिया में 30 प्रतिशत। राजद के तेजस्वी यादव ने पटना के गांधी मैदान में वक्फ बचाओ-संविधान बचाओ रैली में भाग लिया, जहां उन्होंने घोषणा की कि अगर वे सत्ता में आए, तब वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

### जिसके अपहरण को लेकर हो रहे थे प्रदर्शन, उस लड़की ने शादी कर वीडियो किया शेयर

दरभंगा,(ईएमएस)। समस्तीपुर की छात्रा मोनिका 27 जून से लापता थी, उसकी सकुशल बरामदगी के लिए छात्र संगठन ने सड़क पर प्रदर्शन किया। इन सबके बीच अब सात दिनों के बाद मोनिका ने सोशल मीडिया में एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह शादीशुदा नजर आ रही है। साड़ी पहने है, मांग में सिंदूर है। वीडियो में वह कह रही है कि वह अपनी मर्जी से घर से आई है। उसका अपहरण नहीं हुआ है और उसने अपनी मर्जी से शादी की है। उसे ढूंढना बंद कर दें।वीडियो देखकर लग रहा है कि मोनिका पढ़कर पूरा मैसेज बोल रही है। उसने ये भी कहा कि सोशल मीडिया से मेरी तस्वीरें और वीडियो वायरल किया जा रहा है, जिसे तुरंत हटाया जाए। मोनिका समस्तीपुर के कर्पूरी गांव की रहनी वाली है। वह दरभंगा के ललित नारायण मिथिला यूनिवर्सिटी के सीएम कॉलेज की पीजी सेकेंड सेमेस्टर की छात्रा है। मोनिका रोजाना समस्तीपुर से ट्रेन से कॉलेज आती थी। 27 जून को भी सुबह 7 बजे समस्तीपुर से निकली थी।लड़की के पिता पवन कुमार शर्मा ने बेटी के कॉलेज से नहीं आने पर खोजबीन की। कॉलेज के सीसीटीवी फुटेज में मोनिका सुबह 8:59 बजे मेन गेट से कॉलेज में एंट्री करती दिख रही है। 9:02 बजे वो सेकेंड फ्लोर पर जाती नजर आई लेकिन छुट्टी के बाद कॉलेज से बाहर निकलते हुए नहीं दिखी। इसके बाद गुमशुदा होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बतादें गुरुवार की शाम मोनिका की बरामदगी की मांग को लेकर छात्र संगठन ने मार्च निकाला था।

### पटना में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ मास्टरमाइंड महिला सहित 5 गिरफ्तार

पटना (ईएमएस)। पटना के पटेल नगर इलाके में एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस रैकेट के मास्टरमाइंड महिला समेत पांच लोगों को एक घर से आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया है। जानकारी मिली है कि यह सेक्स रैकेट गांधी मूर्ति से महज 100 मीटर की दूरी पर एक रिहायशी इलाके में संचालित हो रहा था। पुलिस के अनुसार मास्टरमाइंड महिला वॉट्सएेप पर लड़कियों की तस्वीरें कस्टमर्स को दिखाकर डील करती थी। ग्राहक फोटो देखकर लड़की का चयन करते थे, जिसके बाद पैसों की बातचीत होती थी। बताया जा रहा है कि एक लड़की की डील लगभग 4 हजार रुपये में होती थी। सेक्स रैकेट की संचालिका इस काम के लिए अपनी स्कूटी पर प्रेस लिखा रखती थी ताकि किसी को शक न हो और वह आराम से आवागमन कर सके। इसके अलावा, उसने अपने घर में एक कुत्ता भी रखा था, जिससे पड़ोसियों का ध्यान भटकाया जा सके। इस महिला का घर हवाई अड्डा इलाके में है। उसके पति बिहार पुलिस में दरोगा थे, जिनकी हाल ही में मृत्यु हो चुकी है। महिला अपने बेटे के साथ रहती है। पुलिस ने जब इस मकान पर रेड की, तो आसपास के लोग हैरान रह गए और छतों पर चढ़कर कार्रवाई देखने लगे।

# बिहार विस चुनावः मुस्लिम बहुल सीटों की खातिर अचानक भड़क उठा वक्फ ऐक्ट का मुद्दा!

पटना(ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इससे पहले तमाम राजनैतिक दल सीटों को लेकर अपने अपने समीकरण बिठा रहे हैं। चर्चा है कि मुस्लिम बाहुल्य सीटों को लेकर बिहार में कई दलों की नजर है। शायद यही कारण है कि यहां वक्फ संसोधन अधिनियम को लेकर मुद्दा गरमाता जा रहा है। विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। रविवार को पटना के गांधी मैदान में वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के खिलाफ एक बड़ी रैली आयोजित की गई। यह रैली इमारत-ए-शरिया द्वारा आयोजित की गई थी, जो कि बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की प्रमुख सामाजिक-शैक्षणिक एवं धार्मिक संस्था है। इस प्रदर्शन का नाम रखा गय वक्फ बचाओ, दस्तूर बचाओ सम्मेलन।सुप्रीम कोर्ट में इस अधिनियम को पहले ही चुनौती दी जा चुकी है और मई में शीर्ष अदालत ने सुनवाई के बाद



अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका विरोध अब और तेज हो गया है। इमारत-ए-शरिया के अमीर मौलाना फैसल रहमानी ने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों के विरोध के बाद तीन कृषि कानून वापस ले लिए थे, इसलिए यदि व्यापक जनविरोध हुआ तो वक्फ कानून में किए गए संशोधन भी वापस हो सकते हैं। वक्फ बाय यूज' की व्यवस्था हटाना यानी वह जमीन जो वर्षों से धार्मिक या परोपकारी मुस्लिम कार्यों में उपयोग हो रही है, उसे अब वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा जब तक वह पंजीकृत न हो। गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने की अनुमति। जिला कलेक्टर को यह अधिकार देना कि वह तय कर सके कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी है या नहीं। वक्फ संपत्तियों पर सीमा अधिनियम लागू करना, जिससे वक्फ बोर्ड किसी जमीन पर बहुत समय बाद दावा नहीं कर सकेगा, चाहे वह वक्फ संपत्ति हो। बिहार की मुस्लिम आबादी 17 प्रतिशत से अधिक है। इमारत-ए-शरिया की जड़ें यहां मजबूत हैं। पूर्व प्रमुख मौलाना वली रहमानी के कार्यकाल से ही यहां यह मजबूत है। राज्य में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने हैं और राजद व कांग्रेस जैसे विपक्षी दल इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहे हैं। रैली में राजद नेता तेजस्वी यादव मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।इमारत-ए-शरिया बिहार, झारखंड, ओडिशा और बंगाल के जिला स्तर पर आंदोलन को तेज करेगी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में समान विचारधारा वाले संगठनों से संपर्क कर रही है। इसके अलावा, नई दिल्ली में एक विशाल राष्ट्रीय स्तर की रैली आयोजित करने की योजना बन रही है।

### तिवारी गिरोह के दो अपराधी छिनतई के आरोप में गिरफ्तार

मघुबनी, (ईएमएस)। मघुबनी नगर थाना पुलिस ने बेगूसराय के तिवारी गैंग के दो अपराधी को पकड़ने में सफलता मिली है। दोनों गिरफ्तार अपराधी बेगूसराय जिला के फुलवरिया थाना क्षेत्र के तिवारी टोला का गोपाल तिवारी एवं गार्डन तिवारी है। नगर थाना अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बीते 30 जून को एक बुजुर्ग स्टेट बैंक से 50 हजार रूपये निकाल कर गिलेशन में समान लेने लगा। इसी दौरान दोनों बदमाश चकमा देकर पैसा निकाल लिया था। मामले को लेकर नगर थाना में आवेदन दिया था। नगर थाना पुलिस ने मामले की जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस दौरान बुजुर्ग के समीप दो अपराधी घूमते हुए देखे गए। इस बीच बीते बुधवार को स्टेट बैंक की रेकी के दौरान इस संदिग्ध अपराधी पर नजर पड़ी। जिसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान मामला सामने आया कि बीते 30 जून को हुए घटना में वह सम्मिलित था। साथ ही पुछताछ के क्रम में बात सामने आई की इनका 20 से 25 युवाओं की टीम है जो राज्य स्तर पर फैला है।

## पटना में डॉक्टर की पत्नी की मिली लाश, हत्या या आत्महत्या !

पटना, (ईएमएस)। पटना के किदवईपुरी में गुरुवार रात एक डॉक्टर के फ्लैट से उनकी पत्नी का संदिग्ध हालत में शव मिलने से हड़कंप मचा है। डॉक्टर का नाम अभिजीत सिन्हा है, उनकी पत्नी सृष्टि श्रेया (36) की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। सृष्टि श्रेया का शव श्रीकृष्ण नगर के उनके फ्लैट से संदिग्ध परिस्थियों में बरामद किया गया है। मृतका के तीन बच्चे हैं जिसमें एक की उम्र 11 साल, दूसरे की 9 साल और तीसरे की 7 साल है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या यह पुलिस जांच के बात ही पता चल पाएगा। उधर घटना की सूचना मिलते ही महिला के मायके वाले आनन-फानन में पटना पहुंचे और पूरे मामले को हत्या करार दिया है। सृष्टि की मां ज्योत्सना कुमारी ने कहा कि उनकी बेटी बहादुर थी और वह कभी आत्महत्या नहीं कर सकती है, उसकी हत्या की गई है। जबकि पति और सास का कहना है कि उसने आत्महत्या की है। लेकिन



मृतक सृष्टि की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को शादी के बाद से ही लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। डॉक्टर अभिजीत और उसकी मां नीलम अक्सर सृष्टि के साथ मारपीट करते थे। गुरुवार सुबह ही सृष्टि से फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें वह सामान्य और शांत लग रही थी। मृतक सृष्टि की मां ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या की गई और फिर पंखे से लटका कर इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की गई। डॉक्टर अभिजीत का किसी महिला नर्स से संबंध था, जिसकी वजह से वह सृष्टि को आए दिन मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता था। बताया गया है कि सृष्टि की शादी डॉक्टर अभिजीत सिन्हा से 2012 में हुई थी। वह मूल रूप से नवादा की रहने वाली थी। शादी के बाद श्रीकृष्ण नगर में अपने पति, सास और तीन बच्चों के साथ रहती थी। फिलहाल पुलिस ने मायके वालों के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर घटना के बाद से ही डॉक्टर अभिजीत सिन्हा, उनकी मां डॉक्टर नीलम सिन्हा और भाई घर से फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस को उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामले की जांच के लिए एफएसएल की टीम को भी लगाया गया है।

### बेगूसराय में ज्वेलरी शॉप के मालिक की हत्या, अपराधियों ने मारकर फेंकी लाश, जांच में जुटी पुलिस

बेगूसराय : बिहार के बेगूसराय में चार दिवारी के भीतर एक आभूषण दुकानदार का लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव की है। शुक्रवार की अहले सुबह चहारदीवारी के भीतर मिले शव को देखकर प्रथम दृष्टि संदिग्ध अवस्था में मौत की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी पाकर सिंघौल थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृत दुकानदार की पहचान महारथपुर निवासी मनोज शाह, सुनील कुमार (24) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बर्तन और आभूषण (पायल आदि) का दुकान फतेहपुर में चलाता था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि सुनील ने गुरुवार दोपहर उसने अपनी पत्नी को फोन किया था। कहा कि सामान की डिलीवरी देने के लिए आया हूं। थोड़ी देर में घर आता हूं। करीब दो घंटे बाद भी सुनील घर नहीं लौटे तो पत्नी ने



कॉल किया लेकिन उसने रिसीव नहीं किया। इसके बाद परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। अहले सुबह सुनील की लाश मिली तो सब दंग रह गए। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हालांकि, किन कारणों से मृत्यु हुई है, उसका अभी तक कोई भी पता नहीं चल पाया है। लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि उक्त दुकानदार की हत्या कर शव को ठिकाना लगा दिया गया है। वहीं भाई दिनेश साह ने दावा किया कि सुनील को किसी ने दुकान से अगवा किया। आज लाश मिली है। आशंका है कि अपराधियों ने अपहरण के बाद उसकी हत्या की है। पुलिस से अपील है कि वह इस मामले को गंभीरता से ले और आरोपियों की गिरफ्तारी करे। लोगों का कहना है कि दुकानदार अपनी दुकान चलाकर भरण पोषण करता था। सिंघौल थानेदार चंद्रकांत सिंह ने बताया कि एक दुकानदार की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। फिलहाल घटना के कारणों का जांच किया जा रहा है। जिस जगह दुकानदार की लाश मिली है। उसी इस आसपास क्षेत्र में उसकी दुकान भी है। फिलहाल जांच पड़ताल के बाद ही मामला के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल पाएगा। शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की कागजी प्रक्रिया में पुलिस जुटी हुई है।

## जदयू की सभा में पहुंची महिलाओं ने किया हंगामा, बिजली बिल माफी और जमीन के पर्चे की मांग लेकर नाराजगी

दरभंगा : जिले के जुबली हॉल में जदयू के बीस साल के बेमिसाल अपनी सरकार जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने सरकार और पार्टी कार्यकर्ताओं पर जमकर नारेबाजी की। मुख्य अतिथि एमएलसी व जदयू प्रवक्ता संजय सिंह, बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं मंत्री संजय सरावगी सहित कई नेता इस कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण महिलाओं ने स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें वाहन की सुविधा देकर बिजली बिल माफ कराने, जमीन के पर्चे देने और लाल कार्ड देने के नाम पर सभा में बुलाया गया था लेकिन उनकी कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। सभा में आने के बाद जब उन्हें कोई राहत नहीं मिली तो उनका गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जदयू कार्यकर्ताओं पर जमकर विरोध जताया। महिलाओं ने जोर देकर कहा कि स्थानीय नेतागण झूठे वादे कर उन्हें भ्रमित कर रहे हैं। सभा के दौरान महिलाओं ने अपनी नाराजगी खुलकर जताई और मीडिया के सामने नेताओं की पोल



खोल दी। इस बीच जदयू की महिला नेत्री अंजिला शर्मा ने महिलाओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन गुस्साई महिलाओं ने उनकी कोई बात नहीं मानी। मामला तूल पकड़ने पर मीडिया से बात करते हुए जदयू की दरभंगा नगर अध्यक्ष अंजिला शर्मा ने इसे विपक्ष की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि यह सब राजद विधायक ललित यादव के इलाके से आने वाली महिलाएं हैं, जहां विकास के काम नहीं हुए और जनता को लाभ नहीं मिला। शर्मा ने दावा किया कि जदयू सभी के लिए काम करती है और यह सभा सरकार के विकास कार्यों की जानकारी देने के लिए आयोजित की गई थी।उन्होंने बताया कि महिलाओं ने कार्यक्रम के दौरान आराम से बैठकर नेताओं के भाषण सुने, शायद इसलिए कि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद थी लेकिन वह उम्मीद पूरी नहीं हुई। गौरतलब है कि इस जनसंवाद कार्यक्रम में बिहार के समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, जदयू एमएलसी व प्रवक्ता संजय सिंह, विधायक अजय चौधरी समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम दरभंगा विश्वविद्यालय परिसर के जुबली हॉल में आयोजित किया गया था, जहां बिहार सरकार के विकास कार्यों की चर्चा की गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भोपाल में पटवारियों के तबादले और अटैचमेंट में बदलाव

भोपाल,(ईएमएस)। भोपाल की 5 तहसीलों में पदस्थ 12 पटवारियों के अटैचमेंट कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खत्म किए हैं। इन्हें उनकी पूर्व पदस्थापना वाली तहसीलों में भेजा गया है। वहीं, एक अनोखा मामला भी सामने आया है, जिसमें 16 दिन पहले जिस पटवारी का तबादला हुआ था, उस पटवारी को ही दूसरी तहसील में अटैच किया गया। बात दें कि 17 जून को 14 पटवारियों को इधर से उधर किया गया था। इसमें हुजूर में पदस्थ देवेंद्र पटेल को बैरसिया तहसील में भेजा गया था। अब अपर कलेक्टर दक्षिण ने पटेल को नजूल वृत्त टीटी नगर में कार्य संपादित करने के लिए अटैच कर दिया है। जून में भोपाल की एक ही तहसील में 3 साल से जमे करीब 50 पटवारियों को हटाया गया था, जिसमें 4 राजस्व निरीक्षक भी शामिल थे। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने करीब 8 महीने पहले प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप के सामने यह मुद्दा उठाया था।

### अभिनेता से राजनेता बने विजय ने बीजेपी से गठबंधन पर किया इंकार, हमारी उनकी विचारधारा मेल नहीं खाती

चेन्नई,(ईएमएस)। अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने उन्हें 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए अपना मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। टीवीके की बैठक में विजय ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी। अभिनेता ने कहा कि उनके और उनकी पार्टी के विचार बीजेपी से मेल नहीं खाते। विजय ने बीजेपी से हाथ मिलाने की संभावना को खारिज कर कहा, भगवा पार्टी अन्य जगहों पर जहर के बीज बो सकती है, लेकिन तमिलनाडु में ऐसा नहीं कर सकती है। उन्होंने जोर दिया कि आप अन्ना और पेरियार का विरोध या अपमान करके तमिलनाडु में जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि टीवीके, डीएमके या एआईएडीएमके जैसी नहीं है जो बीजेपी से हाथ मिला ले और उनकी पार्टी हमेशा डीएमके और बीजेपी दोनों का विरोध करेगी। पार्टी ने चुनाव से पहले गठबंधन पर फैसला लेने के लिए विजय को पूरी शक्ति सौंपी है। टीवीके ने राज्य में दो करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। विजय इस साल सितंबर से दिसंबर तक तमिलनाडु का राज्यव्यापी दौरा करने वाले है। पार्टी का दूसरा राज्य सम्मेलन अगस्त में आयोजित होगा। पार्टी ने केंद्र से कच्चातिवु द्वीप को श्रीलंका से वापस लेने की मांग की और कीझाडी में 2000 वर्ष से अधिक पुरानी तमिल सभ्यता के निष्कर्षों को छुपाने के प्रयासों की निंदा की।

### मौलाना तौकीर रजा ने कहा, मुसलमान को अपनी पहचान भी नहीं छुपानी चाहिए

#### योगी सरकार के नेम प्लेट लगाने के फरमान को सही बताया

बरेली,(ईएमएस)। मुजफ्फरनगर सहित यूपी के हर जिले में कांवड़ यात्रा के मार्ग में पड़ने वाली दुकानों, रेस्टोरेंट और ढाबों पर नेम प्लेट लगाने का फरमान जारी हुआ है। हालांकि, इसकी तस्दीक करने के लिए मुजफ्फरनगर में हिंदू संगठन काफी सक्रिय दिखाई दे रहे हैं, लेकिन इस पर विवाद हो रहा है। इस बीच बरेली के मौलाना तौकीर रजा ने भी मामले में प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक ओर योगी सरकार के फैसले का समर्थन किया है। वहीं दूसरी ओर हुड़दंग मचाने वाले कावड़ियों को आतंकवादी कह दिया है। रजा ने कहा कि जिस प्रकार से मुसलमान दाढ़ी और टोपी रखते हैं, उस प्रकार से हिंदू तिलक नहीं लगाते हैं, सच्चे सनातनी हो, तब तिलक जरूर लगाओ और अपनी पहचान बताओ। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश दिया है, वहां इस बात का समर्थन करते हैं, क्योंकि आस्था के मामले में किसी किस्म की छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। बकौल तौकीर रजा ने कहा कि नेम प्लेट से शिनाख्त तक ठीक है, लेकिन पैंट उतरवाकर चेक करना ये जायज नहीं है। रजा ने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार ने जो नेम प्लेट का आदेश जारी किया है, उसकी मंशा कुछ भी रही है, यकीनन मकसद सिर्फ नफरत फैलाने का ही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुसलमान को अपनी पहचान भी नहीं छुपानी चाहिए। उन्हें अपनी दाढ़ी, टोपी और लिबास से दिखा देना चाहिए कि वह एक मुसलमान है और सच्चा हिंदुस्तानी है। तौकीर रजा ने कहा कि जब कोई ठाकुर साहब, किसी पंडित जी को खून की जरूरत पड़ती है, तब वह ब्लड बैंक से जो खून लेता है, उस पर कोई नेम प्लेट लगाने का काम क्यों नहीं होता है। पंडित/ठाकुर की रगों में किसी दूसरे का खून चढाया जाता है, तब इससे उसका धर्म भ्रष्ट नहीं होता है क्या।

### बुजुर्ग ने नहीं मानी लोगों की बात, बारिश में पुलिया पार करते समय बहने से मौत

भीलवाड़ा। राजस्थान में लगातार हो रही बारिश के बीच भीलवाड़ा जिले से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। चोहली गांव के पास बनास नदी पार करने की कोशिश में एक 60 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान खाखुदा गांव निवासी शंकर लाल के रूप में हुई है। यह घटना तब हुई जब शंकर लाल चोहली से रामगढ़ की ओर जा रहे थे और उन्होंने नदी के पुलिया को पैदल पार करने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बनास नदी की पुलिया पर करीब चार फीट तक पानी बह रहा था। वहां मौजूद लोगों ने शंकर लाल को रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने चेतावनियों को नहीं माना। जैसे ही वे पुलिया पर चढ़े, तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ा और पानी में बह गए। वीडियो फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि वह बहते-बहते एक पेड़ को पकड़ने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ ही पलों में तेज धारा उन्हें बहा ले जाती है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ की मदद से बुजुर्ग का शव बरामद किया है। यह हादसा अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### कंगना के पोस्ट पर ठाकुर का बयान, हम चिंतित हैं, जिन्हें चिंता नहीं हैं, उनके बारे में

-कंगना ने कहा था कि ठाकुर ने स्थिति ठीक होने तक रुकने को कहा

मंडी,(ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश में मानसून ने भारी तबाही मचा दी है। अब तक बादल फटने, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन और डूबने की घटनाओं में 43 लोगों की मौत हो चुकी है और 37 लोग लापता हैं। मौसम की मार के साथ ही हिमाचल का सियासी पारा भी बिगड़ गया है। दरअसल, मंडी लोकसभा सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि हिमाचल में लगभग हर साल बाढ़ से होने वाली तबाही को देखना दिल दहला देने वाला है। मैंने सेराज और मंडी के अन्य बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मुझे सलाह दी कि जब तक संपर्क और प्रभावित इलाकों तक पहुंच बहाल नहीं होती, तब तक इंतजार करना बेहतर होगा। मैं प्रशासन की अनुमति मिलने का इंतज़ार कर रही हूं और जैसे ही अनुमति मिलेगी, मैं जल्द से जल्द वहां पहुंचने की कोशिश करूंगी। कंगना के इस पोस्ट पर बीजेपी नेता और हिमाचल के पूर्व सीएम ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में ज्यादा बोलना नहीं चाहता हूं, हम लोग हमारे लोगों के साथ जीने मरने के लिए हैं, हम लोग चिंतित हैं, जिन्हें चिंता नहीं हैं, उनके बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं।

### पाकिस्तानी हॉकी खिलाड़ियों को भारत में घुसने नहीं देंगे-मौलाना शहाबुद्दीन रजवी

बरेली (ईएमएस)। आगामी अगस्त और सितंबर माह में बिहार में होने वाले एशिया हॉकी कप में पाकिस्तान की टीम को बुलाने का विरोध शुरू हो गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने इसका विरोध किया है। मौलाना बरेलवी ने कहा है कि खेल मंत्रालय ने पाकिस्तान के खिलाड़ियों को बुलाने का जो फैसला किया है, उस पर पुनर्विचार करना चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि यह खिलाड़ी भारत के दुश्मन देश पाकिस्तान से आ रहे हैं, जिसने पहलगाम में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम दिया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान में जंग हुई। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उसके तहत पाकिस्तान के अंदर आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया गया। उस वक्त यही पाकिस्तान के खिलाड़ी, कलाकार, लेखक भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे। ऐसी सूरते हाल में पाकिस्तान के खिलाड़ियों को कैसे कबूल कर लें। इन खिलाड़ियों को भारत किसी भी सूरत में नहीं आने देना चाहिए। मौलाना ने एलान करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान से खिलाड़ी भारत आए तो इनको बिहार की सरजमीं पर खेलने नहीं दिया जाएगा।

# व्यापार समझौते के लिए अमेरिका गया भारतीय दल वापस लौटा

नई दिल्ली : अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते पर बातचीत करने के बाद वॉशिंगटन गया भारतीय दल वापस लौट आया है। इस समझौते को नौ जुलाई से पहले अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है, लेकिन कृषि और वाहन सेक्टर में कुछ मुद्दों को अभी भी सहमति नहीं बनी है, इसलिए दोनों देशों के बीच चर्चा जारी रहेगी। भारतीय दल का नेतृत्व मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल कर रहे हैं। वे वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव भी हैं।

मामले में एक अधिकारी ने बताया कि वार्ता अंतिम चरण में है और इसके निष्कर्ष की घोषणा नौ जुलाई से पहले होने की उम्मीद है, जो भारत समेत कई देशों पर लगाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क के 90-दिवसीय निलंबन की अवधि का अंतिम दिन है। अधिकारी ने कहा, भारतीय टीम वॉशिंगटन से वापस आ गई है, वार्ता जारी रहेगी, कृषि और वाहन क्षेत्रों में कुछ मुद्दे हैं जिन्हें हल करने की जरूरत है।



#### डब्ल्यूटीओ के सामने उठाया वाहन क्षेत्र में 25% शुल्क का मुद्दा

भारत ने वाहन क्षेत्र में 25 प्रतिशत शुल्क को लेकर मुद्दा उठाया है। इसने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की सुरक्षा समिति में इस मामले को उठाया है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को यह भी बताया है कि उसने इस्पात और एल्युमीनियम पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखा है। भारत ने डब्ल्यूटीओ को भेजे एक पत्र में कहा, 26 मार्च 2025 को अमेरिका ने भारत में बने या वहां से आयातित यात्री वाहनों और हल्के ट्रकों तथा कुछ वाहन कलपुर्जों के आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क वृद्धि की है। जो तीन मई 2025 से असीमित अवधि के लिए लागू हो गई। पिछले साल अमेरिका ने वैश्विक स्तर पर 89 अरब डॉलर के वाहन कलपुर्जों का आयात किया। इसमें मेक्सिको का हिस्सा 36 अरब डॉलर, चीन का 10.1 अरब डॉलर और भारत का हिस्सा सिर्फ 2.2 अरब डॉलर का था।

#### कृषि क्षेत्र में भी टैरिफ पर नहीं बन पाई सहमति

कृषि क्षेत्र में अमेरिका डेयरी उत्पादों, सेब, वृक्षों से प्राप्त मेवों और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों जैसे उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। राजनीतिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र होने के कारण, भारत के लिए कृषि क्षेत्र में कोई रियायत देना कठिन और चुनौतीपूर्ण होगा। भारत ने अब तक जितने भी मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) किए हैं, उनमें से किसी भी व्यापारिक साझेदार के लिए डेयरी क्षेत्र को नहीं खोला है। भारत ने अमेरिकी कृषि और डेयरी उत्पादों को शुल्क रियायत देने पर अपना रुख कड़ा कर लिया है।

दो अप्रैल को अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन इसे 90 दिनों के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत मूल शुल्क अभी भी लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से पूरी छूट चाहता है। अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन, विशेष रूप से इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन और पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर शुल्क रियायतें चाहता है। दूसरी ओर, भारत प्रस्तावित व्यापार समझौते में कपड़ा, रत्न और आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए शुल्क रियायतें चाहता है। दोनों देश इस साल सितंबर-अक्टूबर तक प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के लिए बातचीत पूरी करने की उम्मीद कर रहे हैं। इस समझौते का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से दोगुना करके 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।

# पीएम मोदी का विदेश दौरा : कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की 1968 की यात्रा का उल्लेख किया

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के त्रिनिदाद और टोबैगो के दौरे के बीच शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा इस कैरिबियाई देश की करीब छह दशक पहले की गई यात्रा का उल्लेख किया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इंदिरा गांधी की 1968 की यात्रा पर मेजबानों द्वारा तैयार एक वीडियो फिल्म का लिंक भी साझा किया। वीडियो में देखा जा सकता है कि त्रिनिदाद और टोबैगो के तत्कालीन प्रधानमंत्री एरिक विलियम्स द्वारा हवाई अड्डे पर इंदिरा गांधी का स्वागत किया जा रहा है, उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जा रहा है और लोग उनका स्वागत करने के लिए सड़कों पर कतार में खड़े हैं।



रमेश ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मूल के लोगों के योगदान और क्रिकेट जगत की कई हस्तियों का उल्लेख भी किया। प्रधानमंत्री मोदी पांच देशों के दौरे के दूसरे पड़ाव पर बृहस्पतिवार को त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला परसाद-बिसेसर ने की। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आज त्रिनिदाद और टोबैगो में हैं। त्रिनिदाद और टोबैगो एक छोटा जुड़वां द्वीप गणराज्य है जिसने कई विश्व हस्तियों को जन्म दिया है। हम भारत में इसे उन स्थानों में से एक के रूप में जानते हैं जहाँ 19वीं शताब्दी में अंग्रेज़ हज़ारों गिरमिटिया मज़दूरों को ले गए थे। रमेश ने कहा कि गिरमिटिया मजदूरों के कुछ वंशजों ने राजनीति में अपनी अलग पहचान बनाई है, जैसे बासदेव पांडे जो 1995-2001 के दौरान प्रधानमंत्री थे, और वर्तमान प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर; साहित्य में वी.एस. नायपॉल, जिन्होंने 2001 में नोबेल पुरस्कार जीता, और उनके भाई शिव नायपॉल, और क्रिकेट में स्पिनर सन्नी रामाधीन, जिन्होंनेजून 1950 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज़ द्वारा इंग्लैंड को पहली बार हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका कहना है, लेकिन शानदार बहु-नस्लीय त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत से जुड़ाव के अलावा भी बहुत कुछ है। एरिक विलियम्स जो प्रथम प्रधानमंत्री और वहां स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेता थे। वह एक शानदार इतिहासकार थे, जिनकी पुस्तक कैपिटलिज्म एंड स्लेवरी पहली बार 1944 में प्रकाशित हुई थी, लेकिन यह आज भी क्लासिक बनी हुई है। उन्होंने उल्लेख किया कि इंदिरा गांधी ने अक्टूबर, 1968 में पोर्ट ऑफ स्पेन में मुलाकात के दौरान इस विषय पर उनसे लंबी बातचीत की थी। मेजबानों ने उनकी यात्रा पर एक सुंदर फिल्म बनाई।

### लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप मामले में पुलिस ने क्राइम सीन रीक्रिएट किया

कोलकाता,(ईएमएस)। कोलकाता पुलिस ने लॉ कॉलेज स्टूडेंट से गैंगरेप की जांच के सिलसिले में क्राइम सीन रीक्रिएट किया। पुलिस गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के साथ लॉ कॉलेज पहुंची थी। तीनों मुख्य आरोपियों मोनोजीत मिश्रा, मौजूदा स्टूडेंट प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद और सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी को सुबह करीब 4.30 बजे कॉलेज ले जाया गया। क्राइम सीन रीक्रिएट करने की प्रक्रिया को पूरा करने में पुलिस को करीब चार घंटे लगे। इसके बाद सभी को पुलिस स्टेशन वापस लाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जो नतीजे मिले हैं, उससे अब महिला के आरोपों से जांच की जाएगी और बाकी सबूतों से पुष्टि की जाएगी। मामले की जांच फिलहाल कोलकाता पुलिस का डिटेक्टिव डिपार्टमेंट कर रहा है। घटना 25 जून को राजधानी के कस्बा क्षेत्र में साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में हुई।

## नर्सिंग घोटाले में भ्रष्टाचारियों को बचाने में जुटी मोहन सरकार

#### महिला सुरक्षा के दावे हवा हवाई

भोपाल,(ईएमएस)। मध्य प्रदेश में हुए नर्सिंग घोटाले को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने फिर मोहन यादव सरकार को घेरा है। कांग्रेस नेता सिंघार ने ट्वीट कर कहा कि बीजेपी का भ्रष्टाचार बचाओ अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने नर्सिंग काउंसिल के चेयरमैन और सचिव को अवमानना नोटिस जारी किया है, क्योंकि उन्होंने जानबूझकर फर्जी कॉलेजों की फाइलें पेश नहीं कीं। सिंघार ने लिखा कि हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी जांच की सारी फाइलें सौंपने का आदेश दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में फर्जी नर्सिंग कॉलेज खुले और बिना क्लास तथा बिना स्टाफ के अयोग्य लोगों को डिग्रियां बांटी गईं। सिंघार के अनुसार, उन्होंने सड़क से लेकर सदन तक लगातार नर्सिंग घोटाले पर सरकार से सवाल किए हैं लेकिन बीजेपी सरकार हर बार चुप रही है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने बीजेपी महिला मोर्चा के कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक छात्रा द्वारा सरकार पर सवाल उठाने का जिक्र किया। सिंघार ने लिखा कि छात्रा ने गंभीर मुद्दा उठाकर मोहन सरकार को घेरा कि महिलाओं की सुरक्षा, बलात्कार और छेड़छाड़ जैसे मामलों पर कभी गंभीर चर्चा नहीं होती और इससे जुड़ी बातें आखिर क्यों दबाई जाती हैं?

### सनी कम्युनिकेशन सेंटर के मालिक सनी के घर पर एनआईए की रेड

धर्मशाला (ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के नौरोजी रोड स्थित वार्ड नंबर-4 में शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने रेड की। मैकलोडगंज के टैम्पल रोड पर स्थित सनी कम्युनिकेशन सेंटर के मालिक सनी के बैंक खातों और दस्तावेजों की जांच हो रही है। सनी, मकलोडगंज में रहता है। वहां सनी कम्युनिकेशन सेंटर चलाता है और मास्को निवासी विदेशी महिला क्रिस्टिन से शादी कर चुका है, जो लंबे समय से भारत में रह रही है। सूत्रों के अनुसार, क्रिस्टिन पहले बॉर्डर क्रॉसिंग जैसे अवैध कार्यों में शामिल रही है।

## योगी सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारियों को दी राहत

## अब 5 तारीख को खाते में आएगी सैलरी

लखनऊ(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों को कई बार समय पर वेतन नहीं मिलने की शिकायतें आती थीं। अब राज्य की योगी सरकार ने इसका स्थाई समाधान कर दिया है। अब आउटसोर्स कर्मचारियों के खाते में हर महीने 5 तारीख को सैलरी आ जाया करेगी। यह ऐतिहासिक फैसला राज्य सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं और शिकायतों को ध्यान में रखते हुए लिया है। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मंजूरी दे दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलेगा, उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे और पूरी व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस निर्णय को सामाजिक न्याय, श्रमिक सम्मान और प्रशासनिक पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे कर्मचारियों के जीवन में स्थायित्व और विश्वास आएगा, और सरकार की कार्यप्रणाली भी अधिक दक्ष और पारदर्शी बनेगी।



सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेतन हर महीने 5 तारीख तक सीधा बैंक खाते में भेजा जाए। ईपीएफ और ईएसआई जैसी सुविधाएं समय पर जमा हों। कर्मचारियों को सभी बैंकिंग और सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलें। आउटसोर्स एजेंसियों की निगरानी की जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी भर्तियों में आरक्षित वर्गों महिलाओं, दिव्यांगों और पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण का पालन अनिवार्य होगा। निराश्रित, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही, नियमित पदों पर आउटसोर्स नियुक्तियों पर रोक लगाने का भी आदेश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, सीएम योगी ने बताया कि अभी तक एजेंसियों के जरिए हो रही भर्तियों में कई तरह की गड़बड़ियां सामने आ रही थीं। कर्मचारियों की शिकायत थी कि उन्हें पूरा वेतन नहीं मिलता, समय पर भुगतान नहीं होता और श्रमिक अधिकारों की अनदेखी होती है। यह निगम कंपनी एक्ट के तहत गठित होगा। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स और महानिदेशक नियुक्त किए जाएंगे। मंडल और जिला स्तर पर निगरानी समितियां बनाई जाएंगी जो व्यवस्था पर नजर रखेंगी। आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन पोर्टल से होगा और उनका कार्यकाल कम से कम 3 साल का होगा। जो कर्मचारी पहले से कार्यरत हैं, उनके अनुभव को वेटेज दिया जाएगा ताकि उनकी सेवा जारी रहे।


## उपायुक्त का कार्यालय (कल्याण शाखा) धनबाद

### -: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-

वित्तीय वर्ष 2025–26 में धनबाद जिला अर्न्तगत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के संचालनार्थ खाद्य एवं अखाद्य सामग्री आदि (खंड A,B,C,D,E,F,G,H,I,J,K एवं L पर वर्णित) की आपूर्ति के लिए मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा दिनांक 14.07.2025 के अपराह्न में 3:00 बजे तक जिला कल्याण कार्यालय, धनबाद में आमंत्रित किया जाता है। निविदा दिनांक 14.07.2025 को अपराह्न में 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी। निविदा की शर्त्तें एवं सामग्रियों की सूची की जानकारी धनबाद जिला के वेबसाईट www.dhanbad.nic.in पर या कार्यालय अवधि में जिला कल्याण पदाधिकारी, धनबाद के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, धनबाद

उप विकास आयुक्त, धनबाद

PR 356501 Welfare (25-26)_D

## कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय

### ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–NREP/GIRIDIH/12/2025-26

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।
2. वेबसाईट पर ई–निविदा अपलोड करने की तिथि :– दिनांक 10.07.2025 (पूर्वाहन् 11:00 बजे से)
3. वेबसाईट पर ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 16.07.2025 (अपराहन् 5:00 बजे तक)
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, गिरिडीह का कार्यालय ।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 18.07.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से ।
6. ई–निविदा आंमत्रण करने वाले के पदनाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।
7. निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मो0 नं0 :– 9570219504, 9431332643
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।
10. योजना मद :– PM Janman मद।

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | सरिया | पंचायत अमनारी ग्राम बिरहोर कॉलोनी में Multi Purpose Centre (MPC) का निर्माण। | 59,94,200.00 | 1,19,900.00 | 10,000.00 | 06 माह। |
| 2 | सरिया | पंचायत चिचाकी ग्राम पीपराडीह (विरहोरटांडा) में Multi Purpose Centre (MPC) का निर्माण। | 59,94,200.00 | 1,19,900.00 | 10,000.00 | 06 माह। |
| 3 | सरिया | पंचायत मंदरामो ग्राम कालापत्थर में Multi Purpose Centre (MPC) का निर्माण। | 59,94,200.00 | 1,19,900.00 | 10,000.00 | 06 माह। |

पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होंगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से –(i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत राशि जमा करने का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।

1. इस निविदा में भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार, में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के संवेदकों के अतिरिक्त सैन्य अभियंत्रण सेवाएं के अंतर्गत निबंधित झारखण्ड सरकार के समकक्षीय निबंधन श्रेणी की निविदा में भाग ले सकते हैं।

**नोटः**–केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www.jharkhandtenders.gov.in/ कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

**कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।**

**PR.NO.356513 NREP(25-26):D**

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## बैंक में जमा राशि का पूर्ण बीमा क्यों नहीं, बैंक उपभोक्ताओं से लूट

भारतीय बैंकों में करोड़ों लोगों की राशि बचत खाते और एफडी के रूप में जमा है। सरकार ने बैंकों को अब दिवालिया कानून के अंतर्गत ला दिया है। बैंक में ग्राहकों की जमा राशि पर पहले एक लाख, बाद में 2 लाख और अब अधिकतम 5 लाख रुपए तक का बीमा किया जाता है। इस बीमा की वर्तमान पाँच लाख रुपए की सीमा को दस लाख तक करने की चर्चाएँ संसद ओर वित्त मंत्रालय में हो रही हैं। सवाल यह है, कि जब सरकारी बैंकिंग को सबसे सुरक्षित समझा जाता था। अब बैंक दिवालिया कानून की जद में आ गए हैं। बैंकों में जमाकर्ता की पूरी रकम सुरक्षित होनी चाहिए। बैंकों में जो राशि जमा है। बैंक डूबने की स्थिति में जमा करता को बैंक में जमा पूरी राशि वापस मिलनी चाहिए। बैंकों के साथ अनुबंध के तहत नागरिक अपनी जीवनभर की बचत बैंकों को सौंपते हैं। डिपॉजिट इंश्योरेंस योजना 1962 से लागू है। आरंभिक सीमा 1,500रुपए थी। बढ़ते-बढ़ते 1993 में इस राशि को एक लाख और 2020 में 5 लाख किया गया। अब वित्त मंत्रालय इस सीमा को संशोधित करने पर विचार कर रहा है। आँकड़े बताते हैं, कि 97.8 प्रतिशत बैंक खाते पूरी तरह से बीमित हैं। इसके बाद भी कुल जमाराशि का केवल 43.1प्रतिशत राशि ही बीमा के दायरे में आती है। बैंक के खाते भले सुरक्षित लगें, पर 500000 से अधिक जमा राशि आज भी जोखिम में है। बीमा का मूल उद्देश्य प्रत्येक जमाकर्ता के धन वापसी की गारंटी होनी चाहिए। बीमित बैंक खाते में "मिनिमम गारंटी" का औचित्य बैंक ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी है। बैंकों का जोखिम आम जमाकर्ताओं के कंधों पर क्यों डाला जा रहा है।

मार्च 2024 तक डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड में 1,98,753 करोड़ रुपए उपलब्ध थे। वर्ष 2024 मे बैंकों ने 23,879 करोड़ प्रीमियम जमा किया। बीमा दावों का भुगतान केवल 1,432 करोड़ का हुआ। ये आँकड़े दर्शाते हैं, कोष के पास पर्याप्त राशि उपलब्ध है। बैंक यदि दिवालिया होते हैं, तो अनियंत्रित दावों की स्थिति में यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान हो सकती है। इसलिए सरकार और बीमा फंड, बैंकों में जमा राशि को एक निश्चित राशि तक ही बीमा से कवर करने की बात करता है। हालिया मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सरकार 10 लाख या उससे अधिक के विकल्प पर विचार कर रही है। इससे अधिकांश मध्यमवर्गीय खाताधारकों की पूँजी कुछ हद तक सुरक्षित हो जाएगी। मौजूदा निःशुल्क सीमा 10 लाख के ऊपर की राशि के लिए जमाकर्ता को एक ऐड-ऑन कवर की सुविधा दी जानी चाहिए। जैसे वाहन बीमा में ऐक्सेसरी को कवर किया जाता है। पिछले 10 साल से बैंकों में जिनके खाते हैं। उन खाता धारकों से सुनयोजित रूप से लूट की जा रही है। पहले एटीएम पर चार्ज लगाया, फिर बैलेंस, एसएमएस, चेक, मिनिमम बैलेंस एवं तरह-तरह के शुल्क वसूल कर बैंक अपने उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। जिन लोगों की जमा राशि के ब्याज से उनका मासिक खर्च चलता है। बैंक ब्याज दरें घटती चली जा रही हैं। लोग अपना जरूरी खर्च भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अब बैंकों में जमा राशि भी सुरक्षित नहीं रही। करोड़ों लोगों की जीवन भर की कमाई बैंकों में जमा है। ऐसी स्थिति में लोगों की चिंता बढ़ रही है। केंद्र सरकार जितने भी नियम कायदे कानून बना रही है, उसमें उपभोक्ताओं के हितों का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। केंद्र सरकार बैंकों और कॉर्पोरेट हितों का ध्यान रखते हुए बैंक उपभोक्ताओं को बैंक की कमाई का जरिया बना रही है। आयकर के नियम इस तरीके के बना दिए गए हैं। हर लेन-देन बैंक के माध्यम से होते हैं। एक निश्चित राशि से ज्यादा नगद राशि घर पर नहीं रखी जा सकती है। एक निश्चित राशि से ज्यादा का नगद लेन-देन नहीं हो सकता है। बैंकों में जमा रकम से ऑनलाइन धोखाधड़ी हो रही है। सरकार ने बैंक के उपभोक्ताओं को भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। हर साल अरबों रुपए की धोखाधड़ी बैंकों से हो रही है। जिनके खाते से धोखाधडी हुई है, वह साइबर क्राइम ब्रांच, पुलिस और बैंकों के चक्कर लगा रहे हैं। न उन्हें पैसा मिल रहा है। उल्टा उनका पैसा मुकदमेबाजी और शिकायतों में खर्च हो रहा है। बैंक खाते अब लोगों के लिए जी का जंजाल बन रहे हैं। बैंक बिना बताए खाते से राशि काट लेता है। उपभोक्ता अपनी लड़ाई लड़ ही नहीं सकता है। बैंक उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते नहीं हैं। बैंकिंग लोकपाल के हाथी के दांत हैं। लोकपाल के पास शिकायत करने के बाद उपभोक्ता के हितों का ध्यान नहीं रखा जाता है। बैंकिंग लोकपाल बैंकों का बनकर रह गया है । रिजर्व बैंक के भी बड़े-बड़े दांत दिखाने के जरूर हैं। सरकारी बैंक हों, या प्राइवेट बैंक हों, सब अपनी मनमानी कर रहे हैं। रिजर्व बैंक थोड़ा-मोड़ा जुर्माना करके उन्हें छोड़ देता है। बैंक उपभोक्ता हर तरफ से लूट के शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब बैंकों के खिलाफ जनाक्रोष पनपने लगा है। केंद्र सरकार और वित्त मंत्रालय को इस दिशा में सजगता के साथ निर्णय करने की जरूरत है। समय रहते यदि स्थितियों में सुधार नहीं किया गया, तो बैंकिंग व्यवस्था और अर्थव्यवस्था डगमगाते हुए देर नहीं लगेगी।

## छत्तीसगढ़ की राजनीति और नक्सलवादः दामाद की संज्ञा में उलझी सियासत

**सत्यप्रकाश दुबे**

छत्तीसगढ़ की राजनीति में नक्सलवाद एक बार फिर एक बड़े राजनीतिक विवाद का कारण बन गया है। कुरुद के विधायक और भारतीय जनता पार्टी के फायरब्रांड नेता अजय चंद्राकर ने हाल ही में कांग्रेस पर नक्सलियों को "दामाद" कहकर हमला बोला, जिसके बाद कांग्रेस की ओर से तीखा पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने पूंजीपतियों अदानी-अंबानी को "दामाद" बताकर भाजपा पर पलटवार किया। इस बयानबाज़ी ने न केवल प्रदेश की राजनीतिक बहस को गर्मा दिया, बल्कि एक बार फिर यह सवाल उठाया कि क्या नक्सलवाद को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है? छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चंद्राकर ने कांग्रेस पर यह आरोप लगाया कि नक्सली "कांग्रेस के दामाद" हैं। उनके अनुसार, जब-जब नक्सली आए, कांग्रेस ने वैसा ही स्वागत किया जैसा कोई दामाद का करता है। उनका तर्क है कि 1980 के दशक में जब छत्तीसगढ़ (तत्कालीन मध्यप्रदेश का हिस्सा) पूरी तरह कांग्रेस के अधीन था, तब आदिवासी क्षेत्रों में कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते वहां नक्सलियों की पैठ बनी। वे इसे कांग्रेस की "शोषणकारी राजनीति" का परिणाम बताते हैं। उनके बयान में यह भी संकेत था कि कांग्रेस की सरकारों ने नक्सल समस्या को गंभीरता से लेने की बजाय कभी-कभी उनके प्रति नरमी दिखाई, जिससे उनकी ताकत बढ़ी। चंद्राकर ने कांग्रेस को आदिवासी हितों का सबसे बड़ा शोषक करार देते हुए कहा कि अगर आज छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद जिंदा है तो उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। अजय चंद्राकर के इस बयान पर कांग्रेस की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई। पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत ने कहा कि अजय चंद्राकर का बयान पूरी तरह से निराधार और असत्य है। भगत ने पलटवार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार (भाजपा) के संरक्षण में छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है और औद्योगिकरण के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अदानी-अंबानी जैसे पूंजीपतियों का प्रदेश में दामाद की तरह स्वागत हो रहा है। अमरजीत भगत का तर्क था कि आज अगर बस्तर-संरगुजा में विस्थापन, वनाधिकार हनन और औद्योगिक शोषण हो रहा है तो उसकी ज़िम्मेदार भाजपा की आर्थिक नीतियाँ हैं, जिनके केंद्र में कॉर्पोरेट घरानों के हित हैं, न कि आदिवासियों के हक। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद कोई नई समस्या नहीं है। इसकी जड़ें 1970-80 के दशक में उस समय पड़ीं जब आदिवासी क्षेत्रों में भूमि, वन और खनिज संसाधनों की लूट शुरू हुई और राज्यतंत्र की पहुँच वहां नहीं थी।

ये क्षेत्र लंबे समय तक विकास से वंचित रहे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोज़गार और मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी थी। नक्सलवाद ने शुरू में एक "विरोध की आवाज़" के रूप में स्थान पाया। उसने स्थानीय आदिवासियों की ज़मीन, जंगल और अधिकारों की रक्षा के नाम पर समर्थन हासिल किया। लेकिन समय के साथ यह आंदोलन भी हिंसा, खून-खराबा और आतंक का पर्याय बन गया। अब यह सवाल उठने लगा है कि नक्सलवाद की पृष्ठभूमि में कौन ज़िम्मेदार है – शोषक सरकारें, कॉर्पोरेट-राजनीति गठजोड़ या आदिवासी हितों की अनदेखी? छत्तीसगढ़ में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही समय-समय पर नक्सलवाद को अपने-अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते रहे हैं। जब कांग्रेस सत्ता में थी तो भाजपा इसे नक्सलियों के प्रति नरम रवैया बताकर हमला करती थी।

# प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर ? पलायन को मजबूर प्रदेश का युवा

**मयंक डहेरिया**

जैसे जैसे चुनाव के वर्ष का समय नजदीक आता है वैसे वैसे सत्ता में बैठी सरकार भी योजनाओ को गति देने में लग जाती हैं। मध्यप्रदेश के कुछ वर्गो को लुभाने के लिए सरकारी खजाने के भंडार खोल दिए जाते हैं। भाजपा का कांग्रेस के लिए तंज भी वही पुराना वाला शुरू हो जाता कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने वर्षो से इस देश में राज किया लेकिन लोगों के लिए क्या किया केवल मुफ्त की रेवडियां बांटी हैं। लेकिन भाजपा सरकार यह कैसे भूल जाती है कि वो खुद रेवडियां बांटकर ही लगातार चुनाव जीत रही है।

दुख इस बात का है कि भाजपा जिन लाड़ली बहनों को हर माह रूपए दे रही है, क्या उन्हें इस बात की जानकारी नही है कि इन बहनों के पढ़े लिखे बेटे बेटियों को भी रोजगार की शक्त जरूरत होगी ? क्या 1250 रुपए में इन बहनों का घर चल सकता है ? आज इनके घरों में बैठे पढ़े लिखे युवाओ के पास कोई विकल्प नही हैं। केवल दूसरे राज्यों में पलायन के सिवा ? मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार बेरोजगारी के मुद्दे में पूरी तरह से फेल और मौन रही है। बीते वर्षों में कुंभ के मेले की तरह 12 वर्षों में आई राजस्व विभाग में पटवारी की नौकरी भी खुद भाजपा की भेंट चढ़ गई। प्रदेश में 6 हजार पदों पर 12 लाख आवेदन आए थे जिसमें 4 लाख से अधिक आवेदन करने वाले वो बेरोजगार थे, जिन्होंने इंजिनियर, एम बीए, और पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण थी। जिसमें स्नातकोत्तर के 01 लाख 80 हजार, एमबीए के 80 हजार, इंजिनियर बीई• और बीटेक के 85 हजार और पीएचडी के 1000 छात्रों ने पटवारी परिक्षा के लिए आवेदन किया था और जिसके के लिए अभ्यर्थी से 300 रूपए फीस भी ली गई थी। इस परीक्षा में ऐसे मेहनतकश ईमानदार प्रतियोगी भी शामिल हुए थे जिनकी तैयारी वर्षों से चल रही थी जिनका परीक्षा में फेल होना संभव ही नही था ।

दूसरी तरफ भाजपा सरकार के भ्रष्ट तंत्र में उसी वर्ष ग्वालियर के एक ही सेंटर से 7 गधों ने टॉप करके सबको चौंका दिया था। जब हमारे सहयोगी पत्ररकारों इन टॉपर से बात की इनका इंटरव्यू लिया तो इसमें से एक टॉपर ने मध्यप्रदेश की राजधानी को ग्वालियर बनाकर रख दिया था। इससे बड़ी शर्मनाक की बात कुछ और नही हो सकती। एक ही सेंटर से टॉप करने का जब यह मामला सामने आया था उस समय शिवराज सरकार ने अपनी साख बचाने के लिए परीक्षा के बाकी परिणाम भी तुरंत रोक दिए। या यू कहिए कि एक प्रकार से पूरी परीक्षा के परिणाम ही रद्द कर दिए गए। जिन अभ्यर्थीयों ने मेहनत मजदूरी करके अपनी फीस भरी थी सरकार ने वो भी डकार गई। इन बेरोजगारों से लगभग 3 हजार 600 करोड़ रूपए फीस वसूली गई और न नौकरी मिली और ना ही फीस के रूपए वापस हुए। इस प्रकार सरकार ने उल्टे बेरोजगारों से ही अपनी तिजोरी भर ली ।

मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने अपने 22 वर्षों के कार्यकाल में बेरोजगारों को छला है कभी व्यापमं घोटाले में तो कभी पटवारी परीक्षा घोटाले में। यशोधरा राजे सिंधिया ने भी उस समय विधान सभा में इस बात को स्वीकारा था कि प्रदेश के रोजगार कार्यालयों में रजिस्टर्ड शिक्षित बेरोजगारों की संख्या उस समय 37 लाख 80 हजार 679 थी । जिन्हें आज तक रोजगार नही मिला । जिन्होंने इंतजार में अपनी उम्र निकाल दी। सितंबर से दिसंबर 2022 की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि मध्यप्रदेश में 2 करोड़ 50 लाख 97 हजार लोग ऐसे हैं जो बिल्कुल हर तरह के छोटे काम करने को मजबूर हैं, एक इंजिनियर भी मजदूरी करने को मजबूर है। लेकिन इन्हें भी रोजगार नही मिलता।

दुख इस बात का है कि इन आंकड़ो में 20 से 24 वर्ष की पढ़ी लिखी युवतियां है जिन्हें 82•41 प्रतिशत काम आज भी नही मिलता।

यही वजह है की भाजपा की शिवराज सरकार के 17 वर्षों के दौरान भी प्रदेश में कई छात्र पढ़े लिखे बेरोजगारों ने आत्महत्या कर ली थी। मध्यप्रदेश सरकार के रोजगार देने की पोल खोलती एक रिपोर्ट जिसमें विधान सभा में वर्ष 2021- 22 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया गया था जिसमें एक वर्ष में 5•51 लाख बेरोजगार युवाओ का बढ़ा हुआ यह आंकड़ा सभी को हैरान करता है ।इसी वर्ष शिक्षित बेरोजगारों की संख्या बढ़कर 95 •07 प्रतिशत हो गई थी लेकिन सरकार ने किसी को भी रोजगार उपलब्ध नही करा पाई। यही वजह रही है कि प्रदेश में लगातार बढ़ती बेरोजगारों की संख्या चरम पर पहुंच गई।

दुख और शर्म की बात कि कुछ वर्ष पहले भी विभिन्न विभागों में चपरासी और चौकीदार के पदों की भर्ती भी आई थी। इस चतुर्थ श्रेणी के 1333 पदों के लिए सरकार ने ऑठवी पास योग्यता रखी थी लेकिन मध्यप्रदेश के बहुत बढ़े लिखे बेरोजगार युवाओ का दुर्भाग्य देखिए की रोजगार ना मिलने के चलते उन्होंने यहां पर भी आवेदन किया था जिसमे भी बीटेक, इंजिनियर, एमकॉम, एम एससी ,और एम ए पढ़ लिखे डिग्री धारियों ने इस पोस्ट के लिए आवेदन किए थे। इसमें कुल 4 लाख आवेदन आए थे जिसमें 62 हजार इन बड़ी डिग्री धारियों के थे। यही वजह रही की इन में से कुछ बेरोजगार को रोजगार नही मिलने से इनमें इस हद तक निराशा थी कि इन्हें अपने उज्जवल भविष्य बनते नही दिखाई दे रहा था इस कारण इन्होंने अत्महत्या कर ली ।

देश का सबसे बड़ा महा परीक्षा घोटाला मध्यप्रदेश में हुआ है। जिसे व्यापमं परीक्षा कहा जाता था ।इस परीक्षा के माध्यम से बड़े बड़े पदों की सीधी भर्ती की जाती थी। मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार जैसे ही सत्ता में आई और आते ही व्यापमं घोटाला का बाजार सजा दिया । इस घोटाले का पहला रूप पीएमटी फर्जीवाड़ से संबंधित था। यह टेस्ट परीक्षा भी 13 विभागों से अधिक में सरकारी नौकरी में सीधी भर्ती के लिए थी। इस व्यापमं परीक्षा में प्रदेश के 75 लाख से अधिक युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया जिसका इल्ज़ाम भी विपक्ष ने लगाया और दो बार सदन में इस विषय को लेकर हंगामा भी किया गया ।

इस महा घोटाले के संदर्भ में तो स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2006 में विधान सभा में जांच कराने की बात स्वीकारी थी । मगर हजारों युवाओ को बर्बाद करने वाले इस घोटाले पर अब तक पर्दा ही डालकर रखा गया है । यह घोटाला इतना बड़ा था कि स्वयं सीबीआई ने भी इस घोटाले की व्यापकता को देखते हुए सर्वोच्च अदालत में इसकी जांच में अपनी असमर्थता दिखाई थी। यह बेहद शर्मनाक तथ्य है कि व्यवसायिक परीक्षा मंडल ने न सिर्फ युवाओ के भविष्य को लूटा बल्कि बीते 10 साल में उसने इन बेरोजगार युवाओ से 1046 करोड़ रुपए फीस के रूप में वसूल करके शुध्द रूप से 455 करोड़ रूपया भी कमा लिए। यही नही समय आने पर सबूत मिटाने के लिए भाजपा सरकार ने सतपुड़ भवन व कभी वल्लभ भवन में अग्निदेव का सहारा भी लिया है जिसे प्रदेश का बच्चा-बच्चा भी जानता है।

इसके बाद भी सरकार को कोई फर्क नही पड़ा । भाजपा सरकार अपने विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी करती है। जनता और मीडिया के सामने रिपोर्ट कार्ड से बेरोजगार शब्द भी ही हटा दिया गया। मध्यप्रदेश में बेरोजगारों को भाजपा सरकार ने केवल छला और निराशा ही किया है। और आज दिन तक सरकार ने बेरोजगारों के लिए कोई ठोस और जमीनी विकल्प नही खोज पाई। अब मध्यप्रदेश में पढ़े लिखे युवा जो कभी पलायन नही करते थे अब वो भी अन्य राज्यों में पलायन कर रहें हैं। आप किसी भी रेलवे-स्टेशन पर चले जाइए आपको शिक्षित बेरोजगार पलायन करते नजर आ जाऐंगे।

# बेरहम बरसात का कहर खौफनाक मंजर कब थमेगा

**नरेन्द्र भारती**

बेरहम बरसात हिमाचल को गहरे व अमिट जख्म दे रही है जख्म तो भर जाएंगें मगर निशान अमिट रहेगें। हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक बरसात का कहर जारी है । 56 लोग लापता हैं और 19 लोगों की मौत हो चुकी है सैंकडों लोग असमय ही काल के गाल में समा गए।देवभूमि में प्रकृति ने काफी खौफनाक तांडव हो रहा है l कुल्लू के बंजार मे 250 सैलानी को सुरक्षित निकाल दिया h l प्रदेश में.245 सड़के बंद हो चुकी हैं और 918 बिजली के ट्रांसफार्मर ध्वत हो चुके हैं 683 पेयजल योजनाएं तबाह हो गई हैं lजून महीने से ही यह बरसात शुरू हो गई है ।बरसात ने खौफनाक रौद्र रुप दिखा रही है।बरसात जिंदगियां लील रही है।सैंकडों लोग मौत के आगोश में समा चुके है।आशियाने जमींदोज हो रहे हैं। 30 जून 2025 की काली और खौफनाक रात को गोहर के सयाँज मे बादल फटने से परिवार के नौ लोग जमीदोज हो गए हैं l करसोग मे भी तीन लोगों की मौत हो गईं है चारों तरफ तबाही की इबारत लिखी जा रही है अभी तो जुलाई और अगस्त महीने मे पता नहीं कितने लोगों को प्रकृति मौत की गोद सुला देगी प्रकृति के इस खौफ से जनमानस खौफजदा है lकुल्लू के सेंज गाँव मे चार दिन पहले बादल फटा था जिसमें बाप बेटी की दर्दनाक मौत हो गई थी l गत वर्ष 26 सितबर को रोनहाट में आधी रात को भूस्खलन होने से एक घर दब गया और उसमें छह लोगों की मौत हो गई थी दबने वालों में चार बच्चे व पति पत्नी थे। यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ।24 घंटों में 16 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।20 अगस्त 2022 की रात को हिमाचल के लोग कभी नहीं भूल पाएंगें।20 अगस्त को मंडी के गोहर के काशन में एक मकान जमींदोज हो गया था जिसमें एक ही परिवार के आठ लोग जिंदा दफन हो गए थे।एक घर से जब आठ अर्थियां उठी थी तो कायनात कांप उठी थी। बरसात का ऐसा कहर 2018 में हुआ था।चार साल बाद बरसात ने लोगों को एक बार फिर रौद्र रुप दिखाकर तबाही का मंजर दिखाया।बरसात में कहीं भूस्खलन हो रहा था तो कहीं पहाड़ दरक रहे थे।इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा था। प्रदेश की संडकें धंस रही थी।गांड़ियां फिसल रही थी।भांबला में खुडडी नाला में एक युवक तेज बहाव में बह गया था मगर लोगों ने बह रहे युवक को 200 मीटर दूर बचा लिया था।युवक की स्कूटी नाले में बह गइ थीं।आनी में भी भूस्खलन से श्रध्द्वालुओं की कार पर पत्थर गिरने से हादसा हो गया भूस्खलन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और तीन लोग घायल हो गए थे।मवेशी व बकरियों की दबने से मौतें हो रही है।गौशाला गिरने से 2 मवेशियों व 20 बकरियों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं। मणिकर्न में पिछले दिनों बादल फटने से काफी तबाही हुई थी कुछ लोग लापता हो गए थे।मानसून का कहर लोगों को मौत बांट रहा है। हिमाचल प्रदेश को अब तक करोडों का नुक्सान हो चुका है।मानसून के कारण हुई दुर्घटनाओं में अब तक काफी लोग अपनी जान गंवा चुके है व लोग घायल हुए हैं।मौतों से हर हिमाचली गमगीन है। भूस्खलन व बरसात के कहर से प्रदेश में अब तक काफी लोग मारे जा चुके हैं।गत वर्ष 25 जुलाई को किन्नौर जिला में भूस्खलन की चपेट में आने के कारण 9 पर्यटकों की दर्दनाक मौत हो गई थी जबकि तीन गभीर रुप से घायल हो गए थे।चार दिन पहले भरमौर में भी भूस्खलन के कारण कार दब गई भी और एक ही परिवार के चार लोग मारे गए थे।बारिश की तबाही से अब तक दो दर्जन लोगों की जान जा चुकी है और यह कहर जारी है। गत वर्ष भी ऐसे हादसों से हिमाचल में तबाही हुई थी।गत वर्ष शिमला में भूस्खलन होने से 4 लोगों की दबकर मौत हो गई थी और कुमारसैन में दो मजदूरों की मौत हो गइ थीं।नालागढ़ में भी मकान पर डंगा गिरने से 5 लोगों की दर्दनाक मौत हो गइ थीं।गत वर्ष लाहौल स्पीति में करीब 2000 पर्यटक फंसे थे।प्रदेश में हर जिला में लोगों के कच्चे व पक्के मकान जमींदोज हो रहे है।कुल्लु ,मण्डी व किन्नौर में भी काफी नुक्सान हुआ है।प्रकृति ने एक बार फिर अपना तांड़व मचाया है। कही फिर से पहाड़ का मलवा न आ जाए लोग खौफ के साए में राते काट रहे हैं। इससे पहले हिमाचल में प्रकृति के कहर से हजारों लोग मारे जा चुके हैं।बरसात में प्रदेश में कई भीषण त्रासदियां हो चूकी है। कहीं मकानों के ढहने से बच्चे मारे गए तो कहीं सैंकडों पशुओं की दबकर मौत हो गइ थीं।दर्जनों लोग पानी में बह गए और करोडों की संपति तबाह हो गई। पहाड के मलवे की चपेट में आने से काफी जानमाल का नुक्सान हो रहा है।प्रकृति की इस विभिषिका में हजारों लोग अपंग हो गए है बच्चे अनाथ हो जाते है लाशे मलवे में दफन हो गई है।किन्नौर में पहाड़ दरकने से लोग खौफजदा हैं।कहते है कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते परन्तु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते है। हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते है और न ही सरकारें सबक सीखती हैं।कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारो को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवो के लोगों को जागरुक किया जाए। तभी तबाही से बचा सकता है।

# 103 वाँ अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई 2025 -सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि किसी भी क्षेत्र में कोई भी काम अकेले करते हैं तो उनकी क्षमता सीमित होती है परंतु यदि वही एक से अधिक व्यक्तियों के सामूहिक कार्यों से किया जाए तो उनकी ताकत, बल, संसाधन,ज्ञान तेजी से कई गुना अधिक हो जाता हैजिसमें आने वाली हर चुनौतियों का मुकाबला कर सफलता पानें की सटीक कुंजी है,यानें हम आपसी सहयोग कर एक संगठन बनाकर, जिसे सहकारी समिति कहा जाता है, कोई भी काम मजबूती से कर सकते हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि सहकारी समितियां एक और एक ग्यारह की तरह काम करती हैं क्योंकि वे सदस्यों के सामूहिक प्रयासों और सहयोग के माध्यम से अधिक ताकत और सफलता प्राप्त करती हैं। व्यक्तिगत रूप से, सदस्यों की क्षमताएं सीमित हो सकती हैं, लेकिन जब वे एक साथ आते हैं और एक सहकारी समिति के रूप में काम करते हैं, तो वे अधिक संसाधन, ज्ञान और शक्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे बड़ी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और अधिक हासिल कर सकते हैं।संसाधनों का एकीकरण, जोखिम साझा करना,ज्ञान और विशेषज्ञता का आदान- प्रदान,बार्गेनिंग पावर, सामुदायिक विकास क़ा लक्ष्य होता है, क्योंकि सब मिलकर कर रहे हैं, इसीलिए ही हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को हम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मना रहे हैं। चूँकि वैश्विक स्तरपर सहकारी उद्यनशीलता पारिस्थितिकी तंत्र प्रतिष्ठा को मजबूत करना, सहयोगपूर्ण कानून व नीतिगत कार्य मील क़ा पत्थर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है, सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक संगम से सटीक सफ़लता की गारंटी हैं, सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है।

साथियों बात अगर हम 5 जुलाई 2025 शनिवार को अंतरराष्ट्रीय सहकारी दिवस मनानेकी करें तो सहकारिताः बेहतर विश्व के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान को आगे बढ़ाना इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है,क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के दौरान हो रहा है - एक दुर्लभ, दशक में एक बार आने वाला अवसर,जो अधिक न्यायपूर्ण, अधिक लचीले समाजों के निर्माण में सहकारी समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के दौर में, इस वर्ष की थीम बहुत कुछ कहती है। सहकारी समितियाँ - अपने सदस्यों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित व्यवसाय - यह दिखा रही हैं कि लाभ से पहले लोगों, ग्रह और उद्देश्य को प्राथमिकता देकर मजबूत समुदायों का निर्माण कैसे संभव है। स्वास्थ्य और आवास से लेकर कृषि, वित्त और स्वच्छ ऊर्जा तक, सहकारी समितियाँ वास्तविक दुनिया के समाधान प्रदान कर रही हैं जो समावेशी, लोकतांत्रिक और टिकाऊ हैं।कॉप्सडे 2025 दो प्रमुख वैश्विक प्रयासों से भी जुड़ता हैः संयुक्त राष्ट्र का उच्च स्तरीय राजनीतिक मंच , जो प्रमुख सतत विकास लक्ष्यों की समीक्षा कर रहा है, और सामाजिक विकास के लिए आगामी दूसरा विश्व शिखर सम्मेलन । ये मील के पत्थर हमें याद दिलाते हैं कि सहकारी समितियाँ केवल स्थानीय समाधान नहीं हैं - वे बदलाव के लिए एक वैश्विक आंदोलन का हिस्सा हैं।सहकारी दिवस 2025 मनाने में हमारे साथ शामिल हों , और जागरूकता बढ़ाने में मदद करें कि कैसे सहकारी समितियां बेहतर विश्व के लिए प्रगति में सहायक हो रही हैं। इस वर्ष के आयोजन के उद्देश्य (1)जन जागरूकता बढ़ाएँ : सतत विकास में सहकारी समितियों के योगदान पर प्रकाश डालें। (2) वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना : सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मजबूत करना। (3) सहायक ढांचे की वकालत करना : वैश्विक स्तर पर सहकारी समितियों के लिए सक्षम कानूनी और नीतिगत वातावरण के निर्माण को प्रोत्साहित करना। (4) नेतृत्व को प्रेरित करना : उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व को बढ़ावा देना और युवाओं को सहकारी आंदोलन में शामिल करना। साथियों बात अगर हम सहकारिता को समझने की करें तो,सहकारिता आंदोलनसहकारी समितियों को ऐसे संघों और उद्यमों के रूप में स्वीकार किया गया है जिनके माध्यम से नागरिक अपने समुदाय और राष्ट्र की आर्थिक,सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उन्नति में योगदान करते हुए अपने जीवन को प्रभावी ढंग से बेहतर बना सकते हैं। सहकारी आंदोलन को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मामलों में एक विशिष्ट और प्रमुख हितधारक के रूप में भी मान्यता दी गई है।सहकारी समितियों का खुला सदस्यता मॉडल धन सृजन और गरीबी उन्मूलन तक पहुँच प्रदान करता है। यह सदस्यों की आर्थिक भागीदारी के सहकारी सिद्धांत से उत्पन्न होता हैः सदस्य अपनी सहकारी समिति की पूंजी में समान रूप से योगदान करते हैं और लोकतांत्रिक रूप से नियंत्रित करते हैं। क्योंकि सहकारी समितियाँ पूंजी-केंद्रित नहीं बल्कि व्यक्ति-केंद्रित होती हैं, इसलिए वे पूंजी संकेन्द्रण को न तो कायम रखती हैं और न ही बढ़ाती हैं और वे अधिक निष्पक्ष तरीके से धन वितरित करती हैं।सहकारी समितियाँ बाहरी समानता को भी बढ़ावा देती हैं। चूँकि वे समुदाय-आधारित हैं, इसलिए वे अपने समुदायों के सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं - पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक रूप से। यह प्रतिबद्धता सामुदायिक गतिविधियों के लिए उनके समर्थन,स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुँचाने के लिए आपूर्ति के स्थानीय स्रोत और निर्णय लेने में देखी जा सकती है जो उनके समुदायों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार करती है।स्थानीय समुदाय पर ध्यान केंद्रित करने के बावजूद, सहकारी समितियाँ अपने आर्थिक और सामाजिक मॉडल के लाभों को दुनिया के सभी लोगों तक पहुँचाने की आकांक्षा रखती हैं।वैश्वीकरण को सहकारी आंदोलन जैसे मूल्यों के एक समूह द्वारा नियंत्रित किया जाना चाहिए; अन्यथा, यह अधिक असमानता और अतिरेक पैदा करता है जो इसे अस्थिर बनाता है।सहकारी आंदोलन अत्यधिक लोकतांत्रिक,स्थानीय रूप सेस्वायत्त, किन्तु अंतर्राष्ट्रीय रूप से एकीकृत है, तथा संघों और उद्यमों के संगठन का एक रूप है, जिसके तहत नागरिक स्वयं सहायता और अपने स्वयं के उत्तरदायित्व पर निर्भर रहते हैं, ताकि वे ऐसे लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें, जिनमें न केवल आर्थिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय उद्देश्य भी शामिल हैं, जैसे गरीबी पर काबू पाना, उत्पादक रोजगार सुनिश्चित करना और सामाजिक एकीकरण को प्रोत्साहित करना।

साथियों बात कर हम 3 जुलाई 2025 को नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में सहकारिता का यह कार्यक्रम करने की करें तो, नई दिल्ली के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा सहकारिता मंत्रालय और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भारत ऑर्गेनिक्स मेला 2025 का उद्घाटन किया। भारत ऑर्गेनिक्स मेला इस बात का उदाहरण है कि कैसे सहकारी मॉडल छोटे किसानों को सशक्त बना सकता है और भारतीय घरों तकसुरक्षित जैविक भोजन पहुँचा सकता है।एनसीओएल जैविक खेती को किसानों के साथ एक राष्ट्रीय जन आंदोलन में बदल रहा है। 19 राज्यों की 7,000 से अधिक सहकारी समितियों के साथ, भारत ऑर्गेनिक्स एक मजबूत, विश्वसनीय और समावेशी आपूर्ति श्रृंखला बना रहा है जो भारत के जैविक उत्पादकों को घरेलू और वैश्विक उपभोक्ताओं से जोड़ती है। एनसीओएल का लक्ष्य अगले दशक में घरेलू जैविक बाजार में अग्रणी खिलाड़ियों में से एक बनना है और भारत के लिए किसान-स्वामित्व वाला, पारदर्शी और स्केलेबल जैविक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना जारी रखेगा।

साथियों बात अगर हम सहकारीता दिवस के इतिहास की करें तो, संक्षिप्त इतिहास सहकारी संस्था का सबसे पहला अभिलेख 14 मार्च 1761 में स्कॉटलैंड से मिलता है। 1844 में उत्तरी इंग्लैंड में कपास मिलों में काम करने वाले 28 कारीगरों के एक समूह ने पहला आधुनिक सहकारी व्यवसाय स्थापित किया। 16 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने संकल्प ए/आरईएस/47/90 में आधिकारिक तौर पर जुलाई 1995 के पहले शनिवार को पहला अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस घोषित किया। यह तिथि अंतर्राष्ट्रीय सहकारी गठबंधन की स्थापना की शताब्दी को चिह्नित करने के लिए चुनी गई थी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है सहकारिता क्षेत्र में आर्थिक सामाजिकराजनीतिक संगम हो तो सटीक सफ़लता की गारंटी,103 वाँ अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 5 जुलाई 2025- सहकारिता एक बेहतर दुनियाँ के लिए समावेशी और टिकाऊ समाधान है,वैश्विक स्तरपर सहकारी समितियों के लिए उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र और प्रतिष्ठानों को मज़बूत करना,सहयोगपूर्ण कानून, नीतिगत कार्य मील का पत्थर साबित होगा।

## फिल्म मैसा में नजर आयेंगी रश्मिका



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अब फिल्म मैसा में नजर आयेंगी। रश्मिका ने अपनी इस फिल्म मैसा की पहली झलक स्वयं के सोशल मीडिया अकाउंट पर जारी की है। इस पोस्टर में उनका किरदार बेहद गंभीर, उग्र और ताकतवर नजर आ रहा है। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका यह किरदार निडर है और यह उनके उस रूप को सामने लाता है जिसे उन्होंने भी पहले कभी नहीं देखा था। पोस्टर में रश्मिका का चेहरा खून से लथपथ दिखाई दे रहा है और उनकी आंखों में गुस्से की लपटें साफ झलक रही हैं। यह उनके किरदार की तीव्रता और हिंसक रूप को दर्शाता है। अपने लुक की बात करें तो उन्होंने लाल साड़ी पहनी है, जो एक मजबूत और सांकेतिक छवि गढ़ती है। उनके गहने आदिवासी संस्कृति की याद दिलाते हैं और उन्होंने चांद के आकार की बिंदी भी लगाई है, जो उनके किरदार को और रहस्यमयी और अलग बनाता है।

पोस्टर साझा करते हुए रश्मिका ने लिखा कि वह हमेशा अपने प्रशंसकों को कुछ नया, अलग और रोमांचक देना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह किरदार उनके लिए भी बिल्कुल नया है और उन्होंने इससे पहले कभी ऐसी दुनिया में कदम नहीं रखा। रश्मिका ने अपनी पोस्ट में स्वीकार किया कि वह इस भूमिका को लेकर थोड़ी घबराई हुई भी हैं, लेकिन बेहद उत्साहित भी हैं। उन्होंने कहा कि यह तो बस शुरुआत है और वह फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। मैसा एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसमें रश्मिका गोंड जनजाति की एक महिला का किरदार निभा रही हैं।

फिल्म का निर्देशन राविंद्र पुल्ले ने किया है, जबकि इसे अजय और अनिल सैय्यापुरेड्डी ने अपने बैनर अनफॉर्मूला फिल्म्स के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म हिंदी के अलावा तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में भी रिलीज होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट का अभी आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका मंदाना इस समय धनुष के साथ फिल्म कुबेर को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इसके अलावा उनके पास आयुष्मान खुराना के साथ हिंदी फिल्म थामा और साउथ की फिल्म गर्लफ्रेंड भी है, जिसमें वह विजय देवरकोंडा के अपोजिट नजर आएंगी।

# फिल्मी दर्शकों का टेस्ट बदल गया है : परेश रावल



एक पॉडकास्ट में चर्चा से दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने साफ कहा कि दर्शकों का टेस्ट बदल गया है, लेकिन फिल्म बनाने वालों को इसकी समझ नहीं है। परेश रावल ने कहा, "ओटीटी ने लॉकडाउन के दौरान दो साल तक लोगों को बहुत अच्छा कंटेंट दिया।

इससे दर्शकों की सोच और पसंद बदल गई। लेकिन फिल्ममेकर्स इसे समझ नहीं पाए। जनता उनसे बहुत आगे निकल गई है। अगर आप हर बार एक जैसी फिल्में बनाएंगे तो लोग रिजेक्ट कर देंगे। मैं ये नहीं कहता कि कॉमर्शियल फिल्में नहीं बनें, लेकिन उनमें मेहनत तो होनी चाहिए। ऐसा नहीं कि ठोकमट्टी कर दो।"उन्होंने टिकट की कीमतों को भी जिम्मेदार बताया। परेश बोले, "साउथ में टिकट का रेट फिक्स रहता है, 160 से 200 रुपये तक। इससे ज्यादा नहीं जाता। वहां कंट्रोल है इसलिए लोग फिल्में देखने जाते हैं। यहां मिडिल क्लास परिवार के 5-6 लोग फिल्म देखने जाएं तो उनके 5000-6000 रुपये खर्च हो जाते हैं। ऊपर से गारंटी नहीं कि फिल्म देखकर मजा आएगा।" परेश रावल ने मल्टीप्लेक्स कल्चर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "अब सिनेमाघरों में रिक्लाइनर सीट डाल दी है। लोग तकिया लेकर लेटकर फिल्म देखते हैं। अरे भाई फिल्म देखने आए हो, स्पा में नहीं! फिल्म बैठकर देखी जाती है, लेटकर नहीं। वेटर बार-बार बीच में आता है – हट-हट करना पड़ता है। ये फिल्म है, शादी नहीं। इन सब वजहों से सिनेमाघर जाने का मन नहीं करता।" उन्होंने जोड़ा, "आराम से बैठने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन लेटना क्यों है? अगर तकिया लगाकर लेटना है तो स्पा जाओ या मुजरा देखने।" परेश रावल ने यह भी कहा कि अब स्टारडम भी स्थायी नहीं रहा। "अब हर शुक्रवार स्टार बदल जाता है। स्टारडम लिमिटेड हो गया है, लंबे समय तक नहीं चलेगा।"

हालांकि परेश रावल ने दर्शकों को एक गुड न्यूज भी दी – वह हेरा फेरी 3 में फिर से नजर आएंगे। साफ है कि परेश रावल ने अपनी बेबाकी से फिल्म इंडस्ट्री, मल्टीप्लेक्स कल्चर और महंगी टिकटों पर खुलकर सवाल उठाए हैं, जो इस समय सिनेमाघरों की गिरती दर्शक संख्या और फिल्मों के फ्लॉप होने की बहस का अहम हिस्सा बन सकते हैं। बता दें कि दिग्गज अभिनेता परेश रावल ने बेबाक अंदाज में फिल्म इंडस्ट्री और सिनेमाघरों की मौजूदा हालत पर अपनी राय रखी है।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, आषाढ़ शुक्ल पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु अस्त, पश्चिमी शुक्रोदय, पूर्वे तिथी, दसवी, शनिवासरे, स्वाती नक्षत्रे, सिद्ध योगे, तैतिल करणे, तुला की चंद्रमा, सर्वार्थ सिद्ध योग, बीज वमन, शनि खंड वृष्टि योग तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा उत्तम फलदायी होगी|

आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, जिद्दी, हठी, मार्केटिंग मैनेजर, सेल्समेन, व्यापारी तथा सटोरिया दलाल होगा।

मेष राशि :- कार्य, उन्नतिशील वाहन, भय, शरीर कष्ट तथा कार्य में सफलता अवश्य ही मिलेगी।

वृष राशि :- खर्च, विद्या बाधा, शुभ कार्य खर्च, मानसिक कार्य तथा शुभ समाचार का योग है।

मिथुन राशि :- राजकार्य से हानि, घर में विरोध, अपव्यय, शिक्षा तथा लेखन कार्य में रुकावट बने।

कर्क राशि :- संतान कष्ट, आर्थिक कष्ट, खर्च, शुभ धार्मिक कार्य तथा बाधा का योग है।

सिंह राशि :- हर्ष, भय, तबादला, कुछ प्रसन्नता का योग है, परिवार में सुख रहेगा।

कन्या राशि :- हानि, अपव्यय, रोजगार कष्ट, मातृ कष्ट, शिक्षा जगत में पद प्रतिष्ठा से संतोष होगा।

तुला राशि :- लाभ, संतान सुख, रोग, मातृ कष्ट तथा शिक्षा जगत से संतोष रहेगा, बाधा आयेगी।

वृश्चिक राशि :- संतान लाभ, शुभ अभीष्ट, कार्य सिद्ध, स्वजन कार्य तथा संतान से कष्ट अवश्य होगा।

धनु राशि :- राज कष्ट, भय, स्त्री-कष्ट, कार्यसिद्धी, धन लाभ अवश्य होगा।

मकर राशि :- विवाद कष्ट, यात्रा हानि, घर में कष्ट नौकरी की स्थिति सामान्य बनी रहेगी|

कुंभ राशि :- कार्य योग, बिगड़े कार्य बन जायेंगे, विरोधियों से सतर्क रहकर कार्य करें।

मीन राशि :- रुके कार्य आप एक एक करके बना लेंगे, अच्छे समय का आप दोहन कर लें।

# स्पेशल ऑप्स 2 की कहानी मुख्य रूप से साइबर क्राइम पर आधारित : करण टैकर



अभिनेता करण टैकर आजकल अपनी वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। अपनी सीरीज के बारे में बात करते हुए करण ने बताया कि स्पेशल ऑप्स 2 की कहानी मुख्य रूप से साइबर क्राइम पर आधारित है, जिसमें एआई का भी छोटा-सा हिस्सा शामिल है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनके दो विज्ञापन एआई की मदद से बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि एआई की वजह से फिल्मों में वीएफएक्स के जरिए धमाकों जैसे मुश्किल सीन भी बहुत आसान हो गए हैं, और अब यह तकनीक हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। करण ने एक खास अनुभव भी साझा किया, जिसमें निर्देशक नीरज पांडे ने उन्हें एक तीन मिनट की शॉर्ट फिल्म दिखाई। इस फिल्म में सभी किरदार पूरी तरह से एआई और कंप्यूटर प्रॉम्प्ट्स से बनाए गए थे। करण ने कहा कि यह इतना असली लग रहा था कि उन्हें यकीन नहीं हुआ। इस अनुभव ने उन्हें सोचने पर मजबूर कर दिया कि भविष्य में अभिनेताओं की जरूरत कम हो सकती है, क्योंकि तकनीक से पूरी फिल्म बनाना संभव हो जाएगा। उन्होंने इस बदलाव के दौर में सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। इसके साथ ही करण ने हाल ही में अपने साथ हुए एक साइबर फ्रॉड का किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि उन्हें एक फर्जी कॉल आया था जिसमें कहा गया कि उनका निवेश मैच्योर हो गया है और टैक्स डिटेल्स भेजनी होंगी। कॉल करने वालों के पास उनके फंड की पूरी जानकारी थी, जिससे यह धोखा और खतरनाक बन गया। करण ने कहा कि ऐसे मामलों से बचने के लिए सावधानी और जागरूकता जरूरी है। गौरतलब है कि स्पेशल ऑप्स 2 एक एक्शन और जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसका पहला सीजन 2020 में आया था और जिसे नीरज पांडे ने डायरेक्ट किया है।

# मूवी मेट्रो के प्रमोशन में गॉर्जियस लुक में नजर आयीं सारा

अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली मूवी मेट्रो इन दिनों के प्रमोशन को लेकर काफी बिजी हैं। इस फिल्मन में सारा आदित्यं रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। सारा अली खान का फैशन सेंस हमेशा उनके फैंस और फैशन प्रेमियों को दिवाना बना देता है।



हाल ही में, अपनी फिल्मे के प्रमोशन के दौरान बालीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान हल्के ब्रॉन्ज शेड की बलून मिनी ड्रेस में नजर आईं। उनके इस गॉर्जियस लुक से फैंस की नजरें नहीं हट रही थीं। यह ड्रेस उनकी पर्सनैलिटी और कंफर्ट का बेहतरीन मेल थी। हाई नेकलाइन और फ्लेयर्ड सिल्हूट वाली इस ड्रेस को बेहद खूबसूरती से डिज़ाइन किया गया था। फेदर डिटेलिंग ने इसे और भी खास बना दिया। बता दें कि यह कलर इन दिनों काफी ट्रेंडी है इस डिजाइन के ड्रेस आपको भी हर इवेंट में स्पे शल अटेंशन दे सकती हैं। सारा की इस ड्रेस का सबसे आकर्षक हिस्सा उसकी फेदर एम्ब्रॉयडरी थी, जो इसे एक ग्लैमरस लुक दे रही थी। ड्रेस का बैक डिजाइन भी बेहद यूनिक था, जिसमें एक लंबा बो डिटेल दिया गया था, जो पूरे लुक को एलिगेंस का टच देता है। शॉर्ट हेमलाइन ने इसे परफेक्ट पार्टी और रेड कार्पेट आउटफिट बना दिया।

सारा ने इस ड्रेस के साथ अपने लुक को बैलेंस करने के लिए मिनिमल मेकअप चुना। नैचुरल टोन्स, लाइट ब्लश और न्यूड लिपस्टिक ने उनके पूरे लुक को फ्रेश और आकर्षक बनाया। बालों को उन्होंने स्लीक पोनीटेल में बांध रखा था, जो ड्रेस के स्टाइल को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट कर रहा था। सारा अली खान का यह लुक से आप यह आइडिया ले सकती हैं कि किस तरह सिंपल डिटेलिंग और सही स्टाइलिंग से आप किसी भी आउटफिट को खास बना सकती हैं। मिनिमल एक्सेसरीज़ और सही हेयर व मेकअप का सेलेक्शन किसी भी पार्टी या इवेंट के लिए आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। इस तरह कॉलेज इवेंट हो या ऑफिस, सारा का यह स्टाइल हर फैशन प्रेमी के लिए इंस्पिरेशन है। सारा अली खान का यह फैशन स्टेटमेंट न केवल उनके स्टाइल को शो करता है, बल्कि यह बताता है कि कैसे आप एलिगेंस और ग्लैमर का बेहतरीन तालमेल कर सकते हैं। उनकी यह ड्रेस ट्रेंडी और क्लासी का परफेक्ट उदाहरण है, जिसे हर फैशन लवर अपनी वॉर्डरोब में शामिल करना चाहेगा।

# हेरा फेरी 3' परेश रावल के बिना अधूरी : सोनाक्षी



कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी 'हेरा फेरी 3' को लेकर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी राय साझा की है। उन्होंने अभिनेता परेश रावल की गैरमौजूदगी को लेकर निराशा जताई है। एक्ट्रेस सोनाक्षी का मानना है कि 'हेरा फेरी' जैसी इस फिल्म में बाबूराव गणपतराव आप्टे का किरदार निभाने वाले परेश रावल की भूमिका बेहद अहम है। उनके बिना फिल्म अधूरी सी लगती है। हाल ही में सोनाक्षी ने कहा, "एक दर्शक के तौर पर मैं 'हेरा फेरी 3' की परेश रावल के बिना कल्पना भी नहीं कर सकती। उनकी मौजूदगी इस फिल्म की जान है।" गौरतलब है कि परेश रावल ने हाल ही में सोशल मीडिया पर यह स्पष्ट किया था कि वह 'हेरा फेरी 3' का हिस्सा नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म से उनके अलग होने की वजह किसी रचनात्मक मतभेद या निर्देशक प्रियदर्शन से मनमुटाव नहीं है। परेश रावल की इस घोषणा से फैंस निराश हो गए हैं, क्योंकि 'बाबू भैया' यानी बाबूराव का किरदार फिल्म की पहचान बन चुका है। पहली दो फिल्मों में इस किरदार ने दर्शकों को खूब हंसाया था और परेश रावल को एक अलग मुकाम दिलाया था। सोनाक्षी ने भी यही भाव अपने बयान में दर्शाया और कहा कि इस फिल्म में उनके बिना मज़ा नहीं आएगा। उन्होंने कहा, "परेश सर जैसे प्रतिभाशाली अभिनेता के साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। उनका अभिनय बेहद गहराई लिए होता है और हर सीन में कुछ नया सिखाता है।"

जब सोनाक्षी से पूछा गया कि वह परेश रावल को कॉमेडी में ज्यादा पसंद करती हैं या गंभीर भूमिकाओं में, तो उन्होंने कहा, "वह हर रोल में कमाल करते हैं। उन्हें एक श्रेणी में बांधना मुश्किल है, क्योंकि वह हर तरह के किरदार को जीवंत कर देते हैं।" सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय'में परेश रावल, अर्जुन रामपाल और सुहैल नायर भी नजर आएंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म से सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा निर्देशन में डेब्यू कर रहे हैं। सोनाक्षी ने फिल्म में परेश रावल के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार था जब उन्होंने परेश रावल के साथ स्क्रीन साझा की, और यह उनके लिए गर्व की बात रही।

# मल्लिका को पसंद आई बिहार की संस्कृति



पहली बार बिहार की राजधानी पटना पहुंचीं बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने यहां के खान-पान और संस्कृति के प्रति अपनी दिलचस्पी खुलकर जाहिर की। एक्ट्रेस मल्लिका ने कहा कि वह पहली बार बिहार आई हैं और यहां के हर कोने को एक्सप्लोर करना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने बिहार की मशहूर डिश लिट्टी-चोखा और कचौड़ी खाने की इच्छा जताई। मल्लिका ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें सड़क के किनारे मिलने वाला खाना बहुत पसंद है और उन्होंने सुना है कि यहां का देसी खाना बेहद स्वादिष्ट होता है। उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि बिहार के असली स्वाद का अनुभव करें।

### रवि किशन की हैं फैन

पटना एयरपोर्ट और राज्य के विकास की तारीफ करते हुए मल्लिका ने कहा कि वह यहां का एयरपोर्ट देखकर काफी खुश और हैरान हैं। उन्होंने कहा कि बिहार अब काफी डेवलप हो गया है और यहां की सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर देखकर अच्छा लगता है। मल्लिका ने माना कि बिहार में बदलाव साफ नजर आ रहा है और यह देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई है। बिहार और यहां के कलाकारों के प्रति अपने लगाव का इजहार करते हुए मल्लिका ने कहा कि वह भोजपुरी सुपरस्टार और सांसद रवि किशन की बहुत बड़ी फैन हैं। उन्होंने कहा कि रवि किशन एक शानदार कलाकार हैं और अगर मौका मिला तो वह उनके साथ काम करना जरूर चाहेंगी।

मल्लिका ने यह भी कहा कि अगर सही मौका और कहानी मिले तो वह खुद बिहार में फिल्म बनाना चाहेंगी ताकि यहां की खूबसूरती और संस्कृति को पर्दे पर दिखाया जा सके। हरियाणा के रोहतक की रहने वाली मल्लिका शेरावत का असली नाम रीमा लांबा है। उन्होंने बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वह आईएएस ऑफिसर बनें, लेकिन उन्होंने एक्टिंग को अपना करियर चुना और इसमें अपनी एक अलग पहचान बनाई। मल्लिका ने 'मर्डर', 'ख्वाहिशें', 'वेलकम', 'बचकर रहना रे बाबा', 'डर्टी पॉलिटिक्स', 'डबल धमाल' जैसी कई बॉलीवुड फिल्मों में दमदार भूमिकाएं निभाईं। इसके अलावा वह हॉलीवुड फिल्मों 'द मिथ', 'पॉलिटिक्स ऑफ लव' और 'टाइम रेडर्स' में भी नजर आ चुकी हैं।

## एसएमपीपी को भारतीय सेना ने दिया 300 करोड़ का ठेका

मुंबई (ईएमएस)। रक्षा उपकरण विनिर्माता कंपनी एसएमपीपी को भारतीय सेना से 300 करोड़ रुपये के दो ठेके हासिल हुए हैं। एसएमपीपी ने कहा कि हासिल किए गए इस ठेके से कंपनी आपात प्रावधान के तहत भारतीय सेना को बुलेटप्रूफ जैकेट और उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी भारतीय सेना को 27,700 बुलेटप्रूफ जैकेट और 11,700 उन्नत बैलिस्टिक हेलमेट की आपूर्ति करेगी। एसएमपीपी के एक अधिकारी ने कहा कि एसएमपीपी भारत में व्यक्तिगत सुरक्षा बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ आगे रहा है, जो अनुसंधान एवं विकास पर इसके अत्यधिक ध्यान से ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने पहले ही 17 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं और 10 पेटेंट दिए जा चुके हैं। एसएमपीपी रक्षा उपकरणों का स्वदेशी विनिर्माता है। इसकी हरियाणा में एक विनिर्माण सुविधा है।

## ब्रिगेड होटल वेंचर्स ने जुटाए 126 करोड़

नई दिल्ली (ईएमएस)। ब्रिगेड होटल वेंचर्स लिमिटेड ने अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले 126 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। ब्रिगेड होटल वेंचर्स बेंगलुरु स्थित रियल एस्टेट कंपनी ब्रिगेड एंटरप्राइजेज लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उसने आईपीओ पूर्व निर्गम में 126 करोड़ रुपये जुटाए हैं।' ब्रिगेड होटल ने 360 वन अल्टरनेट्स एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (360 वन) को 90 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 1.4 करोड़ शेयर जारी किए। यह लेनदेन कंपनी की पूर्व-प्रस्ताव शेयर पूंजी का 4.74 प्रतिशत है। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में 900 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इससे मिली राशि में से कंपनी करीब 480 करोड़ रुपये का उपयोग कर्ज चुकाने और 107 करोड़ रुपये जमीन के अधिग्रहण के लिए करेगी। बाकी राशि को अन्य कार्यों के लिए रखा जाएगा।

## जिंदल स्टील को ओडिशा में मिला रोइडा-1 लौह, मैंगनीज ब्लॉक के लिए खनन पट्टा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जिंदल स्टील ने ओडिशा में रोइडा-1 लौह अयस्क एवं मैंगनीज ब्लॉक के लिए 50 साल का खनन पट्टा प्राप्त कर लिया है। जिंदल स्टील ने कहा कि कंपनी ने उक्त खनन पट्टे के अनुदान के लिए ओडिशा सरकार से आशय पत्र (एलओआई) हासिल कर लिया है। बयान के अनुसार 104.84 हेक्टेयर में फैला यह खनिज संसाधन जिंदल स्टील की कच्चे माल की सुरक्षा को बढ़ाता है। साथ ही भारत के खनिज समृद्ध पूर्वी गलियारे में एकीकृत और टिकाऊ इस्पात उत्पादन के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जिंदल स्टील के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह खनन पट्टा आत्मनिर्भर इस्पात उत्पादन के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। रोइडा-I ब्लॉक के साथ, हम अपने लौह अयस्क एवं मैंगनीज आपूर्ति आधार को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत कर रहे हैं, जो परिचालन स्थिरता, लागत दक्षता सुनिश्चित करेगा व हमारी विकास योजनाओं का समर्थन करेगा।

## टीपीआरईएल की 'रूफटॉप' सौर प्रणालियों की संख्या पांच गुना बढ़ी

नई दिल्ली (ईएमएस)। टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (टीपीआरईएल) की रूफटॉप सौर प्रणालियों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में पांच गुना होकर रिकॉर्ड 45,589 पर पहुंच गईं। स्थापित क्षमता भी बढ़कर 220 मेगावाट हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रैल-जून में 8,838 रूफटॉप सौर प्रणालियां थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में स्थापित सौर ऊर्जा प्रणालियों की संख्या बढ़ने से टीपीआरईएल ने देश भर में कुल 2,04,443 रूफटॉप सौर प्रणालियां स्थापित की। जिनकी संचयी क्षमता 3.4 गीगावाट से अधिक है। रूफटॉप सौर ऊर्जा में अपने नेतृत्व के अलावा, टीपीआरईएल सौर विनिर्माण में रणनीतिक रूप से अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है और संपूर्ण सौर मूल्य श्रृंखला को मजबूती प्रदान कर रही है। भारत में सेल एवं मॉड्यूल के लिए 4.3 गीगावाट की मजबूत विनिर्माण क्षमता और 3.4 गीगावाट से अधिक रूफटॉप सौर प्रणालियों के साथ यह देश के स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा भविष्य की ओर तेजी से बदलाव ला रहा है। टीपीआरईएल, आवासीय, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक क्षेत्रों में अनुरूपित सौर रूफटॉप समाधान प्रदान करता है।

## चीन से आयात पर निर्भरता घटाने केमिकल फंड की जरूरतः नीति आयोग




मुंबई (ईएमएस)। रसायन के क्षेत्र में भारत की आयात पर बहुत अधिक निर्भरता पर रोक लगाने के लिए नीति आयोग ने वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 8 प्रमुख बंदरगाह आधारित क्लस्टर बनाने, रसायन क्षेत्र में सहायता के लिए एक केमिकल फंड बनाने और विभिन्न सब्सिडी देने का सुझाव दिया है। भारत रसायनों का प्रमुख निर्यातक है, लेकिन भारी आयात पर भी निर्भर है। केंद्र के नीति से जुड़े थिंक टैंक के मुताबिक इसकी वजह से 2023 में इस सेक्टर में 31 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ है। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत की केमिकल जीवीसी में मौजूदा हिस्सेदारी अभी 3.5 प्रतिशत है। भारत के करीब 34 प्रतिशत रसायनों का आयात चीन से होता है, जिसका कुल व्यापार घाटा 29 अरब डॉलर है। नीति आयोग ने कहा कि राजकोषीय और गैर-राजकोषीय हस्तक्षेपों की एक व्यापक श्रृंखला वाले लक्षित सुधारों से भारत को 1 लाख करोड़ डॉलर का रासायनिक क्षेत्र बनाने और 2040 तक जीवीसी में 12 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी, जिससे वह एक वैश्विक रासायनिक महाशक्ति बन जाएगा। इसमें उम्मीद जताई गई है कि 2030 तक भारत का रसायन के क्षेत्र व्यापार घाटा शून्य हो जाएगा। नीति आयोग के मुख्य कार्याधिकारी और पूर्व वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि दुनिया की आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत इस समय आदर्श स्थिति में है। भारत अच्छी स्थिति में है। हम बिल्कुल सही जगह पर हैं।

# शेयर बाजार बढ़त पर बंद




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। आज सुबह बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई पर बीच में उसमें गिरावट आने लगी हालांकि अंत में खरीदीदारी से बाजार में उछाल आया और ये हरे निशान पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 193.42 अंक बढ़कर 83,432.89 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 55.70 अंकों के उछाल के साथ ही 25,461.00 अंकों पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए, जबकि बाकी की 10 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 50 में से 31 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ उछला के साथ बंद हुए। वहीं 19 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बजाज फाइनेंस के शेयर सबसे ज्यादा 1.60 फीसदी ऊपर आये जबकि टाटा ग्रुप के ट्रेंट के शेयर आज सबसे ज्यादा 11.93 फीसदी गिरे। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज इंफोसिस के शेयर 1.38 फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.19फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक 1.14 फीसदी , एचसीएल टेक 0.92 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.81 फीसदी , बजाज फिनसर्व 0.68 फीसदी , एसबीआई 0.59 फीसदी , टीसीएस 0.57 फीसदी , रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.56 फीसदी , एक्सिस बैंक 0.50 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.38 फीसदी , एलएंडटी 0.35 फीसदी , बीईएल 0.33 फीसदी , एनटीपीसी 0.21 फीसदी , टाइटन 0.17 फीसदी बढ़कर बंद हुए। वहीं टाटा स्टील के शेयरों में 1.72 फीसदी , टेक महिंद्रा 1.13 फीसदी , मारुति सुजुकी 0.87 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.42 फीसदी , महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.34 फीसदी , आईटीसी 0.24 फीसदी के अलावा टाटा मोटर्स के शेयरों में 0.21 फीसदी की गिरावट रही। इससे पहले आज सुबह बाजार में हल्की तेजी रही है। सेंसेक्स 67 अंकों की बढ़त के साथ 83,307 के स्तर पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 13 अंकों की तेजी के साथ 25,418 पर पहुंच गया। आज सुबह बैंकिंग, मेटल और रियल्टी शेयरों में बिकवाली का दबाव देखने को मिला, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों की नजर इस खबर पर थी कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द हो सकता है, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा 9 जुलाई से लागू किए जाने वाले टैरिफ से राहत मिल सकती है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर नई कंपनी तैयार करेगी

### न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड 8.5 लाख करोड़ से ज्यादा वैल्युएशन पर आईपीओ लाएगी



मुंबई (ईएमएस)। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज अपने एफएमसीजी कारोबार को नए सिरे से संगठित करने की तैयारी कर रही है। कंपनी अपने लोकप्रिय उपभोक्ता ब्रांड्स जैसे कैंपा कोला, इंडिपेंडेंस और अन्य 15 से अधिक प्रोडक्ट्स को मिलाकर एक नई इकाई – न्यू रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स लिमिटेड (एनआरसीएल) बनाने पर विचार कर रही है। यह कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड से अलग होकर सीधे रिलायंस इंडस्ट्रीज के अंतर्गत काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे जियो संचालित होती है। इस कदम का उद्देश्य एफएमसीजी सेगमेंट पर विशेष ध्यान केंद्रित करना और उन निवेशकों को आकर्षित करना है, जो इस सेक्टर में दिलचस्पी रखते हैं।

रिलायंस रिटेल वेंचर्स की मौजूदा वैल्यूएशन 8.5 लाख करोड़ से अधिक है और यदि एनआरसीएल का आईपीओ लॉन्च होता है, तो यह भारत के सबसे बड़े सार्वजनिक निर्गमों में से एक बन सकता है। एनआरसीएल का बिजनेस मॉडल आक्रामक होगा। कंपनी अपने प्रोडक्ट्स को स्थापित ब्रांड्स जैसे कोका-कोला और हिंदुस्तान यूनिलीवर की तुलना में 20–40 फीसदी कम कीमत पर बेचेगी। साथ ही रिटेलर्स को अधिक मार्जिन प्रदान कर तेज वितरण नेटवर्क खड़ा करेगी। हाल ही में एनसीएलटी से इस रीस्ट्रक्चरिंग को मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम रिलायंस को टाटा, आईटीसी और रेमंड जैसी कंपनियों की रणनीति की राह पर आगे बढ़ने में मदद करेगा, जिन्होंने अपने विभिन्न बिजनेस यूनिट्स को अलग-अलग लिस्ट कर उनकी वास्तविक वैल्यू सामने लाई है। इस रणनीति से रिलायंस के उपभोक्ता ब्रांड्स को नया विस्तार मिलेगा और कंपनी को नए विकास पथ पर ले जाया जा सकेगा।

## लंबी गिरावट के बाद स्प्राइट एग्रो के शेयर में दो दिनों से लग रहा अपर सर्किट

मुंबई (ईएमएस)। एक समय निवेशकों को करोड़पति बनाने वाला स्प्राइट एग्रो का शेयर अब फिर से चर्चा में है। एक लंबी गिरावट के बाद इस शेयर में बीते दो दिनों से 5-5 फीसदी अपर सर्किट लग रहे हैं। गुरुवार को यह शेयर 3.25 रुपए पर बंद हुआ। शुक्रवार को भी इस शेयर में अपर सर्किट लगा है। कंपनी ने हाल ही में एक्सचेंज को जानकारी दी कि उसने 102 करोड़ का एग्री कमोडिटी ऑर्डर पूरा कर लिया है। इससे पहले भी कंपनी कुल 299 करोड़ मूल्य के ऑर्डर पूरे कर चुकी है। इन खबरों से निवेशकों का कुछ भरोसा फिर लौटता नजर आ रहा है। स्प्राइट एग्रो के शेयर ने एक साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया था। 18 अगस्त 2023 को यह शेयर महज 0.33 पर था। ठीक एक साल बाद 9 अगस्त 2024 को यह 44.66 तक पहुंच गया। इस दौरान इसने निवेशकों को 13,435 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया। अगस्त 2024 के बाद शेयर में जबरदस्त गिरावट शुरू हो गई। 1 जुलाई 2025 को यह गिरकर 2.93 पर पहुंच गया था यानी ऑल टाइम हाई से अब तक यह शेयर 90 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है।

## एसबीआई ने आरकॉम का लोन अकाउंट फ्रॉड घोषित किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) के लोन खाते को फ्रॉड बता दिया है। यह फैसला हाल ही में बैंक की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन कमेटी की रिपोर्ट के बाद लिया गया। एसबीआई का आरोप है कि कंपनी ने लोन की राशि का दुरुपयोग किया और फंड को रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड (आरटीएल) और समूह की अन्य कंपनियों में डायवर्ट किया गया। साथ ही कंपनी ने लोन की शर्तों का भी उल्लंघन किया। बैंक अब आरकॉम के पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया को रिपोर्ट करने की प्रक्रिया में है, जिससे उनकी अन्य वित्तीय गतिविधियों पर प्रभाव पड़ सकता है। इस घटनाक्रम से टेलीकॉम सेक्टर में एक नई कंट्रोवर्सी शुरू हो गई है।

# सेबी ने जाने स्ट्रीट पर लगाया हेराफेरी का आरोप

### 4,844 करोड़ रुपए लौटाने का आदेश



मुंबई (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अमेरिका की ट्रेडिंग फर्म जाने स्ट्रीट को भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग से प्रतिबंधित कर दिया है। सेबी का आरोप है कि यह फर्म बाजार में हेराफेरी कर गैरकानूनी तरीके से मुनाफा कमा रही थी। सेबी ने एक अंतरिम आदेश में जाने स्ट्रीट को 4,844 करोड़ रुपये की अवैध कमाई लौटाने का भी निर्देश दिया है। सेबी के एक पूर्णकालिक सदस्य ने 105 पेज के आदेश में लिखा है कि इस मामले के तथ्यों को देखते हुए तत्काल रोक के आदेश जरूरी हैं। जब तक जांच पूरी नहीं होती और उससे जुड़े मामले निपट नहीं जाते, सभी एक्सचेंजों को जेएस ग्रुप की सभी गतिविधियों पर लगातार नजर रखनी होगी, ताकि यह फर्म भविष्य में हेराफेरी न कर सके। सेबी के मुताबिक जाने स्ट्रीट का तरीका कुछ इस तरह था कि कंपनी पहले ऑप्शंस सेगमेंट में आक्रामक पोजिशन बनाती थी और फिर शेयर बाजार में बड़ी खरीदारी करके दाम को प्रभावित करती थी। खासकर साप्ताहिक इंडेक्स ऑप्शन की एक्सपायरी वाले दिनों में, जब कैश और फ्यूचर्स सेगमेंट में ट्रेडिंग कम होती है, उस वक्त यह कंपनी भारी ट्रेडिंग करके इंडेक्स को अपनी दिशा में मोड़ देती थी और ऑप्शंस में मोटा मुनाफा कमाती थी। जांच में पाया गया कि कंपनी ने बैंक निफटी के 12 स्टॉक्स और उनके फ्यूचर्स में भारी खरीदारी की, जिससे इन शेयरों के दाम ऊपर गए और कंपनी ने ऑप्शंस में बड़ी पोजिशन बनाकर मोटा फायदा उठाया।

सेबी के अनुसार जाने स्ट्रीट ने बैंक निफ्टी से जुड़े शेयरों में असामान्य रूप से अधिक संख्या में बाय ऑर्डर दिए, जो आखिरी सौदे की कीमत के बराबर या उससे ऊपर थे। इससे इन शेयरों की कीमतें बढ़ाने या उन्हें ऊंचा बनाए रखने की कोशिश की गई। सेबी का कहना है कि जाने स्ट्रीट ने एक्सपायरी वाले दिन जानबूझकर बाजार को ऐसे बंद करने की रणनीति अपनाई, जिससे उसे उसके बड़े इंडेक्स ऑप्शन पोजिशन में फायदा मिल सके।

## भारत-अमेरिका के बीच मिनी ट्रेड डील की तैयारी




नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और अमेरिका के बीच 9 जुलाई से पहले एक मिनी ट्रेड डील की घोषणा की जा सकती है। यह डील दोनों देशों के बीच प्रस्तावित 43 लाख करोड़ रुपए के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम मानी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डील को अंतिम रूप देने के लिए दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बन चुकी है, हालांकि सभी शर्तों का खुलासा अभी संभव नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत ने अमेरिका को अपने कृषि क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। अमेरिका लंबे समय से भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए बाजार की मांग कर रहा था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया। भारत का तर्क है कि देश की 60 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए इस क्षेत्र को विदेशी हस्तक्षेप से सुरक्षित रखना जरूरी है। अमेरिका ने भी फिलहाल इस मुद्दे पर दबाव न डालने का फैसला किया है। दूसरी ओर, भारत ने अमेरिका से एनर्जी और डिफेंस उत्पादों की खरीद शुरू कर दी है ताकि व्यापार संतुलन बना रहे। साथ ही भारत सरकार ने अमेरिकी मोटरसाइकिल और व्हिस्की पर आयात शुल्क कम करने की भी घोषणा की है। जानकारों का मानना है कि इस मिनी डील के बाद आने वाले तीन वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापार में वास्तविक बदलाव दिखने लगेंगे। यह समझौता दोनों देशों के लिए रणनीतिक दृष्टि से अहम है और इसके जरिए वैश्विक व्यापार में एक नया समीकरण बन सकता है।

# पॉपुलर रियलमी 15 सीरीज भारत में होंगे लॉन्च




नई दिल्ली (ईएमएस)। चाइनीज कंपनी रियलमी ने अपनी पॉपुलर रियलमी 15 सीरीज भारत में लॉन्च करने का ऐलान किया है। स्मार्टफोन की इस सीरीज में रियलमी 15 प्रो 5जी और रियलमी 15 5जी शामिल होंगे। रियलमी 15 प्रो को कंपनी ने अपना सबसे एडवांस एआई पार्टी फोन बताया है। फोन में ऐसी एआई तकनीक दी गई है जो कंसर्ट, डांस फ्लोर या घर की पार्टी की लाइटिंग को पहचानकर कैमरा सेटिंग्स को ऑटोमैटिक एडजस्ट करती है। इससे फोटो और वीडियो धुंधले नहीं होते और रंग ज्यादा जीवंत नजर आते हैं। शटर स्पीड, कंट्रास्ट और सेचुरेशन जैसे पैरामीटर रियल टाइम में बदलते हैं ताकि हर पार्टी मोमेंट साफ और यादगार बने।

रियलमी 15 प्रो और रियलमी 15 5 जीदोनों फोन में कई शानदार फीचर्स होंगे। इनमें 50 एमपी या उससे ज्यादा रेजोल्यूशन वाला एआई कैमरा होगा जो खासतौर पर पार्टी लाइटिंग में शानदार फोटो ले सकेगा। 5जी सपोर्ट से यूजर को तेज इंटरनेट स्पीड मिलेगी जिससे वीडियो स्ट्रीमिंग और गेमिंग में कोई रुकावट नहीं आएगी। फोन में 6.7 इंच का अमोलेड डिस्प्ले होगा जो 120 एचझेड रिफ्रेश रेट देगा, जिससे यूजर को स्मूद एक्सपीरियंस मिलेगा। इसमें मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7300 या बेहतर प्रोसेसर होगा जो गेमिंग और मल्टीटास्किंग के लिए उपयुक्त है। 5000 एमएएच से ज्यादा की बैटरी और फास्ट चार्जिंग सपोर्ट इसकी बड़ी खासियत है।

कीमत की बात करें तो रियलमी 15 5जी की कीमत लगभग 20,000 रुपये से शुरू हो सकती है, जबकि रियलमी 15 प्रो 5जी करीब 25,000 रुपये में मिल सकता है। फोन का डिज़ाइन स्टाइलिश और हल्का रखा गया है ताकि यह युवाओं को आकर्षित कर सके। इसकी सटीक लॉन्च डेट तो नहीं बताई गई है, लेकिन संभावना है कि यह जुलाई 2025 के पहले हफ्ते में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा।

## जून में रॉयल एनफील्ड ने बेची कुल 89,540 बाइक




नईदिल्ली (ईएमएस)। जून 2025 में रॉयल एनफील्ड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 89,540 मोटरसाइकिलें बेचीं। कंपनी की यह बिक्री पिछले साल की तुलना में 22प्रतिशत ज्यादा है। ये बिक्री घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से मिली है। कंपनी की सफलता में सबसे अहम योगदान इसके 350 सीसी सेगमेंट का रहा, जिसमें क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350 और मेट्योर 350 जैसे मॉडल शामिल हैं। जून में इस सेगमेंट में 76,680 यूनिट्स बिकीं, जो सालाना आधार पर 25प्रतिशत की बढ़त है। वहीं अप्रैल से जून की तिमाही में 2,27,454 यूनिट्स बिकीं, जिससे 17प्रतिशत की सालाना ग्रोथ दर्ज हुई। हाई-कैपेसिटी बाइक्स की बात करें तो सुपर मेट्योर 650, इंटरसेप्टर 650, हिमालयन, शॉटगन 650 और गुरिल्ला 450 जैसे मॉडल्स ने भी कंपनी की बिक्री को मजबूत किया। इस कैटेगरी में जून में 12,860 यूनिट्स बिकीं, जो 10प्रतिशत की सालाना बढ़त है, जबकि तिमाही में कुल 38,074 यूनिट्स की बिक्री हुई, जो 16प्रतिशत की ग्रोथ दर्शाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। जून में रॉयल एनफील्ड ने 12,583 मोटरसाइकिलें एक्सपोर्ट कीं, जो पिछले साल के मुकाबले 79प्रतिशत ज्यादा है। अप्रैल से जून की अवधि में कंपनी ने कुल 36,749 यूनिट्स विदेश भेजीं और इस दौरान 65 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई। रॉयल एनफील्ड का यह प्रदर्शन दिखाता है कि भारतीय दोपहिया बाजार में उसकी पकड़ कितनी मजबूत है और साथ ही उसकी इंटरनेशनल अपील भी लगातार बढ़ रही है।

# सोने में हल्की तेजी, चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोने के भाव 96,800 रुपए, चांदी लगभग 1,07,900 रुपए प्रति किलो




नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत शुक्रवार को सुस्ती के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने के भाव सुधर गए। सोने के भाव 96,800 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,07,900 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 47 रुपये की गिरावट के साथ 96,735 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,782 रुपये था। इस समय यह 52 रुपये की तेजी के साथ 96,834 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 96,840 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 96,735 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,01078 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 400 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,836 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,236 रुपये था। इस समय यह 316 रुपये की गिरावट के साथ 1,07,920 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,07,920 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,07,836 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,09,748 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,335 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 3,338.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.05 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 37.08 डॉलर था। इस समय यह 0.22 डॉलर की गिरावट के साथ 36.86 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# थाईलैंड में दो दिनों में बदले दो प्रधानमंत्री: अब तीसरे फुमथम वेचायाचाई ने संभाली जिम्मेदारी

### शिनावात्रा के बाद सूर्या भी हटे



बैंकॉक,(ईएमएस)। थाईलैंड की राजनीति में पिछले दो दिनों से बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। देश को 48 घंटे के भीतर दूसरा कार्यवाहक प्रधानमंत्री मिला है। गुरुवार को गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाई ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने 24 घंटे के भीतर कार्यकाल समाप्त करने वाले सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट की जगह ली।इससे पहले बुधवार को सूर्या को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था, जब थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कोर्ट ने नैतिकता के उल्लंघन के मामले में पद से हटा दिया था।शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ एक निजी फोन कॉल में थाई सेना प्रमुख की आलोचना की थी। यह कॉल लीक होकर सार्वजनिक हो गई थी। कॉल में शिनावात्रा ने सेना प्रमुख को अपना विरोधी बताया और हुन सेन को चाचा कहकर संबोधित किया। कंबोडिया और थाईलैंड के बीच लंबे समय से सीमा विवाद चल रहा है, ऐसे में यह बयान राजनीतिक संकट का कारण बन गया।इस ऑडियो के सार्वजनिक होने के बाद शिनावात्रा पर राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, सेना को कमजोर करने और मंत्री पद की नैतिकता के उल्लंघन के आरोप लगे। उनके खिलाफ विपक्षी दलों ने आंदोलन शुरू कर दिया और गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों ने समर्थन वापस ले लिया। आखिरकार कोर्ट के निर्देश पर उन्हें 1 जून को पद से हटा दिया गया।

### नए प्रधानमंत्री का चयन

शिनावात्रा की बर्खास्तगी के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने सूर्या जुंगरुंगरेंगकिट का कार्यकाल महज 24 घंटे चला। गुरुवार को थाई राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने नए मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में फुमथम वेचायाचाई को कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।फुमथम वेचायाचाई फिलहाल देश के गृह मंत्री हैं और सत्ताधारी पार्टी से ताल्लुक रखते हैं। सरकार ने सोशल मीडिया पर उनके नियुक्त होने की आधिकारिक घोषणा की।

### अब आगे क्या?

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि थाईलैंड में जारी सत्ता संकट का यह अंत नहीं है। सेना, न्यायपालिका और राजनीति के बीच टकराव और गठबंधन सरकार की अस्थिरता अभी भी बड़ी चुनौती बनी हुई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि फुमथम कब तक इस जिम्मेदारी को संभाल पाते हैं, या देश को जल्द नए आम चुनाव की ओर बढ़ना पड़ेगा।

# तीन भारतीयों को अगवा करने वाला कौन अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन संगठन!

बमाको (ईएमएस)। पश्चिम अफ्रीकी देश माली में एक गंभीर आतंकी घटना सामने आई, जिसमें तीन भारतीय नागरिकों को अगवा कर लिया गया। यह हमला 1 जुलाई को माली के कायेस क्षेत्र में स्थित डायमंड सीमेंट फैक्ट्री पर हुआ, जहां भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने सुनियोजित तरीके से धावा बोला और तीन भारतीय कर्मचारियों को बंधक बनाकर ले गए। इस घटना के पीछे अल-कायदा से जुड़े आतंकी संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) का हाथ होने का संदेह जताया जा रहा है। हालांकि इस अपहरण की जिम्मेदारी अभी तक किसी संगठन ने आधिकारिक रूप से नहीं ली है।माली में हाल के दिनों में आतंकी संगठनों, विशेष रूप से अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े समूहों की गतिविधियां बढ़ी हैं। 1 जुलाई को हुए इस हमले से पहले, मंगलवार को माली के विभिन्न हिस्सों में समन्वित आतंकी हमलों की जिम्मेदारी जेएनआईएम ने ली थी, जिससे इस अपहरण में उनकी संलिप्तता का संदेह और गहरा हो गया है। जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन एक जिहादी संगठन है, जो अल-कायदा इन द इस्लामिक मघरेब का हिस्सा है। यह संगठन 2017 में पश्चिम अफ्रीका में सक्रिय विभिन्न जिहादी समूहों के गठबंधन से बना। जेएनआईएम का प्रभाव माली, बुर्किना फासो, और नाइजर जैसे साहेल क्षेत्र के देशों में है, जहां यह सरकारी और विदेशी ठिकानों पर हमले, अपहरण, और अन्य आतंकी गतिविधियों को अंजाम देता है। संगठन का उद्देश्य इस क्षेत्र में इस्लामी शासन स्थापित करना और विदेशी प्रभाव, खासकर फ्रांसीसी और पश्चिमी देशों की मौजूदगी को समाप्त करना है।इसके अलावा, माली में विदेशी कंपनियों और नागरिकों पर हमले क्षेत्र में पश्चिमी और अन्य विदेशी प्रभाव को कम करने की रणनीति का हिस्सा हो सकते हैं। भारतीय नागरिकों का अपहरण भारत और माली के बीच बढ़ते आर्थिक सहयोग पर दबाव डालने का प्रयास हो सकता है। आतंकी संगठन विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करते हैं और अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हैं। यह स्थानीय आबादी और सरकारों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का एक तरीका है। जेएनआईएम माली में पहले भी कई आतंकी हमलों और अपहरण की घटनाओं में शामिल रहा है। यह संगठन स्थानीय और विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर फिरौती और राजनीतिक दबाव बनाने की रणनीति अपनाता है। डायमंड सीमेंट फैक्ट्री पर हमले को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, हालांकि अपहरण के पीछे ठोस मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। भारतीयों के अपहरण की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। जेएनआईएम और अन्य जिहादी संगठन अक्सर अपहरण के जरिए फिरौती वसूलते हैं, जिससे अपनी गतिविधियों के लिए धन जुटाते हैं। विदेशी नागरिकों को निशाना बनाना उनके लिए आर्थिक और रणनीतिक रूप से फायदेमंद होता है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रुस ने फिर किया यूक्रेन पर मिसाइल व ड्रोन से हमला, 23 लोग घायल

कीव,(ईएमएस)। रूस ने शुक्रवार सुबह यूक्रेन पर 500 मिसाइलों और ड्रोनों से हमला बोला। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया कि उसने रुस की 270 मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया। इसके अलावा 330 शाहेद ड्रोन भी थे। इनमें से 208 ड्रोन को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए जाम कर दिया। इस हमले का सबसे बड़ा निशाना राजधानी कीव ही था। कीव के अलावा दिनप्रो, सुमी, खार्किव, चेर्निहिव और आसपास के इलाकों को भी नुकसान पहुंचाया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कीव के मेयर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 23 लोग घायल हुए हैं और 14 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हमले से कीव के कई इलाकों में अपार्टमेंट बिल्डिंग, दुकानों, एक स्कूल, अस्पताल, रेलवे लाइन और दूसरे जरूरी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। धमाकों की आवाजें 3 जुलाई को रात 10 बजे से ही सुनाई देने लगी थीं और ये 4 जुलाई सुबह तक जारी रहीं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को फोन पर बात की थी। जनवरी में ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद दोनों नेताओं ने छठी बार बातचीत की। रूस के मुताबिक दोनों नेताओं ने यूक्रेन, ईरान और अमेरिका-रूस संबंधों समेत कई मुद्दों पर बात की। इस दौरान पुतिन ने साफ कहा कि रूस, यूक्रेन वॉर की असल वजह को खत्म करके दम लेगा। उन्होंने कहा कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन उसे नाटो में शामिल होने की जिद छोड़नी होगी और 2022 के बाद रूस ने जिन इलाकों पर कब्जा किया गया है उन्हें मान्यता देनी होगी। पुतिन के सीनियर एडवाइजर ने बताया कि ट्रम्प ने यूक्रेन वॉर जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। वहीं, पुतिन ने बातचीत के जरिए जंग का हल ढूंढने की कोशिश कर जोर दिया।

### रोम में हुए दो विस्फोट, दूर तक फैला मलबा, हादसे में 21 लोग घायल

रोम,(ईएमएस)। इटली की राजधानी रोम के एक पेट्रोल स्टेशन और गैस डिपो में भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 21 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट के बाद आग का एक बड़ा गोला आसमान में दिखाई दिया। यह विस्फोट सुबह 8 बजे हुआ। ब्लास्ट के बाद घटनास्थल से 300 मीटर दूर तक मलबा बिखर गया।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यहां एक के बाद एक दो विस्फोट हुए। पहले विस्फोट से पहले गैस की गंध आ रही थी। इसके बाद दूसरा विस्फोट हुआ और आग का एक बड़ा गोला आसमान में छा गया। विस्फोट के बाद लोगों को घरों से निकाला गया है। वाहन चालकों को वहां से हटाया गया। पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने रोम के मेयर से बात की। घटना स्थल के पास ही एक स्कूल था। हादसे के बाद 15 बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अभी नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

### युवक फ्लाइट में कर रहा था हरकतें, पीछे बैठे यात्री ने की शिकायत तो दबा दिया गला

वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका में फ्रंटियर एयरलाइंस की फ्लाइट में 30 जून को भारतीय मूल के इशान शर्मा को दूसरे पैसेंजर केनू इवांस के साथ मारपीट के आरोप में हिरासत में किया गया था। ये फ्लाइट फिलाडेल्फिया से मियामी जा रही थी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में इशान और केनू एक-दूसरे से लड़ते दिख रहे हैं, जबकि दूसरे लोग उन्हें रोकने की कोशिश कर रहे हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह विवाद उड़ान भरने के कुछ समय बाद हुआ। केनू इवांस ने कहा कि इशान उसकी आगे वाली सीट पर बैठा था और अजीब हरकतें कर रहा था जैसे बार-बार हंसना और बड़बड़ाते हुए किसी को मारने की धमकी दे रहा था, जिससे केनू परेशानी हो रही थी। इशान के हरकतों से परेशान होकर केनू ने केबिन क्रू मेंबर से मदद के लिए कहा, जिसके बाद इशान गुस्से में आ गया और लड़ाई करने लगा और इवांस का गला पकड़ लिया। ईशान को मियामी एयरपोर्ट पर उतरते ही हिरासत में ले लिया गया था।रिपोर्ट के मुताबिक दूसरी ओर अदालत में पेशी के दौरान इशान के वकील ने दावा किया कि वे बस मेडिटेशन कर रहे थे, जिसे पीछे बैठे केनू इवांस ने गलत समझ लिया। अदालत ने इशान पर 500 डॉलर यानी 42 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है और उसे इवांस से कांटेक्ट करने, उसके स्कूल या घर के पास जाने से रोकने के लिए स्टे-अवे ऑर्डर जारी किया है।

### तालिबान सरकार को रुस ने दी इस्लामिक अमीरात की मान्यता

मॉस्को,(ईएमएस)। अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता को रूस ने आधिकारिक मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला रूस दुनिया का पहला देश बन गया है। यह घोषणा गुरुवार को काबुल में अफगान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी और अफगानिस्तान में रूस के राजदूत दिमित्री झिरनोव के बीच हुई बैठक के बाद की गई। तालिबान सरकार ने रूस के इस कदम को बहादुरी वाला बताया है।अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी ने बैठक के बाद बयान में कहा कि रुस का यह साहसी फैसला दूसरों के लिए एक मिसाल बनेगा। अब मान्यता की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, रूस सबसे आगे रहा। तालिबान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जिया अहमद तकाल ने कहा कि रूस पहला देश है जिसने इस्लामिक अमीरात को आधिकारिक मान्यता दी है। रूस के अफगानिस्तान मामलों के विशेष प्रतिनिधि जामिर काबुलोव ने रिया नोवोस्ती ने तालिबान सरकार को मान्यता देने की पुष्टि की है।रूसी विदेश मंत्रालय ने भी बयान जारी कर कहा कि इस्लामिक अमीरात की सरकार को मान्यता देने से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग तेजी से बढ़ेगा। चीन, पाकिस्तान और ईरान जैसे कई देशों ने अपने-अपने यहां तालिबान राजनयिकों को तैनात कर रखा है, लेकिन अभी तक किसी ने भी तालिबान शासन को आधिकारिक मान्यता नहीं दी थी।

### पुतिन ने ट्रंप को नहीं दिया भाव, अब जेलेंस्की से बात करेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति

वाशिंगटन(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से वो काफी निराश है और उन्हें लगता है कि पुतिन यूक्रेन में युद्ध नहीं रोकना चाहते हैं। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को काफी समय बीत चुका है और स्थिति अभी भी वैसी ही बनी हुई है। इस बीच काई बार शांति का प्रयास भी किया गया, लेकिन हर बार नतीजा कुछ नहीं निकला।

## पीएम मोदी ने त्रिनिदाद में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा

# प्रधानमंत्री कमला हैं बिहार की बेटी

### राम मंदिर का मॉडल और कुंभ का जल भेंट किया



पोर्ट ऑफ स्पेन,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार तड़के त्रिनिदाद और टोबैगो की राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने त्रिनिदाद की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर को बिहार की बेटी बताया और उन्हें राम मंदिर का मॉडल, सरयू और संगम का पवित्र जल भेंट किया। उन्होंने भारतीय प्रवासियों को संस्कृति और सभ्यता के दूत कहा।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि आपने गंगा और यमुना को पीछे छोड़ा, लेकिन दिल में रामायण को साथ लेकर आए। आप प्रवासी नहीं, एक संपूर्ण सभ्यता के वाहक हैं। आपकी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और आर्थिक विरासत ने इस देश को समृद्ध किया है। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अब भारतीय मूल की छठी पीढ़ी तक लोगों को आसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) कार्ड दिया जाएगा।

### त्रिनिदाद की रामलीला को बताया 'अनोखी'

पीएम मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में रामलीला पर चर्चा करते हुए कहा कि यह वाकई अनोखी है। उन्होंने कहा कि उन्हें यहां श्रीराम के प्रति लोगों की भक्ति देखकर अत्यंत खुशी हुई। साथ ही उन्होंने स्मरण कराया कि त्रिनिदाद से राम मंदिर निर्माण के लिए पवित्र जल और शिला भेजी गई थी। मैं भी आज आपके लिए सरयू नदी का पवित्र जल और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की प्रतिकृति लेकर आया हूं। यह मेरे लिए गर्व का क्षण है।

### कमला जी को लोग मानते हैं बिहार की बेटी

पीएम मोदी ने त्रिनिदाद की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर का विशेष उल्लेख करते हुए कहा, कमला जी के पूर्वज बिहार के बक्सर से थे। उन्होंने वहां का दौरा भी किया है। लोग उन्हें 'बिहार की बेटी' मानते हैं और हम सबके लिए यह गर्व की बात है। उन्होंने कहा, कि बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की बौद्धिक और सांस्कृतिक चेतना का स्रोत है। इसने सदियों से पूरी दुनिया को रास्ता दिखाया है।

### भारतीयता के रंगों से सजी त्रिनिदाद की धरती

पीएम मोदी ने अपने भाषण में यह भी कहा कि बनारस, पटना, कोलकाता, दिल्ली जैसे भारतीय शहरों के नाम आज त्रिनिदाद की सड़कों और मोहल्लों में देखे जा सकते हैं। नवरात्रि, महाशिवरात्रि, जन्माष्टमी जैसे त्योहार यहां पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाए जाते हैं। उन्होंने चौताल और भटक गाना जैसी पारंपरिक लोक विधाओं के जीवित रहने को भारत और त्रिनिदाद के मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बताया।

### भावनात्मक जुड़ाव की बात

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कि हम खून या सरनेम से नहीं, बल्कि भावना और अपनापन से जुड़े हैं। आप जहां भी हों, भारत हमेशा आपके साथ है। आप हमारे गौरव हैं, हमारे संस्कृति के राजदूत हैं। इस ऐतिहासिक दौरे और भावनात्मक संबोधन के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय प्रवासियों को न सिर्फ सम्मानित किया, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत और विश्व के साथ संबंधों को भी सशक्त किया।

### त्रिनिदाद और टोबैगो में ऐतिहासिक स्वागत

पांच देशों की यात्रा के दूसरे चरण में त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर परंपरागत स्वागत हुआ। झाल-तासे और ढोल मंझीरे के साथ देशी अंदाज में भोजपुरी चौताल गाकर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी इस तरह देशी अंदाज में अपना स्वागत देखकर वशीभूत हो गए। पीएम मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच का सांस्कृतिक जुड़ाव करार दिया है। त्रिनिदाद और टोबैगो में भोजपुरी चौताल के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ स्वागत से पीएम मोदी मंत्रमुग्ध रह गए। इस तरह के स्वागत को उन्होंने अतुलनीय बताया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भोजपुरी में पोस्ट कर अपने भाव साझा किए हैं। पीएम मोदी ने लिखा एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो अन्यत्र नहीं है!

### चार बच्चों की मां बनने वाली है महिला, डॉक्टर भी हैं हैरान

लंदन (ईएमएस)। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक गर्भवती महिला का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसके गर्भ में एक साथ चार बच्चे पल रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला का पेट असामान्य रूप से फूल गया है, जिससे उसे चलने-फिरने और रोजमर्रा के काम करने में काफी मुश्किल हो रही है।बताया जा रहा है कि महिला को शुरुआत में अंदाजा नहीं था कि वह चार बच्चों की मां बनने वाली है। अल्ट्रासाउंड के दौरान जब डॉक्टर ने स्कैन में चार भ्रूणों को देखा तो वह खुद भी हैरान रह गया। डॉक्टर ने इसे एक दुर्लभ मामला बताया, जिसे देखकर हर कोई चकित रह गया। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, एक साथ चार बच्चों की गर्भावस्था अत्यंत दुर्लभ होती है और इसमें मां और बच्चों दोनों के लिए खतरा बढ़ जाता है। कई भ्रूणों के होने से गर्भ में जगह और पोषण दोनों की कमी हो सकती है, जिससे समय से पहले प्रसव या बच्चों का कम वजन होना आम है। अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, ऐसी स्थिति करीब 70 मिलियन में एक बार होती है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसी गर्भावस्था में महिला को विशेष चिकित्सा देखभाल, नियमित निगरानी और बेड रेस्ट की जरूरत होती है। इस वायरल वीडियो वाली महिला को भी डॉक्टर ने विशेष देखभाल की सलाह दी है ताकि मां और बच्चों की सेहत सुरक्षित रह सके।

# अमेरिका में बिग ब्यूटीफुल बिल हुआ पास रूस से ज्यादा ताकतवर हुआ अमेरिका!



वॉशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी कांग्रेस में नया बिल पास हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे 'बिग ब्यूटीफुल बिल' बताया है। ट्रंप शासन के नए बिल में वित्तीय वर्ष 2025 के लिए आईसीई का बजट 9.3 बिलियन डॉलर है। इस तरह आईसीई के बजट में तीन गुना बढ़ोत्तरी की गई है। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप के टैक्स और खर्च बिल की योजना आईसीई को पांच साल में 100 से 150 बिलियन डॉलर के बीच आवंटित करने की है। इसका मतलब है कि आईसीई का सालाना बजट करीब 30 बिलियन डॉलर रहेगा। वहीं, एफआई का सालाना बजट 545 मिलियन डॉलर कम कर दिया गया है। एफबीआई का बजट 10.6 बिलियन डॉलर से घटाकर 10.1 बिलियन डॉलर कर दिया गया है। इस तरह एफआई और आईसीई का सालाना बजट करीब 40 बिलियन डॉलर सालाना हो गया है।इसमें अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम बल (आईसीसी) का बजट बढ़ा दिया गया है। वहीं, एफबीआई के बजट में थोड़ी कटौती की गई है। इन सारी चीजों के बीच यह दावा किया जा रहा है कि एफबीआई और आईसीई का संयुक्त बजट, रूस के सैन्य बजट से ज्यादा है। अब जरा नजर डालते हैं रूस के सैन्य बजट पर। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने अप्रैल 2025 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट के मुताबिक रूस इस साल अपनी सेना पर 15.5 ट्रिलियन रूबल खर्च करने की तैयारी में है। इसे डॉलर में कन्वर्ट करें तो यह 174.16 बिलियन डॉलर पहुंचता है। ऐसे में यह साफ हो जाता है कि रूसी सेना का बजट, अमेरिका के एफबीआई और आईसीई पर खर्च से कहीं ज्यादा है। असल में आईसीई और एफबीआई का पांच साल का अनुमानित बजट करीब 180 बिलियन डॉलर है। इसकी तुलना रूसी सेना के सालाना बजट से होने लगी। इसीलिए यह दावा वायरल हो गया।

# अपर क्रॉस सिंड्रोम बना तेजी से फैलती हुई स्वास्थ्य समस्या

लंदन (ईएमएस)। मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन के सामने घंटों तक झुककर बैठने की आदत के लोग तेजी से अपर क्रॉस सिंड्रोम की समस्या से जूझने को मजबूर है। यह समस्या गर्दन, कंधों और ऊपरी पीठ की मांसपेशियों में असंतुलन पैदा करती है। यह स्थिति बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को प्रभावित कर रही है। समय रहते इसका इलाज न किया जाए तो यह लगातार दर्द, अकड़न और गर्दन-कंधे की गतिशीलता में कमी जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है। इस स्थिति में कुछ मांसपेशियां बहुत ज्यादा टाइट हो जाती हैं, जैसे अपर ट्रेपेजियस, लेवेटर स्कैपुला और पेक्टोरलिस मेजर व माइनर, जबकि कुछ मांसपेशियां कमजोर पड़ जाती हैं, जैसे डीप नेक फ्लेक्सर्स, लोअर ट्रेपेजियस और सेरेटस एंटीरियर। जब शरीर को साइड से देखा जाता है, तो यह असंतुलन एक क्रॉस जैसी आकृति बनाता है, इसलिए इसे अपर क्रॉस सिंड्रोम कहा जाता है।इसकी वजह से आगे की ओर झुकी हुई गर्दन, गोल कंधे और ऊपरी पीठ पर अनावश्यक भार जैसी खराब मुद्राएं विकसित हो जाती हैं। इसके प्रमुख कारणों में लगातार झुककर बैठना, निष्क्रिय जीवनशैली, बार-बार सिर झुकाकर मोबाइल देखना, बाहों को लंबे समय तक ऊपर उठाकर काम करना और नियमित व्यायाम की कमी शामिल हैं। ये कारण धीरे-धीरे शरीर के पोस्चर को बिगाड़ते हैं और मांसपेशियों के बीच संतुलन खत्म कर देते हैं। अपर क्रॉस सिंड्रोम के लक्षणों में गर्दन और कंधों में लगातार दर्द, सिरदर्द, गर्दन की गति में कमी, मांसपेशियों में थकान और हाथों में झुनझुनी या सुन्नपन होना शामिल है। इससे प्रभावित व्यक्ति को काम करने में परेशानी, आराम में भी दर्द और क्वालिटी ऑफ लाइफ में गिरावट जैसी समस्याएं हो सकती हैं।साथ ही, कंप्यूटर स्क्रीन को आंखों के समकक्ष रखना और मोबाइल का इस्तेमाल करते समय गर्दन को ज्यादा झुकने से बचाना चाहिए। नियमित रूप से गर्दन और कंधे की स्ट्रेचिंग और स्ट्रेंथनिंग एक्सरसाइज करने से भी इस स्थिति को काफी हद तक रोका और सुधारा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे बचने के लिए सबसे जरूरी है बैठने की मुद्रा को सही रखना और हर 30 से 60 मिनट पर ब्रेक लेना। इस दौरान खड़े होकर हल्की स्ट्रेचिंग या चलना बेहद फायदेमंद होता है।

# खराब लाइफस्टाइल से पुरुषों में बढ़ रही फर्टिलिटी की समस्या



लंदन (ईएमएस)। आजकल पुरुषों में घटती फर्टिलिटी की समस्या तेजी से बढ़ती जा रही है। शराब, सिगरेट और जंक फूड जैसी आदतों के कारण पुरुषों के स्पर्म काउंट पर बुरा असर पड़ रहा है, जिससे कई बार उन्हें पिता बनने का सुख भी नहीं मिल पाता। यह सिर्फ खराब खानपान या लाइफस्टाइल की वजह से नहीं है बल्कि कुछ ऐसी आदतें भी हैं जो सीधे तौर पर पुरुषों की फर्टिलिटी को नुकसान पहुंचाती हैं। जैसे लैपटॉप को गोद में रखकर काम करना। इससे निकलने वाली गर्मी टेस्टिकल्स का तापमान बढ़ा देती है, जो स्पर्म काउंट को कम कर सकता है। बेहतर होगा कि लैपटॉप हमेशा टेबल पर रखकर इस्तेमाल करें। इसी तरह, टाइट अंडरवियर पहनना भी नुकसानदेह है। इससे टेस्टिकल्स का तापमान बढ़ जाता है जिससे स्पर्म बनने में बाधा आती है। ढीले और आरामदायक कपड़े पहनने की सलाह दी जाती है। स्मोकिंग और अल्कोहल का सेवन भी स्पर्म हेल्थ के लिए हानिकारक है। इससे टेस्टोस्टेरोन लेवल गिर सकता है, इरेक्टाइल डिसफंक्शन की समस्या हो सकती है और स्पर्म क्वालिटी खराब हो जाती है। शराब और सिगरेट के अलावा तनाव भी एक बड़ी वजह है। ज्यादा स्ट्रेस लेने पर शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो टेस्टोस्टेरोन के स्तर को घटा देता है और स्पर्म काउंट पर बुरा असर डालता है। मोबाइल फोन को पैंट की जेब में रखने की आदत भी नुकसानदेह मानी जाती है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन स्पर्म काउंट को कम कर सकता है, इसलिए फोन को जेब में रखने की बजाय बैग में रखना बेहतर है।फर्टिलिटी को बेहतर रखने के लिए कुछ अच्छी आदतें अपनाना जरूरी है। रोजाना सात से आठ घंटे की गहरी नींद लें, तनाव कम करने के लिए मेडिटेशन करें और संतुलित आहार लें। साथ ही वजन को नियंत्रित रखें और नियमित व्यायाम करें। इन आदतों से न सिर्फ स्पर्म काउंट में सुधार होगा बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा और जीवन में खुशहाली बनी रहेगी। बता दें कि आजकल की तेज़ और भागदौड़ भरी जिंदगी में खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते लोग कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं। मोटापा, हाई बीपी, डायबिटीज और दिल की बीमारियां आम होती जा रही हैं।

### पाकिस्तान के गोदाम में घातक हथियार, भारत और अमेरिका के पास भी नहीं

इस्लामाबाद (ईएमएस)। भारत और पाकिस्तान के सैन्य और परमाणु क्षमताओं की तुलना करें तो दोनों देशों के पास आधुनिक हथियार प्रणालियां और परमाणु शस्त्रागार हैं। वैसे तो भारत की सैन्य क्षमता के आगे पाकिस्तान कहीं नहीं टिकता लेकिन कुछ ऐसे हथियार हैं, जिनका तोड़ भारत के अभी तलाश रहा है। भारत की सैन्य क्षमता, खासतौर पर पारंपरिक और परमाणु हथियारों में, पाकिस्तान से बेहतर है लेकिन कुछ मामलों में पाकिस्तान की कुछ हथियार प्रणालियां ऐसी हैं, जो भारत के लिए चुनौती पेश कर सकती हैं। चलिए जानते हैं उन्हीं हथियारों के बारे में।

# भारत की दूसरी पारी शुरू, राहुल-जायसवाल क्रीज पर

## इंग्लैंड पहली पारी में 407 रन पर ऑलआउट

बर्मिंघम । भारत और इंग्लैंड के बीच जारी दूसरे टेस्ट मैच का आज तीसरा दिन है। भारत ने शुभमन गिल के दोहरे शतक की मदद से पहली पारी में 587 रन बनाए। इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 407 रन पर ऑलआउट हो गई, जिससे भारत ने 180 रन की बढ़त हासिल कर ली। फिलहाल भारत की दूसरी पारी जारी है। भारत की दूसरी पारी शुरू हो चुकी है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर मौजूद हैं। पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम ने 180 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। अब वह इंग्लैंड के सामने अच्छा लक्ष्य रखना चाहेगी। तीसरे सत्र में मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की घातक गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड को 407 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत ने पहली पारी में 587 रन बनाए थे। इस आधार पर भारत ने 180 रन की बढ़त हासिल कर ली है।77/3 के स्कोर से तीसरे दिन का खेल शुरू करने उतरी इंग्लैंड को शुरुआत में ही दो झटके लगे थे। मोहम्मद सिराज ने दिन के दूसरे ओवर में ही इंग्लैंड को लगातार दो झटके दिए। पहले उन्होंने जो रूट (22) को पंत के हाथों कैच कराया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई। वह खाता भी नहीं खोल पाए।





84 के स्कोर पर पांच विकेट खो चुकी इंग्लैंड के लिए हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 368 गेंदों में 303 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान जेमी स्मिथ ने 80 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक पूरा किया जबकि स्मिथ ने 137 गेंदों में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया। दूसरे सत्र का खेल 355/5 के स्कोर पर समाप्त हुआ था। हालांकि, तीसरे सत्र में आकाश दीप ने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया और स्मिथ के साथ हुई 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी को तोड़ा। ब्रूक 234 गेंदों में 17 चौके और एक छक्के की मदद से 158 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, स्मिथ 207 गेंदों में 21 चौके और चार छक्के की मदद से 184 रन बनाकर नाबाद रहे। आकाश दीप ने स्मिथ के अलावा तीसरे सत्र में क्रिस वोक्स को करुण नायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। इसके बाद सिराज ने ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर को पवेलियन की राह दिखाई। तीनों खाता भी नहीं खोल पाए। इंग्लैंड की पहली पारी में भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने छह और आकाश दीप ने चार विकेट हासिल किए। इंग्लैंड को नौवां झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने जोश टंग को अपना शिकार बनाया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। इस तरह सिराज ने पांच विकेट हॉल पूरा कर लिया। अब स्मिथ का साथ देने शोएब बशीर आए हैं। मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड को आठवां झटका दिया। उन्होंने ब्रायडन कार्स को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह खाता भी नहीं खोल पाए। अब क्रीज पर जोश टंग आए हैं। इंग्लैंड को सातवां झटका आकाश दीप ने दिया। उन्होंने क्रिस वोक्स को करुण नायर के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ पांच रन बना पाए। अब क्रीज पर ब्रायडन कार्स और जेमी स्मिथ मौजूद हैं। इंग्लैंड का स्कोर 395/7 है। आकाश दीप ने इंग्लैंड को छठा झटका तीसरे सत्र में दिया। उन्होंने हैरी ब्रूक को अपना शिकार बनाया। वह 234 गेंदों में 17 चौके और एक छक्के की मदद से 158 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने जेमी स्मिथ के साथ 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी निभाई। इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 387 रन है। मेजबान फिलहाल भारत से 200 रन पीछे है। अब स्मिथ का साथ देने क्रिस वोक्स आए हैं। स्मिथ और ब्रूक के बीच 365 गेंदों में 300 से ज्यादा रनों की साझेदारी हो चुकी है। ब्रूक 158 और स्मिथ 168 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इंग्लैंड का स्कोर 386/5 है। दूसरे सत्र में भारत को कोई विकेट नहीं मिला। अब तीसरे सत्र का खेल शुरू हो चुका है। स्मिथ और ब्रूक क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों भारतीय गेंदबाजों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। चायकाल तक इंग्लैंड का स्कोर 355/5 जेमी स्मिथ और हैरी ब्रूक के बीच 323 गेंदों में 271 रनों की साझेदारी हो चुकी है। इंग्लैंड का स्कोर 355/5 है। भारत से अभी भी टीम 232 रन पीछे है। स्मिथ-ब्रूक के बीच 250 रन की साझेदारी पूरी स्मिथ और ब्रूक के बीच 250 रन की साझेदारी पूरी हो चुकी है। दोनों शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड का स्कोर 330 के पार पहुंच गया है।

## शुभमन की पारी से गर्व का अनुभव कर रहे उनके मेंटोर युवराज

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह आजकल बेहद खुश हैं। युवराज की खुशी का कारण उनके शिष्य और भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल का शानदार प्रदर्शन है। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाया है। युवराज ने कहा कि उसने बल्लेबाजी को बेहद आसान बना दिया है। युवराज ने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को कोचिंग दी थी। युवराज ने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया में लिखा, ''शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर उसने सब कुछ इतना आसान बना दिया। शानदार खेला और दोहरे शतक का अधिकारी था, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता।'' वहीं दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने ने भी शुभमन की सराहना की है। अश्विन ने लिखा, ''शुभमन का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत सहायता मिलेगी। वहीं महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा, ''शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई। शानदार खेल दिखाया!''

## डब्ल्यूटीसी मुकाबलों में 2000 रन और 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने जडेजा



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम इंडिया के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपनी 89 रनों की पारी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब जडेजा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबलों में 2000 रन और 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। जडेजा के अलावा किसी भी अन्य खिलाड़ी के नाम ये रिकार्ड नहीं है। जडेजा के अब डब्ल्यूटीसी में 2010 रन हो गए हैं, वहीं इस दौरान उन्होंने 132 विकेट भी लिए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के पास रवींद्र जडेजा की बराबरी करने का मौका होगा। स्टोक्स के नाम 2000 से अधिक रन पर वह विकेटों के मामले में पीछे हैं। उनके अभी तक खेले 55 मैचों में 3365 रन के साथ ही 86 विकेट हैं। वहीं जडेजा ने 41 मैचों में ही 2000 रन और 100 विकेट लेने का करिश्मा किया है। जडेजा ने दूसरे टेस्ट में तब जबरदस्त अर्धशतकीय पारी खेली जब टीम ने 211 के स्कोर पर ही 5 विकेट गंवा दिये थे। जडेजा की कप्तान शुभमन गिल के साथ 203 रनों की साझेदारी से ही भारतीय टीम 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही।

## दूसरे एकदिवसीय में कोच के बिना ही उतरेगी बांग्लादेश टीम

कोलंबो (ईएमएस)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य कोच फिल सिमंस श्रीलंका के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय के लिए टीम के साथ नहीं रहेंगे। इसका कारण ये है कि वह चिकित्सा कारणों से इंग्लैंड में डॉक्टर से मिलने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार सिमंस सीरीज के तीसरे एकदिवसीय में खेलेंगे। वह 7 जुलाई को श्रीलंका वापस लौटेंगे। इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज के बाद बांग्लादेश की टीम को तीन मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को हार का सामना करना पड़ा था। वह 8 जुलाई को होने वाले तीसरे मैच के लिए लंदन से वापस आ जाएंगे।बांग्लादेश की टीम ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ खेली गई दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और मैच ड्रॉ रहा था पर उसे अगले मैच में हार मिली थी। इसके बाद से ही टीम अभी तक अपनी लय हासिल नहीं कर पाई है। दूसरा टेस्ट हारने के बाद पहले एकदिवसीय मैच में भी उनको करारी हार का सामना करना पड़ा।

## वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर समेटा



### ख्वाजा ने पूरे किये 6000

सेंट जॉर्ज (ईएमएस)। अल्जारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे टेस्ट मैच में 286 रनों पर ही आउट कर दिया। इस मैच में मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से केवल एलेक्स कैरी और बीयू वेबस्टर ही अर्धशतक लगा पाये। वहीं सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने इस मैच में 16 रन बनाने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में अपने 6000 रन पूरे कर लिए। वे ऐसा करने वाले ऑस्ट्रेलिया के 16वें बल्लेबाज हैं। ख्वाजा ने 83 टेस्ट की 149 पारियों में से रन बनाये हैं। वहीं स्टीव स्मिथ केवल 3 रन ही बना पाये। बारिश से बाधित इस मैच में मेजबान गेंदबाज हावी रहे। अल्जारी ने 16 ओवर में 61 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं जेडन सील्स ने दो विकेट हासिल किये जबकि शमार जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जस्टनी ग्रीव्स को एक-एक विकेट मिला। बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष बल्लेबजा विफल रहे। सलामी बल्लेबाज ओपनर सैम कांस्टास ने 25, उस्मान ख्वाजा ने 16 और कैमरन ग्रीन ने 26 रन बनाए। वहीं ट्रैविस हेड ने 29 रन बनाये। छठे नंबर पर उतरे बीयू वेबस्टर ने 60 रन की पारी खेलकर पारी संभाली। सातवें नंबर के उतरे एलेक्स कैरी ने 63 रन बनाये। इननों ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। कप्तान पैट कमिंस ने भी 17 रन जबकि. नाथन लायन ने 11 और जोश हेजलवुड ने 10 रन बनाए।



लंदन में इटली के जैनिक सिनर विंबलडन टेनिस में खेलते हुए।

## टेस्ट में शुभमन बने सबसे बड़ी पारी खेलने वाले कप्तान

### एकदिवसीय में सहवाग और टी20 में रोहित के नाम है रिकार्ड



मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन टेस्ट में 269 रनों की लंबी पारी खेलने के साथ ही कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पूर्व कप्तान विराट कोहली के नाम था। विराट ने साल 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नाबाद 254 रन बनाकर यह रिकॉर्ड बनाया था। अब 6 साल बाद शुभमन ने इस रिकॉर्ड को तोड़ा है। दिया है। अब गिल टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए बतौर कप्तान सबसे बड़ी पारी खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वहीं टी20 में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकार्ड पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने साल 2024 टी20 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ बेंगलुरु में हुए एक टी20 मैच में 121 रनों की नाबाद पारी खेली थी। तब उन्होंने 69 गेंदों पर 11 चौके और 8 छक्के लगाए थे। वहीं एक दिवसीय में वीरेंद्र सहवाग सबसे अधिक रनों के मामले में शीर्ष पर हैं। सहवाग ने 12 एकदिवसीय मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी की है। इस दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2011 में हुए एकदिवसीय मुकाबले में 219 रन बनाये थे। वह सचिन तेंदुलकर के बाद एकदिवसीय क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले विश्व के मात्र दूसरे खिलाड़ी हैं।

## ब्रैथवेट ने रिचर्ड्स, लॉयड के क्लब में जगह बनायी





बारबाडोस (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के क्रेग ब्रैथवेट यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए मैदान पर उतरने के साथ ही वेस्टइंडीज की ओर से 100 टेस्ट खेलने वाले 10वें क्रिकेटर बन गये। इस मैच में उतरने के साथ ही विव रिचर्ड्स, क्लाइव लॉयड, ब्रायन लारा और गॉर्डन ग्रीनिज जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के क्लब में आ गये हैं। पिछले कुछ साल में ब्रैथवेट सबसे लंबे प्रारूप में वेस्टइंडीज क्रिकेट के स्तंभ बनकर उभर हैं, उन्होंने अब तक 99 टेस्ट मैचों में 12 शतकों के साथ ही कुल 5943 रन बनाए हैं, उनमें से 39 में टीम का नेतृत्व किया है। साल 2011 में डेब्यू करने के बाद से इस क्रिकेटर ने पिछले एक दशक से शानदार प्रदर्शन किया है।

ब्रैथवेट ने कहा, 'जब मैं शायद 14 वर्ष का था तभी से मेरा लक्ष्य 100 टेस्ट खेलना था। अब मैं 18 साल बाद वेस्टइंडीज के लिए अपना सौवां टेस्ट खेल रहा हूं। मैं बहुत आभारी हूं, और मैं बस युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनना चाहता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ डेब्लू मैच में ब्रैथवेट का प्रदर्शन अच्छा नहीं था और वह इस मैच में केवल 15 रन ही बना पाये थे। इसके बाद जब उन्हें लय मिली तो वह बेहतर होते गये। मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक लगाने के बाद से ही उनके करियर में तेजी आई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अगले चार मैचों में उन्होंने तीन और अर्धशतक लगाए। ब्रैथवेट को अपना पहला टेस्ट शतक बनाने में तीन साल लग गए। 2014 में पोर्ट ऑफ स्पेन में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक संयमित पारी खेलने से वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम में उनकी जगह पक्की हुई।



## लीवरपूल के फुटबॉलर की कार हादसे में मौत , रोनाल्डों ने संवेदना जतायी

ज़मोरा (ईएमएस)। इंग्लैंड के लीवरपूल क्लब से खेलने वाले पुर्तगाल के एक फुटबॉलर की कार हादसे में मौत हो गयी है। लीवरपूल के फॉरवर्ड डिएगो की कार पुर्तगाली सीमा के करीब जमोरा प्रांत में हादसे का शिकार हो गयी। इस दौरान जोटा के साथ उनके छोटा भाई 26 साल के आंद्रे भी गाड़ी में थे। आंद्रे भी एक पेशेवर फुटबॉलर आंद्रे थे और पुर्तगाल की टीम पेनाफिल के लिए खेलते थे।

रिपोर्ट्र्स के अनुसार, स्पेन के ज़मोरा में स्थानीय फायर अधिकारियों ने बताया कि दो लोगों की हादसे में मौत हुई है। मृतकों की उम्र 28 और 26 साल थी। उनकी गाड़ी में आग लग गई थी। डिएगो जोटा के नाम 130 से ज्यादा गोल है, इस खिलाड़ी ने अंतिम गोल एवर्टन के खिलाफ मैच में किया था। अभी वह लिवरपूल से खेल रहे थे। उन्होंने अपने करियर का आखिरी गोल 2 अप्रैल को किया था। ये गोल एवर्टन और लिवरपूल के बीच खेले गए मुकाबले में बना था।

लिवरपूल एफसी ने डियागो की मौत पर दुख जताते हुए कहा कि इस कठिन समय में हमारी हार्दिक संवेदनाएं डियोगो के परिवार के साथ हैं। साथ ही कहा कि। फुटबॉल ने एक चैंपियन खो दिया है जिसकी कमी हमेशा खलेगी। हम क्लब में अपने दोस्तों और सहकर्मियों का समर्थन करना जारी रखेंगे। एलएफसी ने सोशल मीडिया में लिखा, लिवरपूल फुटबॉल क्लब डियोगो के दुखद निधन से स्तब्ध है। वहीं पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने भी डियोगो के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी परिवार के लिए अपनी संवेदनाएं जतायी हैं।

## भारत ने 2036 ओलंपिक मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश की है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने स्विट्जरलैंड के लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अधिकारियों से मुलाकात कर आधिकारिक तौर पर ओलंपिक मेजबानी का दावा किया। भारतीय ओलंपिक संघ ने पिछले काफी समय से कहा है कि वह ओलंपिक का आयोजन करना चाहता है और उसके लिए प्रयास कर रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा के अलावा केंद्रीय खेल मंत्रालय और गुजरात सरकार के प्रतिनिधि शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने औपचारिक तौर पर मेजबान शहर के तौर पर अहमदाबाद के नाम की दावेदारी की। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत ने आईओसी के सामने आधिकारिक तौर पर मेजबान सिटी के तौर पर अपने किसी शहर का नाम दिया है। साल 2032 का ओलंपिक खेल ब्रिसबेन में होना है इसलिए भारत ने 2036 ओलंपिक के लिए दावेदारी की है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ऊषा ने कहा है, भारत में ओलंपिक खेल का होना न सिर्फ एक भव्य आयोजन होगा बल्कि उसका सभी भारतीयों पर ऐसा प्रभाव पड़ेगा जो पीढ़ियों में कभी कभार पड़ता है। उषा ने लूजान में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधिकारियों के साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक की तस्वीर को सोशल मीडिया पर साझा भी किया है। उन्होंने कहा कि बातचीत काफी अच्छी रही है।

# जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता



लंदन में सर्बिया के नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस में दूसरे दौर का मैच जीतने के बाद उत्साहित होते हुए।

### इवांस को हराकर तीसरे दौर में पहुंचे

लंदन (ईएमएस)। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंच गये हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रहे जोकोविच ने दूसरे दौर में ब्रिटेन के डैन इवांस को 6-3, 6-2, 6-0 से हरा दिया। इसी के साथ ही जोकोविच ने विंबलडन में अपना 99वां मैच जीता है। इसी के साथ ही वह तीसरे दौर में 19वीं बार पहुंचे हैं। ये ओपन युग में किसी पुरुष खिलाड़ी का अब तक का सबसे अच्छा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

वहीं स्विटजरलैंड के दिग्गज खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 18 बार तीसरे दौर में जगह बनायी। जोकोविच ने जीत के बाद कहा, '19 बार, यह एक शानदार आंकड़ा है। यह संख्या यानिक सिनर और कार्लोस अल्कारेज की उम्र के करीब है। गौरतलब है कि पिछले दो विंबलडन फाइनल में जोकोविच को 22 साल के अल्कारेज और 23 साल के सिनर ने हराया था। वहीं महिल एकल में सातवीं वरीयत प्राप्त मीरा आंद्रीवा और 10वीं वरीयता प्राप्त ऐमा नवारो ने सीधे सेट में जीत हासिल की।

एक अन्य मैच में आंद्रीवा ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-1, 7-6 से पराजित किया जबकि नवारो ने वेरोनिका कुदरमेतोवा को 6-1, 6-2 से हराया। विंबलडन विजेता एलेना रिबाकिना ने मारिया सकारी को 6-3, 6-1 से पराजित किया। पुरुष एकल में एलेक्स डि मिनोर ने आर्थर केजॉक्स को 4-6, 6-2, 6-4, 6-0 से हराया जबकि ग्रेगोर दिमित्रोव ने कोरेनटिन मोटेट को 7-5, 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।

## जडेजा एजबेस्टन में सबसे अधिक अर्धशतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में शामिल

बर्मिंघम (ईएमएस))। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द जडेजा ने यहां मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन अर्धशतक लगाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। जडेजा एजबेस्टन के मैदान पर सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एक खास क्लब में शामिल हो गये हैं। इसमें सुनील गावस्वकर , गुंडप्पा विश्वनाथ , एमएस धोनी, विराट कोहली और ऋषभ पंत शामिल हैं। जडेजा इस मैदान पर संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक अर्धशतक बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। भारत जडेजा ने इस मैच में कप्तान शुभमन गिल के साथ 6 विकेट के लिए शानदार शतकीय साझेदारी की जिससे भारतीय टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

## दिल्ली 6 ने डीपीएल के लिए ऋषभ को रिटेन किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत दित्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र में भी पुरानी दिल्ली 6 की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। नीलामी से पहले ही पुरानी दिल्ली 6 ने ऋषभ को रिटेन करने की घोषणा की है। उन्हें मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाये रखा गया है। पुरानी दिल्ली 6 ने डीपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। ऋषभ के होने से दिल्ली 6 को उम्मीद है कि टीम 2025 सीजन में और अधिक बेहतर प्रदर्शन करेगी। पुरानी दिल्ली 6 के प्रमोटर ने कहा, 'ऋषभ न केवल विश्व स्तरीय क्रिकेटर हैं, बल्कि पुरानी दिल्ली 6 की धड़कन भी हैं। उनका नेतृत्व, अनुभव और प्रतिभा हमें बढ़त दिलाती है। उनके रहने से हमारी टीम बेहतर होकर जीत की ओर बढ़गी। वहीं दिज्ली जिला क्रिकेट संघ ने इस सत्र से दो नई पुरुष फ्रेंचाइज भी शामिल की हैं। इसमें बाहरी दिल्ली और नई दिल्ली फ्रेंचाइजी है। इससे लीग में टीमों की संख्या छह से बढ़कर 8 हो जाएगी। आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 जुलाई और 7 जुलाई को होगी।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की तैयारियों को लेकर

# उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के साथ बैठक की, दिए गए जरूरी दिशा-निर्देश




### 08 जुलाई को सांसद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र-सह-केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में बैठक प्रस्तावित

### सभी विभागों को यथाशीघ्र सभी तैयारियों को पूरा करने का निर्देश, योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता जरूरी

गिरिडीह, 08 जुलाई को प्रस्तावित माननीय सांसद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र-सह-केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में बैठक होनी है, जिसकी तैयारियों को लेकर आज समाहरणालय सभागार में जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने विभागवार बारी-बारी से विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से योजनाओं के क्रियान्वयन और निष्पादन करने का निर्देश दिया गया तथा प्राथमिकता के साथ लंबित मामलों का निराकरण करने की बात कही गई। इसके अलावा उपायुक्त ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को स्पष्ट निर्देशित किया कि अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं तथा लंबित योजनाओं के निष्पादन में पूरी पारदर्शिता बरतें एवं जल्द से जल्द निष्पादित किया जाय। इसके साथ ही सभी विभागों को डाटा में सुधार लाने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्ता, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी कार्यपालक अभियंता समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने विभिन्न मांगों को लेकर दिया धरना



गावां । गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के मुख्य गेट के समक्ष भाकपा माले ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। कई ट्रैक्टरों के साथ भाकपा माले के दर्जनों कार्यकर्ता गावां ब्लॉक पहुंच कर पैसा लो बालू दो के नारे लगाए। धरना में माले के नेता नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन चौधरी व प्रखंड सचिव सकलदेव यादव उपस्थित थे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि एनजीटी लागू होने बाद से नदियों से बालू उठाव पर प्रतिबन्ध सरकार ने लगा दी है। जिसके कारण बालू उठाने वाले ट्रैक्टरों पर गावां सीओ कार्रवाई कर रहे हैं। सरकार द्वारा गरीबों को दिए गए आवास बिना बालू का कैसे बनाएंगे। बालू की वैकल्पिक व्यवस्था सीओ करा दे या बालू उठाव करने वाले ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करना बंद करे। नहीं तो भाकपा माले उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। कहा कि स्थानीय विधायक और सांसद के द्वारा जन समस्याओं को ले संसद भवन और विधान सभा में आवाज भी नहीं उठाया जाता है।इस दौरान अंचल कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टरों को पकड़ना बंद करे, बालू उठाव का लीज व डंपिंग

# अवैध बालू लदा ट्रक जब्त, पूर्वी टुंडी थाना में एफआईआर दर्ज




धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने आज पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक ट्रक को जब्त किया है।

इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार ने बताया कि उनके नेतृत्व में शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:45 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, जिला खनन पदाधिकारी, रितेश राज तिग्गा, खान निरीक्षक, बिनोद बिहारी प्रमाणिक, सुमित प्रसाद, बसंत उरांव एवं आवंटित सशस्त्र पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से पूर्वी टुण्डी थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया ।

जांच के क्रम में पूर्वी टुण्डी से गोविन्दपुर की ओर आ रहे एक ट्रक, रजिस्ट्रेशन नंबर यू.पी. 78 ए.टी. 5166, को बिना परिवहन चालान के बालू परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके बाद ट्रक को जब्त कर सुसंगत धाराओं के अंतर्गत पूर्वी टुण्डी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सिविल सोसायटी के सदस्यों ने विभिन्न मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

दुमकाः सिविल सोसायटी दुमका का 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल उपायुक्त दुमका अभिजीत कुमार सिन्हा से दुमका समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में मिलकर एक ज्ञापन सौंपा,जिसमें दुमका नगर परिषद क्षेत्र की जनसमस्याओं जैसे पेयजल,स्ट्रीट लाइट,साफ-सफाई,अतिक्रमण,विजयपुर में नवनिर्मित विद्युत शवदाह गृह को चालू करने की बात प्रमुखता से बिन्दुवार रखा। ज्ञापन में सिविल सोसायटी दुमका ने जल्द से जल्द टीन बाजार भारतरत्न कर्पूरी जी के प्रतिमा स्थल के आसपास साफ सफाई कर जर्जर अवस्था में पड़े प्याऊ को डिमोलिश कर सौंदर्यीकरण किया जाए।

मुक्तिधाम में विद्युत शवदाह गृह बनकर तैयार है लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने पर भी यह चालू नहीं हुआ है और तो और अब लोहें से बने दरवाजा भी टुट कर गिरा हुआ है साथ ही यहां अन्य सामग्री भी नष्ट हो रहा हो हैं।एक हाईमास्क भी कुछ महीने पुर्व लगा किन्तु आज खराब पड़ा है, चारों ओर झाड़ियों और गंदगी से भरा हुआ है। आमजनों की सुविधा हेतु साफ सफाई के साथ शवदाह गृह को चालू किया जाए।अतिक्रमण मुक्त कराने में सिविल सोसायटी दुमका ने उपायुक्त को साधुवाद दिया किंतु कहीं तोड़ो और कहीं छोड़ों पर असंतोष व्यक्त किया। वीर कुंवर सिंह चौक पर सब्जी बेचने वाली महिलाओं को चौक से हटाकर मंदिर तरफ बिठाया गया था किंतु दो ही दिन में जहां थे वहीं आ गए ।

इस पर सिविल व सोसायटी ने इन सभी महिलाओं को सराय रोड में स्थाई तौर पर जगह आवंटित करने का निवेदन किया है ताकि इन गरीब महिलाओं को व्यापार के लिए जगह मिल जाएगा और सराय में अवैध अतिक्रमण कर ईंट और गिट्टी का कारोबार कर रहे लोगों से निजात मिलेगा। कार्यपालक पदाधिकारी शुतांशु खालको के द्वारा निविदा की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी संवेदक के मिलीभगत से पेयजल आपूर्ति योजना चलवाने के साथ



अन्य कई ऐसे योजना जिसमें इनको सीधे सीधे लाभ होगा उन पर कार्य किया जा रहा सिवाय नगर परिषद क्षेत्र की जनसमस्याओं को छोड़कर। एक भी वार्ड बिना गंदगी का नहीं है,लेकिन बिजली के खम्भों पर राइस लगाकर प्रकाशमय किया जा रहा है। कार्य सही है किंतु जिस दिन यह कार्य शुरुआत की गई उसी दिन के बाद केंद्रीय कारा के गेट से शिवपहाड़ चौक तक में लगभग 30 बिजली खंबे में लगाए गए लाइट दम तोड़ चुके हैं ये सही नहीं हैं।प्रतिनिधि मंडल में सिविल सोसाइटी दुमका के अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा,उपाध्यक्ष प्रेम केसरी,सचिव संदीप कुमार जय बमबम,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण साह,रामाकांत साह,मनोज कुमार भालोटीया शामिल थे।

# धनबाद स्टेशन के साथ-साथ धनबाद-गोमो रेलखंड में चलाया गया मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान





धनबाद, धनबाद रेल मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत आज 7 बजे से 11 बजे तक धनबाद रेलवे मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में धनबाद स्टेशन के साथ-साथ धनबाद-गोमो रेलखंड में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप 75 यात्रियों को पकड़ा गया । जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे | इस दौरान उनसे 26,152 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई | धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा | टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई । धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने की बात कही उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के पत्रकार को मोहम्मद इकबाल,वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी ।

# एशियन हॉस्पिटल में बायोप्सी व नवीनतम पद्धति से किडनी रोगियों का हो रहा सफलतापूर्वक इलाज : डॉ. अफताब अंसारी

### भारी भरकम फीस देने की जरूरत नहीं,यहां 700 रूपये में हो रहा है किडनी का डायलिसिस,जल्द मिलेगी प्रत्यारोपण की सुविधा, डॉ. सी राजन

धनबाद, 200 से भी अधिक किडनी बायोप्सी कर चुके और 700 से अधिक किडनी रोगियों को स्वस्थ कर चुके एशियन हॉस्पिटल के अनुभवी किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ, आफताब अंसारी ने एशियन हॉस्पिटल में सभागार में शुक्रवार को आयोजित किडनी की बीमारियों के नविनतम इलाज की चर्चा सत्र बैठक के दौरान बताया की अबतक किडनी का इलाज लोग रांची,कोलकाता जैसे बड़े शहरों में अधिक खर्च देकर करा रहे थे। अब किडनी बायोप्सी एवं अन्य नविनतम चिकित्सा प्रक्रियाओं से किडनी का इलाज मरीज़ सुलभ रूप से करा रहे हैं। मरीज के ईएसकेडी यानी एन्ड स्टेज ऑफ़ किडनी स्थिति में किडनी का प्रत्यारोपण इलाज भी लिविंग किडनी डोनर और डिजीस्ड किडनी डोनर के द्वारा कानूनी नियमों के अनुसार हमारे मुख्य हॉस्पिटल फरीदाबाद के एशियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज एशियन हॉस्पिटल में विशेषज्ञ डॉक्टर के द्वारा हो रहा है। जिससे हजारों किडनी के मरीज लाभान्वित हुए हैं। धनबाद एशियन हॉस्पिटल सेंटर में भी किडनी ट्रांसप्लांट प्रत्यारोपण इलाज की तैयारियां चल रही है । जिससे बहुत शीघ्र ही यहां धनबाद एवं आसपास के ज़िलों के किडनी रोगियों को किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा मिलेगी। उन्होंने आगे हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार, आर एन चौरसिया को बताया की किडनी बायोप्सी इलाज एक ऐसी पद्धति है, जिससे किडनी की बीमारी का सटीक इलाज होता है। जिसमें किडनी के फेल होने के कारणों का पता अल्ट्रासोनिक गाइडेड उपकरण के द्वारा लगाया जाता है । इसमें अल्ट्रासाउंड करते हुए नीडल के माध्यम से किडनी बायोप्सी गन से किडनी से एक छोटी टिश्यू लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रमाणित प्रख्यात लैबोरेट्रीज में भेजते हैं । जहां लैब के रिपोर्ट के अनुसार उनका त्वरित इलाज एशियन हॉस्पिटल में शुरू हो जाता है । इसी आधार पर मरीज को डायलिसिस पर जाने से बचाया जा सकता है। डॉ. आफताब अंसारी ने बताया भारत में क्रॉनिक किडनी बीमारियों की समस्या 50 फ़ीसदी मामले मधुमेह और 40 फ़ीसदी मामले उच्च रक्तचाप के कारण होते हैं। यह समस्या तब और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब लोग नहीं जानते कि उनको सही परामर्श के लिए कहां जाना चाहिए।उन्होंने आगे बताया कुछ दिन पूर्व ही धनबाद के निरसा प्रखंड के मोइनुद्दीन अंसारी नामक मरीज का किडनी के किडनी समस्या का लेटेस्ट तकनीक से ज़ाच-चिकित्सा किया गया और उसे डायलिसिस से मुक्त रखा गया और रिपोर्ट के अनुसार दवा दिया गया। फलस्वरूप अब वे स्वस्थ हैं और अपनी सामान्य दिनचर्या कर सुलभ जिंदगी जी रहे हैं।उन्होंने बताया किडनी बायोप्सी में करीब 10 दिनों बाद रिपोर्ट के आधार पर फाइनल ट्रीटमेंट शुरू कर दवा दिया जाता है।गंभीर मामले में मरीज को कुछ दिन के अंतराल पर बुलाया जाता है अन्यथा प्रिसक्राइब की गई दवा का कोर्स कंप्लीट करने के बाद ही बुलाया जाता हैं। किडनी बीमारियों की कुछ स्थिति में यूरोलॉजिस्ट से जांच की भी जरूरत पड सकती है । इसके लिए हॉस्पिटल में यूरोलॉजिस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर श्रवण उपलब्ध है। किडनी के इलाज चर्चा सत्र में उपस्थित एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड डॉ. सी. राजन ने बताया कि हॉस्पिटल में डायलिसिस का फीस 13 सौ रुपए है, लेकिन अब मरीज से कूल 700 रूपये फीस लिया जा रहा है, जो धनबाद एवं आसपास जिलों के अस्पताल के फीस से सबसे कम है ।अस्पताल में वर्तमान में 18 डायलिसिस यूनिट है। जिसमें हर महीने करीब 12 सौ लोगों का डायलिसिस किया जा रहा है।



## संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से झूलता मिला युवक - युवती का शव

### जांच में जुटी पुलिस, प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने की आशंका

गिरिडीह : जिले के पीरटांड़ के हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको में एक पेड़ पर युवक और युवती का शव झूलता मिला है। पेड़ पे शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई. वहीं दोनों शवों को देखने के लिए ग्रामीणों की काफी संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीणों को पेड़ पर एक युवक और युवती का शव नजर आया। इसके बाद उन्होंने उसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ उमड़ी और इस दौरान युवक का पहचान गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पचरुखी निवासी चंदोलाल हांसदा का 25 वर्षीय पुत्र इमामुल हांसदा के रूप में किया गया। वहीं युवती की पहचान हरलाडीह ओपी क्षेत्र के ग्राम कुंडको स्थित कुलखी टोला निवासी स्व. गोबिंद हांसदा की पुत्री रानी कुमारी के रूप में किया गया। बताया गया कि रानी कुमारी विवाहित थी और उनका मायके कुलखी टोला में है, जबकि ससुराल खेदवारा में है। बताया गया कि घटना की सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई। घटना को लेकर अंदेशा लगाया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम प्रसंग के कारण किसी प्रकार का दबाव में आकर आत्महत्या किया है, जबकि पुलिस मामले को लेकर हत्या और आत्महत्या सहित विभिन्न दृष्टिकोण से घटना की जांच कर रही है।

# लोयाबाद और जोगता थाना में पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से मुहर्रम को लेकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च की गई







### इलाके में शांति भंग करने की अगर किसी ने भी कोशिश कि तो वैसे असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी

लोयाबाद।लोयाबाद और जोगता पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शुक्रवार को मुहर्रम को लेकर क्षेत्र में फ्लैग मार्च की गई।फ्लैग मार्च लोयाबाद, बांसजोड़ा, एकड़ा, सेन्द्रा, कनकनी, लोयाबाद बीस नंबर आदि पुरे क्षेत्र का भ्रमण कर जोगता की तरफ प्रस्थान कर गई। फ्लैग मार्च के नेतृत्व कर रहे लोयाबाद थाना प्रभारी पिंकू प्रसाद ने कहा कि मुहर्रम पर्व लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों के साथ फ्लैग मार्च निकालकर स्थानीय लोगों में सुरक्षा का एहसास दिलाया जा रहा है। उन्होंने अपील किये कि किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इस बात का खास ख्याल रखा जाए।कहा कि इलाके में शांति भंग करने की अगर किसी ने भी कोशिश कि तो वैसे असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। जोगता प्रभारी पवन कुमार सिंह ने सभी से आपसी भाईचारा,सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील किया।कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया। फ्लैग मार्च में एसआई रोहित कुमार महतो,एएसआई मिन्हाज खान,अवधेश सिंह,बिनोद पासवान, सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## पुलिस महानिरीक्षक दुमका प्रक्षेत्र शैलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन



### नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक कोटि के बैच लगाकर दी गई बधाई व शुभकामनाएं

दुमकाःपुलिस अधीक्षक कार्यालय दुमका में पुलिस महानिरीक्षक दुमका प्रक्षेत्र, शैलेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव प्रोन्नत पुलिस उपाधीक्षक श्यामानंद मंडल, पुलिस उपाधीक्षक हरी प्रसाद शाह एवं पुलिस उपाधीक्षक समीर उरांव को पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक दुमका पीतांबर सिंह खेरवार ने उक्त तीनों पुलिस उपाधीक्षकों को पुलिस उपाधीक्षक कोटि के बैच लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## थर्ड एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप में पदक जीतना चाहती है वान्या

नई दिल्ली (ईएमएस)। वह 3 सितंबर को मलेशिया में होने वाजी थर्ड एशिया पैसिफिक योग चैंपियनशिप में सात साल की वान्या शर्मा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। वान्या का लक्ष्य इसमें पदक जीतना है। थर्ड एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप में भारत, थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया, सिंगापुर, वियतनाम, नेपाल सहित 11 देश हिस्सा लेंगे। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करने वाजी वान्या दो साल की छोटी उम्र से योग का अभ्यास कर रही हैं। अब वह सात साल की उम्र में योग में प्रशिक्षिक हो गई हैं। वह खुद भी योग करती हैं और लोगों को भी सिखाती हैं। वान्या का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड सहित कई जगह शामिल है। आगामी चैंपियनशिप के लिए वान्या जमकर तैयारी में लगी हुई हैं। इसमें परिवार भी उनकी सहायता कर रहा है। वान्या ने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं नए-नए आसनों की तैयारी कर रही हूं।

# आईएसएम में डिजिटल टेक्नोलॉजी और विकसित भारत पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की हुई शुरुआत








धनबाद, आईआईटी, आईएसएम, धनबाद के मैनेजमेंट स्टडीज और इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "डिजिटल टेक्नोलॉजीज फॉर बिजनेस एक्सीलेंस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड क्रिएटिंग विकसित भारत @2047 (ICDTBESDVB 2025)" का शुभारंभ 4 जुलाई को संस्थान परिसर स्थित टेक्समिन स्मार्ट क्लासरूम में प्री-कॉन्फ्रेंस वर्कशॉप और उद्घाटन सत्र के साथ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक और सहायक प्रोफेसर प्रो. रश्मि सिंह के द्वारा की गई। निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि बदलती डिजिटल तकनीकों के साथ खुद को अपडेट रखना आज के समय की ज़रूरत है। उन्होंने डिजिटल युग के विकास क्रम की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि कैसे फज़ी लॉजिक और फिर ए आई और एमएल तक पहुंचने में तकनीकी सफर अहम रहा है।

मुख्य अतिथि के तौर पर बीसीसीएल के डायरेक्टर एच आर, मुरली कृष्णा रामैया ने कहा कि ए आई भले ही तेजी से आगे बढ़ रहा हो, लेकिन यह इंसानी सोच और समझ की बराबरी नहीं कर सकता। उन्होंने अपने 36 साल के एच आर अनुभव का जिक्र करते हुए कहा, अगर प्रक्रिया सही हो तो परिणाम भी अच्छा ही होगा।

गणमान्य अतिथि प्रो. बी.के. दास, गणित विभाग ने विभाग की इस पहल की सराहना की और ऐसे आयोजनों के लिए सही दस्तावेजीकरण की अहमियत बताई। वर्कशॉप के दौरान कई महत्वपूर्ण सत्र योजित किए गए।

साथ ही प्रो. बी.के. दास ने शैक्षणिक शोध की विभिन्न चुनौतियाँ और पहलू विषय पर व्याख्यान दिया।

डॉ.कोंगा गोपिकृष्णा डी एस टी और डॉ. प्रह्लाद राम, ए एन आर एफ ने युवा वैज्ञानिकों और शिक्षकों के लिए रिसर्च के अवसर, विषय पर साझा सत्र लिया।

जिसमें उन्होंने रिसर्च फंडिंग और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

प्रो. एस.के. मिश्रा, बीएचयू ने नीति निर्धारण में गणित की भूमिका पर व्याख्यान दिया।

प्रो. वी.बी. सिंह, जेएनयू ने जब जेनेरेटिव ए आई मिले सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग से विषय पर जानकारी साझा की।

ज्ञात हो की दिन का समापन ब्लूमबर्ग की मैनेजर, युगास्था सक्सेना द्वारा विशेष सत्र और लाइव ब्लूमबर्ग प्रोडक्ट डेमो के साथ हुआ। जिसमें उन्होंने आधुनिक फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी टूल्स की विस्तृत जानकारी दी।

# मुहर्रम को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च, शांति का दिया संदेश



धनबाद, आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था की दृढ़ स्थापना के उद्देश्य से वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार धनबाद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च का संचालन शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, संवेदनशील चौक-चौराहों एवं मुहर्रम जुलूस मार्गों पर किया गया। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना का संचार करना, असामाजिक तत्वों में विधिक भय स्थापित करना एवं शांति-व्यवस्था के प्रति पुलिस प्रशासन की तत्परता को प्रदर्शित करना था।

प्रशासनिक दृष्टिकोण से फ्लैग मार्च एक प्रभावी निवारक उपाय है, जो संभावित विधि-व्यवस्था से संबंधित स्थितियों को पूर्व में ही नियंत्रित करने के लिए सहायक सिद्ध होता है। यह नागरिकों में विश्वास उत्पन्न करता है तथा आपसी समरसता को बल प्रदान करता है।

धनबाद पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं परंपरागत सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## बेलगड़िया टाउनशिप में आवंटित मकानों के परिवारों को मकान के लीज देने के उद्देश्य से उपायुक्त ने की बैठक



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) के तहत बलियापुर टाउनशिप में आवंटित मकानों को लेकर समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान बेलगड़िया टाउनशिप में आवंटित हो चुके मकान में रह रहे परिवारों तथा आवंटित होने वाले मकानों को मकान के लीज पट्टे देने हेतु बीसीसीएल के जीएम स्टेट, जीएम झरिया मास्टर प्लान, सब रजिस्ट्रार एवं जेआरडीए की टीम के साथ चर्चा की गई। इस संबंध में उपायुक्त ने बीसीसीएल, जेआरडीए एवं सब रजिस्ट्रार को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सही प्लान एवं प्रक्रिया बनाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर बीसीसीएल के जीएम स्टेट, जीएम झरिया मास्टर प्लान, सब रजिस्ट्रार एवं जेआरडीए की टीम मौजूद थी ।

## मुहर्रम के अवसर पर 6 जुलाई की सुबह 6 बजे से 7 जुलाई की सुबह 6 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

**7 जोनल दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति,**

**2311217, 2311807, 112, 118 व 100 है जिला नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर**

धनबाद, मुहर्रम को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार तथा प्रभारी एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है।

सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी मौजूद रहेगी।ज्ञात हो की मुहर्रम के अवसर पर 6 जुलाई की सुबह 6 बजे से 7 जुलाई की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे।

जबकि डीएसपी सीसीआर, सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 2311807, 112, 118 व 100 है। धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धर्माबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।मुहर्रम के अवसर पर पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। वहीं जिले के धार्मिक स्थलों व संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी रखी जाएगी। संयुक्त आदेश में पेयजल आपूर्ति, साफ सफाई, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं।

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था की स्थिति पर सतत निगरानी रखेंगे। सभी पदाधिकारी, सुपरवाइजर एवं कर्मी को मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा प्रशासनिक आदेश का अनुपालन करने के लिए उपलब्ध रहने का भी निर्देश दिया है।





# उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**निष्पादन हेतु दिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश,**



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में तालाब मरम्मती कराने, बीमा एजेंट द्वारा गलत जानकारी देने, अबुवा आवास, प्रधनमंत्री आवास निर्माण कराने, मुआवजा राशि, दुर्घटना बीमा देने, आर्म्स लाइसेंस, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, कार्य करने के बाद भुगतान नही करने के संबंध में, मिनी थिएटर के लाइसेंस निर्गत करने, पारिवारिक लाभ दिलाने, जाति, आवासीय, एवं आय प्रमाण बनाने, बंद खाता को चालू करने, आंगनवाड़ी सहायिका पद पर चयन करने, पोषण सखी के मानदेय भुगतान करने समेत कई विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए।उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन नियमानुसार आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## बलियापुर में पत्थर लदा पांच हाईवा जब्त



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अंचल अधिकारी बलियापुर श्री प्रवीण कुमार सिंह ने कल देर रात्रि बलियापुर के दूधिया मोड़ के पास से पांच पत्थर लदे हाईवा को जप्त किया गया है। हाईवा जप्त करने के बाद अंचल अधिकारी, प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा धनबाद जिले के जिला परिवहन पदाधिकारी को फोन कर सूचित किया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर चंद्र द्विवेदी रात्रि को बलियापुर आकर पांचो हाईवा का सीजर कराकर थाना को सुपुर्द किया है।

सभी वाहनों के कागजात एवं उस पर लदे खनिज की वैधता की जांच की जा रही है। साथ हीं संबंधित पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

## 64 वां सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता

### तीनों वर्ग के बीच सेमीफाइनल मैच का हुआ आयोजन





धनबाद, बिरसा मुंडा स्टेडियम में आज दूसरे दिन 64वां अंतर्राष्ट्रीय सुब्रतो कप फुटबॉल मैच के जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 17 बालक एवं अंडर 15 बालक तथा अंडर 17 बालिका वर्ग के बीच सेमीफाइनल मैच का आयोजन किया गया। शनिवार को सभी वर्गों के फाइनल मैच का आयोजन होगा।इसमें तीनों समूह में फाइनल जीतने वाली टीम को राज्य स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा।

आज जिला शिक्षा अधीक्षक, आयुष कुमार ने सेमीफाइनल खेलने वाली टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

वहीं उदय मिश्रा, सुरेश किस्कू, धनपति, सूदन कुमार, तापस कुमार तथा संतोष कुमार निर्णायक की भूमिका में उपस्थित थे।

मौके पर वरिष्ठ शिक्षक, हरेंद्र गुप्ता, विभिन्न विद्यालयों के खेल शिक्षक, बड़ी संख्या में अभिभावक, झारखंड शिक्षा परियोजना धनबाद के एपीओ, अशोक कुमार पाण्डेय, शंभूनाथ मिश्रा, दिलीप कुमार, राजू साव सहित विभिन्न प्रखंडों के बीपीओ मौजूद थे।

## गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल बोकारो के पूर्व छात्र, आदित्य रंजन बने धनबाद के नए उपायुक्त, विद्यार्थियों के लिए बने प्रेरणा के स्रोत



धनबाद, नवनियुक्त उपायुक्त, आदित्य रंजन का स्वागत करने के लिए शुक्रवार को गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल धनबाद के प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर तथा जीजीपीएस बोकारो के वरिष्ठ पीजीटी फिजिक्स शिक्षक, अरविंद प्रसाद सिंह तथा धनंजय कुमार सिंह, पीजीटी कंप्यूटर, उनके कार्यालय पहुंचे I उन्होंने पुष्प गुच्छो के साथ डीसी धनबाद का स्वागत तथा अभिनंदन किया I ज्ञात हो की यह बड़े गर्व का विषय है कि आदित्य रंजन गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल बोकारो के पूर्व छात्र रहे हैं I जीजीईएस के अध्यक्ष, तरसेम सिंह तथा सचिव, एस पी सिंह ने इस उपलब्धि को गौरवान्वित करने वाला क्षण कहा I सभी ने नए उपायुक्त, आदित्य रंजन को बधाई संदेश भेजें I समस्त जीजीपीएस परिवार गर्व महसूस कर रहा है और सभी ने उन्हें और उनके परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई संदेश दिए I

## संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न, 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने की बनी रणनीति



बाघमारा, (धनबाद), बरोरा क्षेत्र एवं ब्लॉक-2 क्षेत्र के संयुक्त ट्रेड यूनियन मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक बीसीसीएल आतिथ्य भवन डुमरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता, जे.के. झा ने की, जबकि संचालन गोपाल चंद्र गोप ने किया। इस बैठक में आगामी 9 जुलाई 2025 को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।बैठक में वक्ताओं ने एक स्वर में केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित नए श्रम संहिता, लेबर कोड का विरोध करते हुए कहा कि यह कोल इंडिया सहित समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के श्रमिकों के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि सरकार मजदूरों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में इस आम हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।बैठक में प्रमुख रूप से गोपाल मिश्रा, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं सीसीसी सदस्य, बीसीसीएल, लग्न देव यादव, संतोष चंद्र गोराई, संजय चौबे, मंगल हेंब्रम, दयाल महतो, एन.डी. पाण्डेय, बैजनाथ यादव, मुकुटधारी गोराई, अनिल बाउरी, देवानंद राजभर, मनोज कुमार मोदी, प्रताप रवानी, मनोज साव, धनंजय महतो, राजीव प्रसाद महतो, अरुण कुमार डे, सुरेंद्र यादव, बलराम महतो, उमाकांत राय, परमेश्वर रविदास, ए.के. सिंह, कृष्णा बाउरी एवं गणेश सिंह सहित कई अन्य श्रमिक नेता एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सेन्द्रा टोला में हालात इतने बदतर हैं कि, वहां इंसानों का रहना भी किसी त्रासदी से कम नहीं है

**खासतौर पर मकान इस कदर जर्जर हो चुका है कि किसी भी वक्त जानलेवा हादसा हो सकता है**

**मकान के भीतर बारिश का पानी भर गया है और चारों ओर कीचड़ और गंदगी फैली हुई है**






लोयाबाद।लोयाबाद के वार्ड संख्या सात स्थित सेन्द्रा टोला में हालात इतने बदतर हैं कि वहां इंसानों का रहना भी किसी त्रासदी से कम नहीं है।यह इलाका मुख्यतः महा दलित परिवारों का है,जहां अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करते हैं। हाल की बारिश ने इन परिवारों की मुसीबतें कई गुना बढ़ा दी हैं।खासतौर पर साधु भुईयां और उनकी वृद्ध मां मालो देवी की स्थिति दिल दहला देने वाली है।उनका मकान इस कदर जर्जर हो चुका है कि किसी भी वक्त जानलेवा हादसा हो सकता है। मकान के भीतर बारिश का पानी भर गया है और चारों ओर कीचड़ व गंदगी फैली हुई है।मालो देवी चलने-फिरने में असमर्थ हैं और उनके बेटे साधु उन्हें सुरक्षित स्थान तक भी नहीं ले जा पा रहे हैं।क्या दलित होना ही हमारा अपराध है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सरकार और प्रशासन महादलित समुदाय की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।अगर ऐसा नहीं होता तो हमें जानवरों जैसी स्थिति में क्यों जीना पड़ता। न योजनाओं का लाभ न किसी तरह की राहत। साधु भुईयां के परिवार के पास सिर्फ़ राशन कार्ड है।प्रधानमंत्री आवास योजना,वृद्धावस्था पेंशन,स्वास्थ्य बीमा और शौचालय योजना जैसी किसी भी सरकारी सुविधा का लाभ इन्हें आज तक नहीं मिला है। जबकि मानसून के इस दौर में जहां अन्य लोग अपने घरों में सुरक्षित हैं, वहीं यह परिवार खुले आसमान के नीचे खतरे में जीने को मजबूर है।प्रशासन से अविलंब मदद की मांग की। स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस परिवार को तुरंत पक्का आवास,पेंशन और अन्य मूलभूत योजनाओं का लाभ दिया जाए। साथ ही इस क्षेत्र के सभी जरूरतमंद महादलित परिवारों की सूची बनाकर उन्हें राहत और पुनर्वास की सुविधा दी जाए। वहीं पुटकी सीओ विकाश आंनद से पूछे जाने पर बताया कि महिला ब्लॉक में आवेदन दे। वृद्धा पेंशन तुरंत चालू होगा।आवास के लिए नगर निगम को पत्राचार करेंगे।निगम क्षेत्र में रहने वालो को पीएम आवास मिलता है।

## मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

चिरकुंडा, (धनबाद), मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार की संध्या निरसा अनुमंडल क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व निरसा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रजत मणिक बाखला ने किया। क्षेत्र के सभी थाना और ओपी के पुलिस पदाधिकारी अनुमंडल कार्यालय उपस्थित हुए और क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मैथन, कुमारधुबी, गलफरबाड़ी, चिरकुण्डा होते हुए पंचेत पहुंचा। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीपीओ, कोयलांचल संवाद को बाखला ने बताया कि पूरे निरसा अनुमंडल क्षेत्रो में मोहर्रम पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक हो जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हैं। जिले से अतिरिक्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त किए गए हैं और हर चौक चौराहों पर उसकी तैनाती रहेगी, उन्होंने लोगो से अपील किया की कोई भी सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट ना करें और ना ही उसे फारवर्ड करे। पुलिस हर गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये हुए हैं दोषी पाये जाने व्यक्ति पर कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान निरसा सर्किल इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद, चिरकुंडा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक रामजी राय, चिरकुंडा सर्किल इंस्पेक्टर फागू होरो, गलफरबाड़ी ओपी प्रभारी दीपक दास, पंचेत ओपी प्रभारी प्रभात राय, कालूबथान ओपी प्रभारी नीतीश मिश्रा,एमपीएल ओपी प्रभारी सुमन कुमारी एवं पुलिस बल मौजूद थे ।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।